तापमान अधिकतम :23°C न्यूनतम: 07°C
सेंसेक्स 75,311.06 निफ्टी 22,795.90
सोना 89,140 चांदी 100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शनिवार 22 फरवरी 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 22 अंक 328 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2081 23 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## गुजराती काश पटेल बने अमेरिकी एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## कोहली ने की कैच पकड़ने में अजहर के रिकॉर्ड की बराबरी

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### उत्तराखंड में नया भू-कानून बजट सत्र में हुआ पारित

# नया भू-कानून राज्य में भू सुधार के लिए प्रयास : धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- राज्य की भूमि को भू माफियाओं से बचाने और दुरुपयोग रोकने की कोशिश
- राज्य में अलग-अलग जिलों की परिस्थितियां भी भिन्न-भिन्न प्रकार की हैं

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को नया भू-कानून बिल पास कर दिया गया है।

नए भू-कानून पर चर्चा के दौरान शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और डेमोग्राफिक स्थिति, अवैध कब्जों और भू माफियाओं पर अंकुश की आवश्यकता को देखते हुए सशक्त भू कानून लाया जा रहा है। राज्य में लाए जा रहे नए भू कानून को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि ये भू कानून एक प्रकार से भू सुधार है और भू प्रबंधन है। ये कोई अंत नहीं है, बल्कि ये शुरुआत है। हम लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास रखने वाले लोग हैं। प्रदेश के बाहर के लोगों द्वारा विभिन्न उद्योगों के नाम पर और स्थानीय लोगों को रोजगार देने के नाम पर अन्य प्रयोजनों के लिए जमीन का उपयोग किया जा रहा था। अब सशक्त भू कानून के बाद ऐसे लोगों को सफलता नहीं मिल पाएगी। राज्य बनने के बाद औद्योगिक निवेश और विकास के लिए पैकेज भी दिया गया, जिसके तहत उद्योगों का विकास हुआ इसलिए हम ये भी चाहते हैं कि औद्योगिक विकास भी न रुके और साथ ही राज्य की भूमि का सदुपयोग भी हो। इसके लिए भू-कानून में भू प्रबंधन का ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 3461.77 एकड़ वन भूमि को कब्जा हटाने का काम हुआ है। राज्य के -शेष पृष्ठ दो पर

# 2029 तक यूपी बनेगा एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था: सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा सदस्य रागिनी के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री का दावा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि वर्ष 2029 तक उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के अपने लक्ष्य को हासिल कर लेगा।

श्री योगी ने विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा सदस्य रागिनी सोनकर के एक सवाल के जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये थी, जो इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। प्रदेश सरकार 2029 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं, भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है।

# विकसित भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व जरूरी

## पीएम ने भारत मंडपम में 'सोल' लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का किया उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

> कहा राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए देश के हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में दिन-रात काम करने के लिए उत्तम से उत्तम नेतृत्व की जरूरत है, जो वैश्विक सोच और स्थानीय विकास के विचार पर चले। पीएम मोदी ने शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (सोल) लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। उनके साथ भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी मौजूद थे।



पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ आयोजन ऐसे होते हैं, तो हृदय के बहुत करीब होते हैं और आज का ये कार्यक्रम सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव भी ऐसा ही आयोजन है। राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण। उन्होंने कहा कि यदि जन से जगत तक किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करना है, तो आरंभ जन से ही शुरू होता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन लीडर्स का विकास बहुत जरूरी है और समय की मांग है। इसलिए सोल की स्थापना 'विकसित भारत' की विकास यात्रा में एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत को गुलामी से बाहर निकालकर भारत को परिवर्तित करना चाहते थे और उनका विश्वास था कि अगर सौ लीडर उनके पास हों, तो वह भारत को आजादी ही नहीं, बल्कि दुनिया का नंबर वन देश बना सकते हैं। इसी मंत्र को लेकर हम सबको आगे बढ़ना है। आज हर भारतीय, 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए दिन-रात काम कर रहा है। ऐसे में 140 करोड़ के देश में भी हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में हमें उत्तम से उत्तम लीडरशिप की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के लिए हमारी लड़ाई से बेहतर साझा उद्देश्य का कोई उदाहरण नहीं हो सकता, आज हमें स्वतंत्रता की भावना को पुनर्जीवित करना होगा और इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना होगा, यदि आप स्वयं को विकसित करते हैं, तो आप व्यक्तिगत सफलता का अनुभव कर सकते हैं। यदि आप एक टीम विकसित करते हैं, तो आपका संगठन विकास का अनुभव कर सकता है और यदि आप नेताओं को विकसित करते हैं, तो आपका संगठन बहुत तेजगति से प्रभावी विकास कर सकता है।

### भागलपुर से किसान सम्मान निधि का वितरण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी कर 22000 करोड़ रुपये की राशि का वितरण करेंगे। श्री चौहान ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि भागलपुर में 24 फरवरी को देशव्यापी किसान सम्मान समारोह आयोजित होगा। प्रधानमंत्री मोदी मुख्य अतिथि होंगे। श्री चौहान ने कहा कि किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि किसानों को सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी मामले में आदेश वापस लिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

> पुलिस से पूछा- क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना एक आदेश वापस ले लिया, जिसमें पुलिस से गैंगस्टर एक्ट के तहत एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ जांच 10 दिनों के भीतर पूरी करने को कहा गया था।

कोर्ट ने इसकी बजाय यह जानना चाहा कि क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है? जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 6 मार्च को तय की। आदेश वापस लेने का वाकया तब हुआ, जब अब्बास अंसारी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है और यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य ने मामले में गलत हलफनामा दाखिल किया है और अब्बास अंसारी के खिलाफ कुछ भी लंबित नहीं है। यूपी सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि उन्हें मामले पर और स्पष्टीकरण की जरूरत है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस को गैंगस्टर अधिनियम के तहत विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ एक मामले में 10 दिनों के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश दिया था।

### छत्तीसगढ़ को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नागरिक पूर्ति निगम (एनएएन) घोटाले में पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा की अग्रिम जमानत की मांग वाली उनकी याचिका पर शुक्रवार को छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने छत्तीसगढ़ सरकार के अधिवक्ता का यह बयान दर्ज किया कि अदालत के अगले आदेश तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### एक करोड़ की ड्रग्स के साथ लेडी डॉन जोया अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टर हाशिम बाबा की तीसरी पत्नी जोया खान को 270 ग्राम ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया, जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब एक करोड़ रुपये है। जोया को पुलिस ने 20 फरवरी को नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के वेलकम इलाके से गिरफ्तार किया। जोया खान का नाम लंबे समय से पुलिस की निगरानी लिस्ट में था, लेकिन वह हर बार बच निकलती थी। 33 साल की जोया को अपने पति के गैंग को संभालने और कानून से बचने में माहिर माना जाता था। पुलिस को लंबे वक्त से शक था कि वह अपराधों में शामिल है, लेकिन पुख्ता सबूत न मिलने के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई थी। इस बार दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। हाशिम बाबा पर हत्या उगाही और हथियार तस्करी के दर्जनों मामले दर्ज हैं।

### नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ के वीडियो हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में अब तक जांच रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन रेलवे ने एक फरमान जरूर जारी किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नोटिस जारी कर 288 वीडियोज लिंक हटाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने 17 फरवरी को यह नोटिस भेजा था और एक्स को 36 घंटे में घटना से जुड़े सभी वीडियो लिंक हटाने का निर्देश दिया था।

### सोनिया गांधी को मिली अस्पताल से छुट्टी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष तथा पार्टी की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को एक दिन तक डॉक्टरों की देख रेख में रखने के बाद शुक्रवार को यहां गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिल गई। श्रीमती गांधी को गुरुवार सुबह पेट दर्द के बाद यहां सर गंगा राम अस्पताल से नियमित चेकिंग के लिए ले जाया गया, जहां पेट से जुड़ी समस्या के कारण उन्हें भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार श्रीमती गांधी की गुरुवार सुबह नियमित जांच की गई, लेकिन पेट में मामूली संक्रमण होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कर दिया और शुक्रवार सुबह छुट्टी दे दी गई।

### सज्जन कुमार की सजा पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। पीड़ित पक्ष ने सज्जन कुमार के लिए मौत की सजा की मांग की है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 12 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी ठहराया था। उन पर 1984 में दंगों के दौरान सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उसके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या का दोषी पाया।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता एक्शन मोड में, लिए 5 बड़े फैसले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के एक दिन बाद रेखा गुप्ता ने पूर्व सीएम आतिशी और उनके मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को हटा दिया है।



इसके अलावा आतिशी सरकार ने जिन अधिकारियों के कर्मचारियों को दूसरी जगह -शेष पृष्ठ दो पर

1. आतिशी व पूर्व मंत्रियों का पर्सनल स्टाफ हटाया
2. मोहल्ला क्लीनिकों की होगी जांच
3. दिल्ली में लागू होगी आयुष्मान भारत योजना
4. कैग की रिपोर्ट होगी पेश
5. महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा जारी रहेगी

**अरविंदर लवली प्रोटेम स्पीकर होंगे**

# ईडी ने बीबीसी इंडिया पर 3.44 करोड़ का लगाया जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

- एफडीआई नियमों के उल्लंघन का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर 3.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। ईडी ने इसके तीन डायरेक्टर्स पर भी 1.14 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। यह आदेश भारतीय विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत दिया गया।

एक रिपोर्ट के अनुसार, बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया, 100 प्रतिशत एफडीआई वाली कंपनी है। बीबीसी डिजिटल न्यूज मीडिया है, लेकिन कंपनी ने एफडीआई को 100 प्रतिशत बनाए रखा। जबकि सरकार द्वारा 2019 में जारी आदेश के तहत डिजिटल मीडिया में एफडीआई की सीमा 26 प्रतिशत निर्धारित की गई थी, जिसे कंपनी ने नजरअंदाज किया। ईडी ने 4 अगस्त 2023 को बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया, इसके तीन डायरेक्टर और वित्त प्रमुख को एक शो-काज नोटिस जारी किया था। बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर कुल जुर्माना 3 करोड़ 44 लाख 48 हजार 850 रुपये का लगाया गया है। इसके अलावा, फेमा 1999 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए 15 अक्टूबर 2021 के बाद हर दिन के लिए 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है, दिल्ली के केजी मार्ग स्थित इस इमारत में बीबीसी का ऑफिस है। यहीं पांचवें और छठे फ्लोर पर आईटी ने रेड की थी।

## भारत-पाक सीजफायर बनाए रखने पर सहमत

**जम्मू।** भारत और पाकिस्तान ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के चक्कन-दा-बाग क्रॉसिंग प्वाइंट पर आयोजित ब्रिगेडियर-स्तरीय फ्लैग मीटिंग में सीमा पर शांति के लिए नए सिरे से संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमत हुए हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि हाल ही में सीमा तनाव के मद्देनजर शुक्रवार सुबह भारत और पाकिस्तान के बीच ब्रिगेडियर- स्तरीय फ्लैग मीटिंग हुई। उन्होंने कहा कि बैठक बहुत सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और एक घंटे से अधिक समय तक चली। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष सीमा पर शांतिपूर्ण माहौल के लिए 25 फरवरी, 2021 को नए सिरे से किए गए संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमत हुए हैं। इस वर्ष पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का कई बार उल्लंघन हुआ है।

# हमारे आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भारतीय चुनाव में यूएस फंडिंग वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बयान पर बोला विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर बयान दिया है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएस गतिविधियों और फंडिंग के बारे में जानकारी दी गई।

यह बेहद परेशान करने वाली है। भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। अधिकारी इस पर गौर कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर अपडेट दे पाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डालर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस बारे में कि क्या सार्क पर चर्चा हुई या नहीं। जब विदेश मंत्री ने मस्कट में बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से मुलाकात की थी, तब यह मामला बांग्लादेश की ओर से विदेश मामलों की बैठक में उठाया गया था। दक्षिण एशिया में हर कोई जानता है कि कौन सा देश और कौन सी गतिविधियां सार्क को बाधित करने के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश को आतंकवाद को सामान्य नहीं बनाना चाहिए।

## चीन के साथ संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति: एस.जयशंकर



**जोहान्सबर्ग/नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को चीन के विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात करके सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति का प्रबंधन, कैलाश मानसरोवर यात्रा, उड़ान कनेक्टिविटी और यात्रा सुविधाओं के बारे में चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार डा. जयशंकर ने जी-20 विदेश मंत्री बैठक से इतर हुई इस बैठक में अपने आरंभिक वक्तव्य में कहा कि मुझे खुशी है कि हम शुक्रवार को जोहान्सबर्ग में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर मिल सकते हैं। इस तरह की सभाओं ने हमारी बातचीत के लिए एक अवसर प्रदान किया है, तब भी जब हमारे संबंध एक कठिन चरण से गुजर रहे थे। हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि ध्रुवीकृत वैश्विक स्थिति में, हमारे दोनों देशों ने एक संस्था के रूप में जी 20 को संरक्षित और संरक्षित करने के लिए कड़ी मेहनत की है।

حج عمره و زيارات
IATA बिस्मिल्लाह टूर एण्ड ट्रैवल्स (दधेड़ू वाले) CERTIFIED ISO 9001:2015 COMPANY
हज, उमराह, ज़ियारत
25 अप्रैल 2025 उमरा टूर RS. 75,000/- 20 दिन
फुल रमजान उमरा पैकेज RS.1,20,000/-
मक्का होटल : 650 मीटर जोरत मानसिया और हुसैन मोद्दा सीमीलर
मदीना होटलः 800 मीटर पी०सी० अल मदीना और अल फिरदौस सीमीलर
डाइरेक्ट फ्लाइट
होटल में रहना, खाना व ज़ियारत
मज़ीद जानकारी व बुकिंग के लिए राब्ता करें।
हाजी आलम - 9756508234
एयर टिकट, टूरिस्ट एण्ड बिजनेस वीज़ा के लिए सम्पर्क करें।
मुजफ्फरनगर ऑफिस: निकट सरवट गेट चौराहा, लताफत अली खान मार्किट, रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर 0131-2644200, 7017145399, 8534039577
दिल्ली ऑफिस: 1-एफ, बिल्डिंग सेकण्ड फ्लोर, भरत नगर, न्यू फ्रैन्डस कॉलोनी, नई दिल्ली-110025 011-41251668, 9821106157
E-mail:bismillah786@gmail.com
www.bismillahtourandtravel.com info@bismillahtourandtravels.com

## आशा कार्यकर्ताओं का पारिश्रमिक विडंबना: न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन

नई दिल्ली, वार्ता



■ केन्द्र और राज्य सरकारों से समाधान निकालने को कहा

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन ने आशा कार्यकर्ताओं के पारिश्रमिक में सुधार के मुद्दे को एक 'विडम्बना' बताते हुए कहा है कई बार जो सबसे अधिक योगदान करते हैं उन्हें सबसे कम मिलता है। उन्होंने केंद्र और राज्यों से इसका समाधान निकालने को कहा है।

न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन शुक्रवार को यहां आशा कार्यकर्ताओं के विषय में आयोग द्वारा आयोजित कोर समूह की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं की इस शिकायत का उल्लेख किया कि उनका पारिश्रमिक समाज में उनके योगदान के अनुपात में नहीं है। उन्होंने कहा कि विडंबना यह है कि कई बार जो सबसे अधिक योगदान देते हैं, उन्हें सबसे कम मिलता है, जो हाशिए पर पड़े लोगों की देखभाल करते हैं, वे खुद हाशिए पर चले जाते हैं। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं की कार्य स्थितियों और जीवन स्तर में सुधार के लिए ठोस नीति और कार्यान्वयन योग्य उपाय करने का भी आह्वान किया। आयोग के अध्यक्ष ने देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुधार के लिए पिछले 20 वर्षों में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। इसका विषय था मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशाओं) को सशक्त बनाना: सम्मान के साथ काम करने के अधिकार को सुरक्षित करना। उन्होंने जोर देकर कहा कि आशा कार्यकर्ताओं के योगदान से नवजात और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन ने आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने दिखाया है कि औपचारिक शिक्षा के बिना भी व्यक्तियों को कुशल श्रमिक बनने के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षित लोगों की संख्या बहुत है, लेकिन कुशल श्रमिकों की संख्या कम हो रही है। आशा योजना के माध्यम से इस अंतर को दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और न्यूनतम मजदूरी तय करना राज्य का विषय है।


### राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठें और शिक्षा का राजनीतिकरण न करें स्टालिन: प्रधान



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के रूख की आलोचना करते हुए उनसे शिक्षा का राजनीतिकरण न करने तथा छात्रों के हित में राजनीतिक मतभेदों से उपर उठकर निर्णय लेने को कहा है। प्रधान ने स्टालिन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विरोध किए जाने पर शुक्रवार को एक पत्र लिखकर यह हिदायत दी। केन्द्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह पत्र साझा करते हुए कहा कि किसी राज्य द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अदूरदर्शी दृष्टिकोण से देखना तथा राजनीतिक आख्यानों को बनाए रखने के लिए धमकियों का उपयोग करना अत्यधिक अनुचित है। सरकार विश्व स्तर पर शाश्वत तमिल संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देने तथा लोकप्रिय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मैं विनम्रतापूर्वक अपील करता हूं कि शिक्षा का राजनीतिकरण न करें तथा हमारे छात्रों के सर्वोत्तम हित में राजनीतिक मतभेदों से उपर उठें। प्रधान ने पत्र में लिखा है कि यह जरूरी है कि राज्य सरकार राजनीति से ऊपर उठे और ऐसी नीतियों को प्राथमिकता दे, जो हमारे छात्रों को भविष्य के लिए ज्ञान, कौशल और अवसरों से सशक्त बनाएं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति केवल एक सुधार नहीं है, यह एक परिवर्तनकारी दृष्टि है, जो हमारी भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित और मजबूत करते हुए भारत की शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों तक बढ़ाने का प्रयास करती है।

## डोलाल्ड ट्रम्प ने भारत में अमेरिकी चुनावी फंडिंग को रिश्वतखोरी बताया

न्यूयार्क, वार्ता



■ कहा- मैं परवाह क्यों करूं, हमारी अपनी बहुत परेशानियां, तीन दिन में जारी किया चौथा बयान

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन दिन में चौथी बार भारत में अमेरिकी चुनावी फंडिंग पर सवाल उठाया। उन्होंने बाइडेन प्रशासन की तरफ से भारत को दी गई 182 करोड़ रुपए की फंडिंग को रिश्वतखोरी बताया। ट्रम्प ने कहा कि मैं हैरान हूं, इतना पैसा पाकर भारत क्या सोचता होगा। ये एक किक-बैक स्कीम है। जो लोग ये पैसा भारत को भेज रहे हैं, उसका कुछ हिस्सा लौटकर उन्हीं लोगों के पास आ रहा है।

ट्रम्प ने कहा कि मैं इसकी परवाह क्यों करूं, हमारी अपनी परेशानियां कम नहीं हैं। हमने ये सारी स्कीमें बंद कर दी हैं। अब हम सही रास्ते पर हैं। ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी के स्टेट गवर्नर्स की बैठक में शामिल हुए थे। ट्रम्प अमेरिकी शहर मियामी में सऊदी सरकार की फ्यूचर इंवेस्टमेंट इनिशिएटिव समिट में बोल रहे थे। इससे पहले ट्रम्प ने गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भारत के आम चुनाव में दखल देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि बाइडेन का प्लान भारत में किसी अन्य नेता (नरेंद्र मोदी के अलावा) को चुनाव जिताने का था। उन्होंने कहा कि बाइडेन प्रशासन ने भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 182 करोड़ रुपए का फंड मुहैया कराया। ट्रम्प ने कहा कि ये बड़ा खुलासा है, हम इस बारे में भारत सरकार को बताएंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने वोटर टर्नआउट बढ़ाने के नाम पर भारत को 182 करोड़ रुपये का फंड दिया। अमेरिकी चुनाव में रूस ने सिर्फ दो हजार डालर (1.73 लाख रुपये) का इंटरनेट विज्ञापन दिया तो मुद्दा बना था, जबकि अमेरिका भारत को बड़ी रकम दे रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### गुजराती पटेल यूएस एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल के कश्यप काश पटेल, अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के डायरेक्टर बन गए है। अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को वोटिंग के दौरान उन्हें 51.49 के मामूली बहुमत से पद के लिए चुना गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के अलावा पटेल के विरोध में दो रिपब्लिकन सांसद सुसान कॉलिन्स और लिसा मर्कोव्स्की दोमात्र ने भी वोट किया। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों को इस बात का डर है कि काश पटेल पद संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प के आदेशों का पालन करेंगे और उनके विरोधियों को निशाना बनाएंगे। मंजूरी मिलने के बाद पटेल ने राष्ट्रपति ट्रम्प और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

### अमेरिका से निकाले गए 300 अप्रवासी पनामा में कैद

**पनामा।** अमेरिका ने 300 अवैध अप्रवासियों को डिपोर्ट करके पनामा भेजा है। यहां इन लोगों को एक होटल में हिरासत में रखा गया है। इन अप्रवासियों में भारत के अलावा नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, वियतनाम और ईरान के लोग शामिल हैं। ये लोग अपने देश लौटने को तैयार नहीं हैं। होटल की खिड़कियों से ये लोग मदद की गुहार लगा रहे हैं। कुछ लोग कागजों पर 'हमारी मदद करें' और 'हमें बचाएं' लिखकर खिड़की से दिखा रहे हैं। अमेरिका अवैध अप्रवासियों को उनके देश डिपोर्ट करने के लिए पनामा को पड़ाव के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। इसके लिए पनामा के अलावा ग्वाटेमाला और कोस्टारिका के साथ भी करार किया है।

### वाराणसी में हाईवे पर हादसा, पांच लोगों की मौत

**वाराणसी।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर (भेड़हरा) गांव के समीप नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की सुबह खड़े एक ट्रक में महाकुंभ की तरफ जा रही क्रूजर ओवर टेक करने के दौरान हादसे का शिकार हो गई, जिसमें महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इस घटना में एक महिला का सिर धड़ से अलग हो गया था। इस बाबत 108 एंबुलेंस के प्रभारी कृष्ण देव ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पांच एंबुलेंस मौके पर भेजी गई थी। क्रूजर में कर्नाटक के रहने वाले 11 लोग सवार थे। इसमें पांच लोग की मौत हुई है। मरने वालों में कर्नाटक के संतोष कुमार, सुनीता, गणेश, शिवकुमार सहित अन्य लोग हैं। कार में कुल 13 लोग सवार थे, जिसमें 7 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।

### रेखा गुप्ता, प्रवेश ने की धनखड़ से शिष्टाचार भेंट

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुकवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने यहां यह जानकारी दी। गुप्ता सुबह उपराष्ट्रपति निवास पहुंची और धनखड़ से मुलाकात की। उनके साथ दिल्ली के लोक निर्माण विकास, संसदीय मामले, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, जल और गुरुद्वारा चुनाव मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी थे। सचिवालय ने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है।

## कांग्रेस संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता: राहुल

रायबरेली, वार्ता



■ कांग्रेस नेता ने बीजेपी पर जमकर बोला हमला

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली में युवाओं को संबोधित करते हुए बीजेपी पर जमकर हमला बोला और कहा कि अगर आप रोजगार चाहते हो, तो छोटे व्यापारियों को मजबूत करना होगा। जीएसटी सिस्टम को बदलना होगा, जितनी जीएसटी आप देते हैं उतनी अडाणी देते हैं। मोदी अमेरिका में जाकर कहते है कि मेरा पर्सनल मैटर है।

कांग्रेस नेता और लोकसभा सांसद राहुल गांधी दो दिवसीय रायबरेली के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने युवा संवाद के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उस बैंक का दरवाजा आपके लिए खोलना होगा, जो आज बड़े-बड़े लोगों के लिए हो। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार फेल्योर सरकार है, काम करना आता नहीं, उल्टी सीधी बातें करते रहते हैं। दिल्ली की सरकार फेल सरकार है। इसको हटाइये और कांग्रेस की सरकार लाइए। उन्होंने कहा कि दो हिन्दुस्तान है-एक अडाणी, अंबानी और एक गरीबों का। आपने जो शादी देखी वो उनका नहीं, आपका पैसा है। दो हिंदुस्तान नहीं चाहिए, आपको डरना नहीं चाहिए, सवाल पूछना चाहिए। रोजगार कब पैदा होंगे, बेरोजगारी कब खत्म होगी।

इससे पहले राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकता की। राहुल गांधी से पार्टी कार्यकर्ताओं की मुलाकात उनके संसदीय आवास भुएमऊ में हुई। उन्हें विभिन्न मुद्दों, खासकर दलितों से संबंधित मुद्दों से अवगत कराया गया। रायबरेली में कांग्रेस अनुसूचित जाति विंग के अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम ने मुलाकात के बाद कहा कि समुदाय के 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी से उनके भुएमऊ आवास पर मुलाकात की। गौतम ने बताया कि उन लोगों ने अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित मुद्दों को लेकर बातचीत की।

### आरएसएस-भाजपा को विदेशी एजेंसियों से मिलती है गुप्त सहायता : कांग्रेस

## लोकतंत्र अस्थिर करने को ले रहे मदद

नई दिल्ली, वार्ता



■ देश में संवैधानिक संस्थाओं को किया जा रहा ध्वस्त: पवन खेड़ा
■ पीएम मोदी सुनते रहे ट्रम्प की धमकी

कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी देश में लोकतंत्र को अस्थिर करने और संवैधानिक संस्थाओं को ध्वस्त करने के लिए विदेशी एजेंसियों से गुप्त सहायता ले रहे हैं और इसके सबूत उसके पास हैं।

पार्टी ने कहा है कि मोदी सरकार अमेरिका की सरकारी एजेंसी यूएसएड द्वारा भारत के चुनावों को प्रभावित करने के लिए धन देने के मामले को लेकर इस समय जो प्रचार कर रही है, वह वास्तव में असली मुद्दों को भटकाने की उसकी कोशिश है, क्योंकि खुद सत्ता पक्ष से जुड़े लोग प्रदेश की एजेंसियों से सहायता लेते रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस पहले ही भारत में यूएसएड फंडिंग पर श्वेतपत्र की मांग कर चुकी है, यह स्पष्ट कर दें कि हम वैश्विक भागीदारी विकास एजेंसियों, यूएसएड जैसी सहायता तंत्रों को बेईमान नहीं मानते। खेड़ा ने कहा कि भाजपा ही सबसे पहले 'डीप स्टेट' की कहानी शुरू की और यूएसएड को बदनाम करना शुरू किया था। उन्होंने कहा कि हालांकि हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं कि आरएसएस-भाजपा भारतीय लोकतंत्र को अस्थिर करने और हमारे संविधान को ध्वस्त करने के लिए विदेशी एजेंसियों से गुप्त सहायता ले रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पिछली अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने यहां आयातित सामानों पर 'जवाबी शुल्क' लगाने और ब्रिक्स समूह को खत्म करने की बात कर रहे थे, तो मोदी मुस्कुरा रहे थे। उन्होंने कहा कि इस तरह हमारे प्रधानमंत्री अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकी सुनते रहे और चुपचाप स्वदेश वापस आ गए और अब मोदी सरकार कह रही है कि उसे अस्थिर करने के लिए अमेरिका से धन लिया गया है।

### मोदी की यात्रा के बाद भी नहीं रुक रहा अमेरिका में भारतीयों का अपमान: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के बाद भी वहां भारतीयों का अपमान नहीं रुक रहा है और भारतीय नागरिकों को स्वदेश भेजने की बजाय लैटिन अमेरिकी देशों में भेजा जा रहा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि मोदी अमेरिका के नव नियुक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मित्र बताते हुए उनसे बातचीत कर स्वदेश आ गए हैं, लेकिन उनके लौटने के महज एक सप्ताह बाद वहां से भारतीय नागरिकों को वापस भेजने की बजाय लैटिन अमेरिकी देशों में भेजा जा रहा है।

### दिल्ली में कांग्रेस की बदौलत जीती भाजपा: मायावती



**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवारको कहा कि बसपा पर उंगुली उठाने से पहले उन्हे अपने गिरेबान में झांक कर देख लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा की बी टीम बन कर चुनाव मैदान पर उतरी, जिसके कारण भाजपा को दिल्ली की सत्ता में आने का मौका मिला। इससे पहले रायबरेली के दौरे पर आए गांधी ने बसपा पर प्रहार करते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव में बसपा भाजपा की बी टीम बन कर चुनाव में उतरी।

उन्हें नहीं पता कि बसपा अध्यक्ष ने ऐसा क्यों किया। यदि बसपा अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस का साथ दिया होता, तो भाजपा केंद्र की सत्ता में नहीं आती। गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए सुश्री मायावती ने एक्स पर सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आमचुनाव में इस बार बीजेपी की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहां बीजेपी सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए। अतः इस पार्टी के सर्वेसर्वा राहुल गांधी को किसी भी मामले में दूसरों पर व खासकर बीएसपी की प्रमुख पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में भी जरूर झांक कर देखना चाहिए, तो यह बेहतर होगा। इनको यही सलाह। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बनी नई भाजपा सरकार को यहां चुनाव में खासकर जनहित व विकास सम्बंधी किए गए अपने तमाम वादों को समय से पूरा करने की चुनौती है, वरना आगे चलकर इस पार्टी का भी हाल कहीं कांग्रेस जैसा बुरा ना हो जाए।

## अर्थ व्यापार

## बिकवाली के चलते चौथे दिन भी टूटा बाजार

मुंबई, वार्ता



अमेरिका की संभावित जवाबी टैरिफ और विदेशी निवेशकों की लगातार जारी बिकवाली को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण शुक्रवार को शेयर बाजार में चौथे दिन भी गिरावट का सिलसिला जारी रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 424.90 अंक अर्थात 0.56 प्रतिशत का गोता लगाकर 75,311.06 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 117.25 अंक यानी 0.51 प्रतिशत कमजोर रहकर 22,795.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.18 प्रतिशत लुढ़ककर 40,374.02 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत उतरकर 45,856.00 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4060 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2246 में बिकवाली जबकि 1701 में लिवाली हुई, वहीं 113 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 37 कंपनियों में गिरावट, जबकि 13 में तेजी रही।

बीएसई में धातु की 1.23 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 20 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे ऑटो 2.60, कमोडिटीज 0.01, सीडी 1.49, ऊर्जा 0.86, एफएमसीजी 0.51, वित्तीय सेवाएं 0.45, हेल्थकेयर 1.60, इंडस्ट्रियल्स 0.11, आईटी 0.71, दूरसंचार 1.19, यूटिलिटीज 0.21, बैंकिंग 0.82, कैपिटल गुड्स 0.06, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.87, तेल एवं गैस 1.42, पावर 0.31, रियल्टी 1.33, टेक 0.54, सर्विसेज 0.70 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.84 प्रतिशत लुढ़क गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04, जापान का निक्केई 0.26, हांगकांग का हैंगसेंग 3.99 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.85 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.06 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 123 अंक गिरकर 75,612.61 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,748.72 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से यह लगातार गिरता हुआ दोपहर बाद 75,112.41 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

अंत में पिछले दिवस के 75,735.96 अंक के मुकाबले 0.56 प्रतिशत की गिरावट लेकर 75,311.06 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 56 अंक उतरकर 22,857.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,921.00 अंक के उच्चतम जबकि 22,720.30 अंक के निचले स्तर पर रहा।

### विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 635.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में भारी गिरावट से 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह बाद 2.54 अरब डॉलर लुढ़ककर 635.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 7.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 638.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.52 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 539.6 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.94 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 74.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.9 अरब डॉलर हो गया।

## खाद्य तेलों में टिकाव, मसूर दाल महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से शुक्रवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मसूर दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 33 रिंगिट उतरकर 4849 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.23 सेंट की गिरावट के साथ 47.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मसूर दाल में 50 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7750-7850 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15457 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नया भू-कानून...**

इतिहास में पहली बार हुआ है कि वन भूमि पर इतना बड़ा कब्जे हटाने का अभियान चलाया है। सरकार ने पिछले दिनों अवैध कब्जे हटाने के अभियान में वन भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने का काम किया था, जिससे इकोलॉजी और इकोनॉमी को संरक्षित करने का काम करेगा। देखा गया है कि तमाम लोगों ने जिस प्रयोजन के लिए जमीन खरीदी थी उसका उपयोग उस कार्यों के लिए नहीं किया गया है। राज्य में कृषि एवं औद्योगिक प्रयोजन के लिए भूमि क्रय की अनुमति 11 जनपदों में समाप्त कर दी गई है। केवल हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर में कलेक्टर की बजाए सिर्फ राज्य सरकार के स्तर से ही निर्णय लिया जाएगा। और ये केवल किसी भी व्यक्ति के पक्ष में 12.5 एकड़ के लिए ही अनुमति दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य में आवासीय प्रयोजन के लिए 250 वर्ग मीटर के लिए भी शपथ पत्र देना होगा, शपथ पत्र गलत पाए जाने पर उसको सरकार में निहित कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य में हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जनपद में औद्योगिक निवेश बड़ी मात्रा में है।

**दिल्ली सीएम....**

नियुक्त किया था उन्हें फौरन अपने मूल विभाग में रिपोर्ट करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शुक्रवार दोपहर सचिवालय पहुंची और मंत्रियों-अफसरों के साथ मीटिंग की। इसमें दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को खास तौर पर बुलाया गया था। मीटिंग में खराब सड़कों, पानी और मोहल्ला क्लिनिक को मॉडिफाई करने पर चर्चा हुई। शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने पहली कैबिनेट मीटिंग में दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू करने पर मुहर लगाई।

उन्होंने कहा कि 24 फरवरी से विधानसभा का सत्र बुलाया जाएगा, जो 27 फरवरी तक चलेगा। इसमें स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पर फैसला हो सकता है। नए विधायक भी इसी दिन शपथ लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि अरविंदर सिंह लवली प्रोटेम स्पीकर होंगे। उन्होंने बताया कि सत्र में 25 फरवरी को कैग की सभी 14 पेंडिंग रिपोर्ट पेश होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'आप' सरकार की शराब नीति में गड़बड़ी से दिल्ली को 2026 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

### पाकिस्तान में मिनी-बस नाले में गिरी, आठ लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शुक्रवार तड़के एक खुले नाले में मिनीबस के गिरने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई ओर अन्य दो घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय मीडिया को बताया कि यह दुर्घटना पूर्वी पंजाब प्रांत के कसूर जिले में उस समय हुई, जब मिनीबस एक संगीत समूह के सदस्यों को लेकर एक विवाह समारोह से लौट रही थी और अनियंत्रित होकर सड़क से लुढ़ककर नाले में गिर गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर बचाव टीमें और पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भेजा गया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अन्य दो को चोटें आई हैं। बचाव अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चला है कि वाहन चलाते समय चालक को अचानक से झपकी लग गई, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। पाक में सड़क दुर्घटनाएं एक चिंताजनक मुद्दा बन गई हैं, पिछले कुछ वर्षों में दुर्घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। लापरवाही से वाहन चलाना, सड़कों की खराब स्थिति और अपर्याप्त वाहन रखरखाव उच्च दुर्घटना दर के प्रार्थमिक कारणों में से हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा। महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# डंकी रूट से 41 लाख रुपये से अमरीका भेजने का फर्जी वादा, पंजाब एजेंट दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डंकी रूट से युवक को अमरीका भेजने और वहां पर नौकरी दिलवाने का वादा करने वाले पंजाब के एक एजेंट अमित अरोड़ा उर्फ रचित अरोड़ा को आईजीआई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसने युवक को पूरी तरह से अश्वस्त करके ४१ लाख रुपये ले लिये थे।

पुलिस आरोपी एजेंट से उसके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। वह पहले चंडीगढ़ में दर्ज १० समान वीजा और पासपोर्ट धोखाधड़ी के मामलों में शामिल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल १२ दिसम्बर को पट्टी मल्सियां, जालंधर, पंजाब के रहने वाले बीस साल के मनिंदर पाल सिंह अमेरिका से निर्वासित के रूप में आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा। उसके यात्रा दस्तावेजों की जांच करने पर पता चला कि उसके पासपोर्ट के कुछ पन्ने गायब थे। गायब पन्नों पर या तो नकली वीजा या नकली टिकट लगे हुए थे। मनिंदर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

पूछताछ करने पर पता चला कि वह दसवीं तक पढ़ाई की। अमरीका में पैसा कमाना चाहता था। वर्ष २०२३ में, वह दोस्त के जरिये एजेंट मंदीप सिंह के संपर्क में आया। जिसने डंकी मार्ग से अमरीका भेजने और नौकरी दिलवाने का वादा किया। इसके लिये ४१ लाख रुपये अपने ऑफिस में लिये। उसने एजेंट और उसके साथियों के निर्देश पर अक्टूबर २०२३ में कजाकिस्तान, दुबई से सेनेगल और आगे सेनेगल से लीबिया, निकारागुआ, होंडुरास, ग्वाटेमाला, मैक्सिको होते हुए भारत से प्रस्थान किया। एजेंट ने अवैध यात्रा अवधि को कवर करने के लिए कुछ देशों के आगमन / प्रस्थान के नकली ग्वाटेमाला वीजा और इमिग्रेशन टिकटों की व्यवस्था की। यूएसए पहुंचने के बाद, उसने एजेंट मंदीप सिंह के निर्देश पर

अपने पासपोर्ट के कुछ पन्नों को हटा दिया, जिसमें वे नकली वीजा और टिकट थे और इस तरह अपने पासपोर्ट में छेड़छाड़ की थी। अमरीका में वह दो महीने तक हिरासत में रहा था। आईजीआई पुलिस ने एजेंट को पंजाब से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि वह पिछले कुछ वर्षों से एक एजेंट के रूप में काम कर रहा था और चंडीगढ़ के सेक्टर १७ में उसका एक ट्रैवल ऑफिस है। पहले वह एजेंट मंदीप सिंह के संपर्क में आया और उसके साथ काम करना शुरू कर दिया। वे लोगों को विदेश भेजने, सस्ती दरों पर विदेशी देशों के वीजा उपलब्ध कराने और जल्दी और आसानी से पैसा कमाने के लिए वहां नौकरी के अवसर प्रदान करने के नाम पर ठगी करते थे। वर्तमान मामले में, पैक्स मनिंदर पाल सिंह ने यूएसए की अपनी यात्रा की व्यवस्था करने के लिए एजेंट मंदीप सिंह से संपर्क किया, जिस पर मंदीप सिंह ने उन्हें विभिन्न देशों के माध्यम से ४१ लाख रुपये के बदले अवैध डोंकी रूट के माध्यम से उनकी यात्रा की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया था।



**गांधी नगर सर्कल की यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने व हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जनता को शिक्षित करने के लिए हेलमेट वितरित करते हुए।**

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत 71 फीसदी नए मंत्रियों पर आपराधिक केस, एक पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नई मंत्रिपरिषद में शपथ लेने वाले मुख्यमंत्री समेत पांच मंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की जानकारी दी है। यह खुलासा चुनाव अधिकार निकाय एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, दो मंत्री करोड़पति हैं।

यह जानकारी मंत्रियों की ओर से २०२५ के विधानसभा चुनाव से पहले दिए गए शपथ पत्रों पर आधारित है। विश्लेषण के अनुसार, सात में से पांच मंत्रियों (७१ फीसदी) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की बात स्वीकार की है, जबकि दो मंत्री (२९%) करोड़पति हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि मुख्यमंत्री रेखा सहित पांच मंत्रियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से एक मंत्री, आशीष सूद पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। ६ मंत्रियों ने की स्नातक या उससे ऊपर की पढ़ाई : शैक्षणिक योग्यता के मामले में छह मंत्रियों (८६%) ने स्नातक या उससे ऊपर की शिक्षा होने की जानकारी दी है, जबकि एक मंत्री ने केवल १२वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। आयु के हिसाब से पांच मंत्री (७१%) ४१ से ५० वर्ष के बीच के हैं, जबकि दो मंत्री (२९%) ५१ से ६० वर्ष के बीच के हैं।

वित्तीय पहलू पर नजर डालें तो राजौरी गार्डन निर्वाचन क्षेत्र से मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की कुल संपत्ति २४८.८५ करोड़ रुपये है, जो सबसे अधिक है। वहीं, करावल नगर निर्वाचन क्षेत्र से मंत्री कपिल मिश्रा की कुल संपत्ति १.०६ करोड़ रुपये है, जो सबसे कम है। सात मंत्रियों की औसत संपत्ति ५६.०३ करोड़ रुपये है। सभी सात मंत्रियों ने देनदारियां घोषित की हैं, जिनमें नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के प्रवेश साहिब सिंह की देनदारियां ७४.३६ करोड़ रुपये हैं, जो सबसे अधिक है।

# डीयू के दीक्षांत समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के 101वें दीक्षांत समारोह में भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि होंगे। समारोह की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. योगेश सिंह करेंगे। इस समारोह के माध्यम से २०२४ में अपनी डिग्री पूरी करने वाले यूजी, पीजी एवं पीएचडी के विद्यार्थी दीक्षित होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुरप्रीत सिंह टुटेजा ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के खेल परिसर स्थित मल्टीपर्पज हाल में होगा। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह के दौरान कुल १९४ गोल्ड एवं सिल्वर मेडल तथा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रो. गुरप्रीत सिंह टुटेजा ने बताया कि यूजी और पीजी के विद्यार्थियों को कुल १५९ गोल्ड मेडल एवं एक सिल्वर मेडल प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह यूजी और पीजी के विद्यार्थियों को कुल ३४ पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# बवाना में हुए हत्या के मामले में पीओ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाताता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बवाना में हुए हत्या के मामले में एक पीओ को गिरफ्तार किया है।वह वर्ष २०२३ से मामले की सुनवाई से बच निकला था और लगातार अपनी गिरफ्तारी से बचता रहा।उसे वर्ष २०२३ में पीओ घोषित किया गया।

दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) संजय कुमार सेन ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार वांछित/फरार आरो. पियों का पता लगाने और उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए, साइबर सेल, अपराध शाखा की टीम तकनीकी और जमीनी निगरानी के माध्यम से काम कर रही थी।इसी बीच , हेड कांस्टेबल अक्षय सोलंकी और विकास धनखड़ को गुप्त सूचना मिली कि राजीव कुमार उर्फ सेठी (४७) नाम का एक फरार अपराधी २०२३ से बवाना थाने के एक हत्या के मामले में वांछित है, जिसमें एक महिला को दो अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार दी थी। मृतका के पति सहित सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों में से एक राजीव/सेठी को कोर्ट ने जमानत दे दी थी। ट्रायल के दौरान, आरोपी कोर्ट के समक्ष पेश नहीं हुआ। आगे की कार्यवाही के दौरान, आरोपी को २०२३ में पीओ घोषित किया गया और तब से वह अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। इसके बाद से उसका पता लगाने के लिए एसीपी पवन कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर अरविंद कुमार के नेतृत्व में एसआई राकेश मलिक, प्रमोद कुमार, हेड कांस्टेबल अक्षय सोलंकी, विकास धनखड़, भूपेंद्र, सचिन तोमर, कपिल और मोहित की एक टीम गठित की गई थी।

आरम्भ में,हेड कांस्टेबल अक्षय सोलंकी को एक मोबाइल नम्बर मिला, जिसका उपयोग आरोपी द्वारा वर्ष २०१८ में किया जा रहा था, तथा उसके आधार कार्ड का विवरण भी प्राप्त किया। इसके बाद आधार नम्बर के आधार पर आरोपी राजीव उर्फ घ्घ्सेठी के नाम से पंजीकृत कुछ और मोबाइल नम्बर प्राप्त किए गए, तथा ऐसे सभी मोबाइल नम्बरों की सीडीआर का विश्लेषण किया गया। इस दौरान तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से हेड कांस्टेबल अक्षय सोलंकी को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी नारायणपुर, छतरपुर,में कहीं रह रहा है।

# दिल्ली यातायात पुलिस ने किया हेलमेट का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी रेंज, दिल्ली के शाहदरा जिले में गांधी नगर सर्कल की यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जनता को शिक्षित करने के लिए हेलमेट वितरित किए। यह कार्यक्रम यातायात नियमों का पालन करने और दोपहिया वाहन सवारों के लिए हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए दिल्ली पुलिस सप्ताह, २०२५ के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। इस दौरान दोपहिया वाहन सवारों को अच्छी गुणवत्ता वाले हेलमेट वितरित किए गए। इसके अलावा, यातायात नियमों का पालन करने वाले और सड़क पर उनके अच्छे व्यवहार को स्वीकार करने के लिए हेलमेट पहनने वाले बाइकर्स को गुलाब भी दिए गए। इस पहल के तहत, ट्रैफिक पुलिस ने गीता कॉलोनी पुश्ता पर एक शिविर का आयोजन किया, जहां दोपहिया वाहन चालकों को दिल्ली की सड़कों पर सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में हेलमेट सौंपे गए। हेलमेट न पहनने के खतरों और यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश/लाभों से युक्त पठन सामग्री भी इन दोपहिया वाहन चालकों को सौंपी गई। इस अवसर पर बोलते हुए, डीसीपी/ट्रैफिक/पूर्वी रेंज राजीव कुमार ने जीवन बचाने में ऐसे शिक्षाप्रद कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवा पीढ़ी के जीवन की रक्षा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जो दोपहिया वाहनों के मुख्य उपयोगकर्ता हैं। यह संदेश दिया गया कि दिल्ली पुलिस दिल्ली के लोगों की सुरक्षा की परवाह करती है। अंत में, यह कार्यक्रम यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने और एक मजबूत सामुदायिक जागरूकता बनाने में ऐसी पहलों के महत्व को दर्शाता है। विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) जोन-५, के जगदीशन,अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) मुख्यालय सत्यवीर कटारा ने सड़क सुरक्षा जागरूकता फैलाने में दिल्ली यातायात पुलिस के प्रयासों की सराहना की।

# महिलाएं पहली कैबिनेट में 2500 रुपये की स्कीम पास होने का इंतजार कर रही थी: संजीव झा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली की महिलाओं को २५०० रुपए महीना देने का अपना पहला ही वादा तोड़कर साफ कर दिया है कि वह दिल्लीवालों से किया एक भी वादा नहीं पूरा करेगी। जब दिल्ली को महिला मुख्यमंत्री मिली तो महिलाओं में एक उम्मीद जगी कि प्रधानमंत्री द्वारा २५०० रुपए हर महीने देने की गारंटी को भाजपा पूरा करेगी। महिलाएं गुरुवार को हुई पहली कैबिनेट में २५०० रुपए की स्कीम पास होने का इंतजार कर रही थी, लेकिन अंततः उन्हें निराशा हाथ लगी। शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान ष्आपष के वरिष्ठ नेता संजीव झा ने यह बाते कहीं। उन्होंने कहा कि पूरा देश जनता है कि भाजपा कभी अपने वादे पूरे नहीं करती है। ये लोग हर बार चुनाव के बाद अपने संकल्प पत्र को जुमला बता देते हैं। लेकिन हम उसे वादाखिलाफी करके इतनी आसानी से निकलने नहीं देंगे। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक संजीव झा ने पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर कहा कि ग दिल्ली की कैबिनेट ने शपथ ली और रेखा गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। भाजपा के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए दिल्ली के लोगों के मन में यह शंका जरूर थी कि जो वादे हुए हैं वो पूरे होंगे या नहीं।





**निगम के शिक्षा विभाग द्वारा ककरौला में प्रथम दिव्यांग महोत्सव का रंगारंग उद्घाटन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन अवार्डी व पैरालिम्पियन अमित सरोहा आदि ने भाग लिया।**

# निगम के शिक्षा विभाग ने किया दिव्यांग महोत्सव का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग द्वारा आज डॉ.साहब सिंह वर्मा स्टेडियम,ककरौला में प्रथम दिव्यांग महोत्सव का रंगारंग उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन अवार्डी और पैरालिम्पियनअमित सरोहा ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली नगर निगम के शिक्षा निदेशक संजय सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त निदेशक शिक्षा और सभी क्षेत्रों के उपशिक्षा निदेशक,विद्यालय निरीक्षक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

दिल्ली नगर निगम के सभी १२ क्षेत्रों के लगभग १३०४ दिव्यांग बच्चो ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। दिल्ली नगर निगम का प्रथम दिव्यांग महोत्सव २१ फरवरी से २४ फरवरी २०२५ तक डॉ. साहब सिंह वर्मा स्टेडियम,ककरौला में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सिंगिंग, डांसिंग, फैंसी ड्रेस, टैलेंट हंट, पेंटिंग एंव स्पोर्ट्स के इवेंट्स आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम में कुल ८ दिव्यांगता के बच्चों को शामिल किया गया है।

# गोली मारने वाला तिमारपुर में बेच रहा था रेहड़ी पर सामान, पकड़ा

**नई दिल्ली।** 2010 में न्यू अशोक नगर इलाके में युवक को गोली मारने वाले वांछित आरोपी शब्बू पुलिस को चकमा देने के लिये तिमारपुर इलाके में रेहड़ी-पटरी पर सामान बेच रहा था। जिसको अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इंसपेक्टर राकेश कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने एसआई नरेंद्र की एक पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी को तिमारपुर से पकड़ा। जो इलाके में बिरयानी का ठेला चला रहा था। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि २००० में, वह काम की तलाश में अपने एक दोस्त के साथ दिल्ली आया और सेक्टर-७, आर.के. पुरम में मजदूर के रूप में काम करना शुरू कर दिया। वह अपने दोस्तों के साथ किराए के कमरे में रहता था। २०१० में एक दिन वह अपने दोस्त शहरोज आलम के साथ न्यू अशोक नगर इलाके में गया था, जहाँ उसने अब्दुल कादिर पर गोली चलाई और भाग गया। बाद में उसे पुलिस ने पकड़ लिया और वर्ष २०१९ में उसे ०५ वर्ष की सजा हुई। वर्ष २०२१ में उसे कोरोना महामारी के कारण पैरोल मिल गई और नियत तिथि पर पेश होने के बजाय वह गायब हो गया। वह अपना घर छोडकर उत्तर पूर्वी दिल्ली इलाके में रहने लगा। कई जगहों पर छिपने के बाद उसने पिछले २ वर्षों से तिमारपुर में रेहड़ी/ठेला लगाकर बिरयानी बेचना शुरू कर दिया था।

## एक नजर

# धानुका एग्रीटेक ने मनाया सेम्परा के 10 सालों का जश्न

**नई दिल्ली।** कई सालों से किसान मोथा (साइपेरस रोटंडस) की समस्या से जूझ रहे हैं, यह एक तरह का वीड (खरपतवार) है जो गन्ने और मक्के की खेती को नुकसान पहुंचाता है। कई तरह की कोशिशें करने के बावजूद भी मोथा फसल पर फिर से लौट आता है, जिससे न सिर्फ फसल की उत्पादकता कम हो जाती है बल्कि श्रम की लागत भी बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने 2015 में निस्सान कैमिकल जापान के सहयोग से सेम्परा का लॉन्च किया था। यह आधुनिक हर्बीसाईड जापानी तकनीक से बनाया गया है। पिछले 10 सालों में सेम्परा ने गन्ने में वीड मैनेजमेन्ट को पूरी तरह से बदल डाला है और किसानों के जीवन को आसान बना दिया है। सेम्परा के १० साल पूरे होने पर धानुका एग्रीटेक ने कृषि पर इसके प्रभाव और किसानों की समृद्धि में इसके योगदान का जश्न मनाया। इस अवसर पर अतुल कुमार, जनरल मैनेजर, धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने कहा, ''सेम्परा की दस सालों की सफलता को देखकर हमें बेहद गर्व और खुशी का अनुभव हो रहा है, यह किसानों की समृद्धि एवं इनोवेशन्स के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हमें अपनी टीम पर गर्व है, जो भारतीय किसानों की चुनौतियों को हल करने के लिए आधुनिक समाधान लेकर आती है। इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए हम खेती से जुड़ी समस्याओं को हल करने, किसानों को सशक्त बनाने तथा भारतीय कृषि को सफलता की नई उंचाईयों तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं।

आरके धुरिया, सीनियर डिप्टी जनरल मैनेजर ने कहा, ''पिछले दशक के दौरान सेम्परा की सफलता इस प्रोडक्ट की प्रभाविता तथा किसानों के हममें भरोसे को दर्शाती है। अवनीश् चन्द्रा, डिप्टी जनरल मैनेजर ने कहा, ''यह उपलब्धि भारतीय खेती पर सेम्परा के सकारात्मक प्रभावों की पुष्टि करती है। आने वाले समय में भी हम किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ऐसे आधुनिक समाधान लाते रहेंगे, जो फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ खेती में सस्टेनेबिलिटी को भी बढ़ावा दें।

# अदीश्वर ऑटो राईड ने इटैलियन परफॉर्मेन्स को बनाया अधिक सुलभ

**नई दिल्ली।** अदीश्वर ऑटो राईड इंडिया ने भारत में मोटो मोरिनी सीमेजो 650 रेंज की कीमतों में बदलाव किया है, अब यह प्रीमियम इटैलियन मोटरसाइकलें खरीदना उपभोक्ताओं के लिए और भी सुलभ हो गया है। मोटो वॉल्ट और मोटो मोरिनी के लिए एएआरई के 2025 दृष्टिकोण के तहत यह घोषणा की गई है, जो भारतीय ब्राजार में ब्राण्ड की पहुंच और अपील बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस पहल के तहत एएआरआई ने एमवाय-2025 सीमेजो 650 स्क्रैम्बलर और रेट्रो स्ट्रीट मॉडल्स को नई कीमत पर पेश किया है। अब ये मोटरसाइकलें उन राइडरों के पहुंच में आ गई हैं जो इटैलियन डिजाइन, परफोर्मेन्स और हेरिटेज से प्रभावित हैं। इस अवसर पर विकास झबख, मैनेजिंग डायरेक्टर, एएआरआई ने कहा, मोटो मोरिनी की समृद्ध इटैलियन धरोहर है, हमें खुशी है कि हमने इन शानदार मोटरसाइकलों को भारतीय राइडरों के लिए अधिक सुलभ बना दिया है। कीमतों में बदलाव प्रीमियम प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शातता है, जो स्टाइल, परफोर्मेन्स और मूल्य का अद्वितीय संयोजन है।

# उत्साहजनक साबित हुआ हज वॉकाथॉन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हज की उड़ाने 29 अप्रैल से पवित्र शहरों, मदीना अल-मुनव्वरा और मक्का के लिये जेद्दा जाना आरंभ हो जायेंगी। पिछले वर्षों में, यह देखा गया है कि सऊदी अरब पहुंचने के बाद, भौगोलिक स्थिति, तीव्र धूप, अधिक गर्मी, आर्द्रता और बुखार और विश्वास की भावना से अभिभूत होकर, हज यात्री तवाफ और सई की पुनरावृत्ति, पवित्र स्थानों का भ्रमण और बार बार उमरा के कारण हज के मूल, वास्तविक और विशिष्ट दिनों और तंबुओं के शहर मिना में पहुंचने से पहले ही वे शारीरिक रूप से थक जाते हैं और बेहोश हो जाते हैं, यहां तक कि जिनकी शारीरिक और मान. सिक शक्ति मजबूत होती है वे भी बीमार पड़ जाते हैं। हज यात्रियों को ऐसी सभी स्थितियों का सामना करने के लिए, सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय और भारत सरकार में हज मामलों अल्पसंख्यक कार्य



मंत्रालय के सुझावों पर, हज यात्रियों को हज की यात्रा के दौरान शारीरिक रूप से स्वस्थ और फिट रखने के लिए हर दिन पैदल चलने और निरंतर अभ्यास जारी रखने के लिए आकर्षण और रुचि पैदा करने और इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, 18 अप्रैल को दिल्ली स्टेट हज कमेटी की ओर से हज वॉकथॉन का आयोजन पहली बार जामिया मिलिया इस्लामिया के क्रिकेट मैदान में हज की व्यवस्था और हज यात्रियों के समग्र कल्याण के लिए किया गया था । इसी संदर्भ में दिल्ली स्टेट हज कमेटी के हज मंजिल कार्यालय में चल रहे १५ दिवसीय हज प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी अरकान व मसायल और हज से संबंधित विभिन्न मामलों पर एक पूर्ण सत्र आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हज अभयर्थी भारत सरकार से सेवा निवृत व्याम सहायक आयुक्त डा. बदरूल इस्लाम केरानवी और उनकी सहायक सुश्री कौसर द्वारा स्वास्थ्य और फिटनेस कार्यक्रम के तहत आवश्यक शारीरिक व्यायाम प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया है। वे सुरक्षित और तरोताजा रहने के लिए प्रशिक्षण ले रहे हैं। देखा जा रहा है कि हज कमेटी द्वारा हज मंजिल में दी जा रही प्रशिक्षण और हज वॉकाथॉन से दिल्ली के विभिन्न इलाकों में आजमीन मानसिक और आध्यात्मिक तैयारियों के साथ-साथ शारीरिक व्यायाम पर भी ध्यान देने लगे हैं।

# जल बोर्ड अधिकारियों की बुलाई बैठक टूटी सड़कों सहित कई मुद्दों पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्ली में खराब सड़कों से लेकर स्वास्थ्य, यमुना की सफाई तक अपने वादों पर काम करना शुरू कर दिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को समर्थकों से मुलाकात के दौरान आभार व्यक्त किया और कहा कि दिल्ली सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दे दी गई, जिसे आम आदमी पार्टी सरकार ने रोक दिया था।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोगों से बातचीत भी की। आज सुबह शालीमार बाग स्थित उनके आवास के बाहर बड़ी संख्या में लोग उन्हें बधाई देने के लिए एकत्र हुए। लोग उन्हें बधाई देने के लिए माला और फूलों के गुलदस्ते लेकर आए। मीडिया से बात करते हुए दिल्ली के नए सीएम ने कहा, ष्कल कैबिनेट की बैठक में हमने आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दी, जिसे आप ने रोक दिया था। यह योजना जल्द ही सार्वजनिक होगी। आज हमने कैबिनेट के साथ बैठक के लिए पीडब्ल्यूडी और जल बोर्ड के अधिकारियों को बुलाया है। हम सड़कों में गड्ढों के मुद्दे को गंभीरता से उठाएंगे।

# ऑल इंडिया सिविल कुश्ती प्रतियोगिता में तीनों चैंपियनशिप दिल्ली ने जीती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पुणे बालेवाडी द्वारा आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज कुश्ती प्रतियोगिता में दिल्ली के महिला और पुरुष पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया है। यह प्रतियोगिता 17 से 20 फरवरी तक आयोजित की गई थी। पहलवान जोगिंदर डबास, संजय रावत और सरिता के नेतृत्व में 4 गोल्ड, 2 सिल्वर और 12 ब्रोंज मेडल जीत कर दिल्ली का नाम रोशन किया है। जोगिंदर डबास ने बताया कि दिल्ली के खिलाड़ी हर बार बेहतर प्रदर्शन करते है। इस बार भी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन चैंपियनशिप पर अपना कब्जा किया है।

# सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का पहला गाना 'बंदे' हुआ रिलीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मच अवेटेड फिल्म सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का पहला गाना 'बंद' रिलीज हो गया है। ये सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि जुनून, जज़्बे और सपने देखने वालों की टूट न सकने वाला हौसले को सलाम करने वाला म्यूजिकल ट्रिब्यूट है। सचिन-जिगर की धुनों में एक कमाल का बैलेंस है, जिसमें कहीं सुकून देने वाली मेलोडी, तो कहीं दिल धड़काने वाले बीट्स।

गाने की वाइब फिल्म की इमोशनल गहराई को पकड़ती है और सुनने वालों को उस दुनिया में ले जाती है, जहाँ सपने छोटे शहरों में भी बड़े होते है ।'बंदे' को दिव्या कुमार, सई गंगन और सचिन-जिगर ने अपनी आवाज से जिंदा कर दिया है, और इसके बोल लिखे हैं जावेद अख्तर ने ऐसे लफ्ज जो सपनों के पीछे भागने की जिद को बयां करते हैं, चाहे हालात कितने भी मुश्किल क्यों न हों।

# नशे के लिए करता था आपराधिक वारदात, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी पुलिस ने एक ऐसे बदमाश को गिरफ्तार किया है,जो की नशे की लत को पूरा करने के लिए आपराधिक वारदात को अंजाम देता था। उसके पास से एक चाकू भी बरामद हुआ। गिरफ्तार बदमाश की पहचान जहांगीरपुरी निवासी ३५ वर्षीय संदीप कुमार के तौर पर हुई है। वह पहले से भी आधा दर्जन अपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है। डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि १९ फरवरी २०२५ को पुलिस वाले इलाके में पेट्रोलिंग और एंटी-स्नैचिंग चेकिंग ड्यूटी पर थे। इस दौरान उन्होंने एक संदिग्ध शख्स को मेट्रो अपार्टमेंट पार्क के ज्ञ ब्लॉक जहांगीरपुरी अंधेरे में बैठा हुआ देखा। शक के आधार पर उसके पास पहुंचे तो वह भागने लगा। लेकिन पुलिस वालों ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि वह आसान तरीके से पैसा कमाने और अपनी नशे की आदत को पूरा करने के लिए अपराध करता था।

# निरंकारी मिशन के 'प्रोजेक्ट अमृत' का तृतीय चरण स्वच्छ जल, स्वच्छ मन की ओर एक सार्थक कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ रविवार, 23 फरवरी को परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंक. ारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में यमुना नदी के छठ घाट, आई.टी.ओ., दिल्ली पर किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके।

संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का शुभारंभ किया था। इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है।संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा जी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा।



# 168 साल बाद पहली बार मस्जिद में अदा नहीं हो सकी जुमे की नमाज

- दिल्ली रोड पर रैपिड रेल कोरिडोर के बीच आ रही है जगदीश मंडप के बाहर स्थित मस्जिद
- बातचीत के बाद मस्जिद हटाने को लेकर बनी सहमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली रोड पर रैपिड रेल कॉरिडोर के बीच में आ रही 168 साल पुरानी मस्जिद को हटाया जा रहा है। शुक्रवार को मस्जिद प्रबंधन के लोगों ने हथौड़ा चलाना शुरू किया। यह मस्जिद जगदीश मंडप के बाहर बनी है। इस मस्जिद में पहली बार जुमे की नमाज नहीं हो सकी। मस्जिद का गेट पहले ही हटा दिया गया था। बिजली का कनेक्शन भी काटा गया है। गुरुवार को एडीएम सिटी बृजेश सिंह मस्जिद पहुंचे और बातचीत की। इसके बाद आपसी सहमति से मस्जिद हटाने को लोग तैयार हुए। हाजी स्वाले हीन ने बताया कि मस्जिद के मुतव्विल के पास नोटिस आया है। उनकी तबीयत भी खराब हो रही है। एसपी सिटी कल आए थे। उन्होंने कहा हमारे पास ऑर्डर आए हैं आप लोग मस्जिद हटा लीजिए या फिर बुलडोजर से हटा दिया जाएगा। हम लोग अपने से मस्जिद को हटा रहे हैं। हमारे पास 1857 के पेपर हैं। हम तो प्रशासन से चाहते हैं कि मस्जिद के बदले हमें मस्जिद दे दी जाए या मस्जिद के बदले जगह दे दी जाए। आज जुमे की नमाज यहां नहीं हो रही है।



## रोबोवार प्रतियोगिता में सर छोटू राम इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र सिद्धार्थ ने अपनी टीम के साथ पहला स्थान किया हासिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी (DTU) में टेक्निकल काउंसिल, DTU के तत्वाधान में आयोजित INVICTUS'25 रोबोवार प्रतियोगिता में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में संचालित सर छोटू राम इंजीनियरिंग कॉलेज के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र सिद्धार्थ ने अपनी टीम "Mech Storm" के साथ पहला स्थान हासिल कर सफलता पाई है। इस प्रतियोगिता में देशभर के कई तकनीकी संस्थानों के स्टूडेंट्स ने भाग लिया था, लेकिन सिद्धार्थ और उनकी टीम के रोबोट ने अपनी मजबूती और शानदार तकनीक से सबको पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की। INVICTUS'25, दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी का एक तकनीकी महोत्सव है, जिसमें कई तरह की तकनीकी प्रतियोगिताएं होती हैं। इसमें रोबोवार प्रतियोगिता काफी रोमांचक मानी जाती है, जहाँ प्रतिभागी अपने-अपने बनाए हुए रोबोट्स को एक-दूसरे के खिलाफ लड़ाते हैं। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी रोबोट्स को अपनी ताकत, टिकाऊपन और संचालन क्षमता के आधार पर परखा जाता है। सिद्धार्थ और उनकी टीम ने एक ऐसा रोबोट तैयार किया, जिसने अपनी मजबूती और बेहतरीन नियंत्रण से सभी विरोधियों को मात दी। इस सफलता पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के समन्वयक डॉ. शिवम गोयल सहित शिक्षकों ने छात्र को बधाई देते हुए उत्साहवर्धन किया। संस्थान के निदेशक प्रो. नीरज सिंघल ने कहा कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला एवं प्रति-कुलपति प्रो. मृदुल कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और शुभकामनाओं से संस्थान के छात्र छात्राएं लगातार नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। सिद्धार्थ की यह सफलता नवाचार और तकनीकी विकास हेतु अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करती है। हम उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। सिद्धार्थ ने कहा कि वह तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में ही आगे बढ़ना चाहते हैं।



## जानलेवा हमले के दो आरोपियों को भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर निवासी दो युवकों के ऊपर जानलेवा हमला करने के मामले में थाना पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया। नगर निवासी हरेंद्र व उसके भतीजे ऋषभ पर कुछ लोगों ने धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिसमें पीड़ित के भाई धर्मेंद्र ने चार युवको के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में थाना पुलिस ने सेटी पुत्र फत्तू व रामकुमार पुत्र फतेह को पकड़ लिया तथा उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया वहीं दो फरार युवकों की पुलिस तलाश में लगी हुई है।

## किसान-मजदूरों को बजट से निराशा हाथ लगी: सपा नेता किशोर वाल्मीकि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र के गांव सैफपुर-फिरोजपुर रामराज मे सपा नेता मैनुद्दीन खान के नेतृत्व में पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा नेता किशोर वाल्मीकि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान नरेशीलाल ने व संचालन सपा नेता मोनू बटला ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा नेता किशोर वाल्मीकि ने कहा प्रदेश सरकार के बजट से किसानो मजदूरों को निराशा हाथ लगी है। बजट में गन्ने का भाव एक रुपया भी नही बढ़ाया। मजदूरों के हाथ भी खाली रह गए। प्रदेश सचिव सरदार नरवेर सिंह ने कहा प्रदेश की जनता ने बीजेपी के हटाओ देश बचाओ का मन बना लिया है। जनता भाजपा से त्रस्त हो गई है और आने वाली 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। इस मौके पर फुरकान, रुद्र प्रताप सिंह, संदीप जाटव, महताब मिस्त्री, हाफिज नूरहसन, बाबू सलमानी, मुंतियाज, लालू खान, नसीम खान, अलाऊद्दीन, सुशील जाटव, राहुल जाटव, सोनू जाटव, विक्रांत जाटव, शुभम जाटव आदि लोग शामिल रहे।



## बजट में आखरी पायदान पर खड़े व्यक्ति की हुई उपेक्षा: प्रवीण राजवंश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जानी खुर्द।** शुक्रवार को नानू फतेहपुर के समाजसेवी प्रवीण राजवंश ने बजट पर अपनी राय पेश की है। वहीं उन्होंने आज बताया कि बजट से सिर्फ सत्ताधारी ही नेता कार्यकर्ता खुश हो सकते हैं। यूपी सरकार द्वारा 2025-26 के लिए 8,08,736 करोड़ रुपये का भारी भरकम बजट पेश किया गया। अब देखना ये होगा कि क्या इसको धरातल पर भी अमलीजामा पहनाया जाएगा या पूर्व की तरह ही सिर्फ हवा हवाई साबित होगा क्योंकि एक अच्छा बजट तभी माना जाता है जब वह जनहित व जनकल्याण का ज्यादा होता है। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व गरीब, शोषित, वंचित, पिछड़े तबको की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने वाला होता है। देखने से प्रतीत होता है कि यह बजट अत्यंत तुष्टीकरण वाला है क्योंकि शिक्षा , स्वास्थ्य और कृषि ये तीनों सेक्टर अहम होते हैं और देश मे प्रत्येक समाज के आखरी पायदान पर खड़े व्यक्ति का इनसे सीधा सरोकार होता है।

## बोर्ड परीक्षा के दौरान कम से कम सात घंटे की नींद अवश्य लें: आशु सर

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**लावड़।** बोर्ड परीक्षा शुरू होने में अब कुछ ही समय बाकी है जिसको लेकर कुछ छात्र छात्राओं ने तो कमर कस ली है। वहीं कुछ ऐसे भी है जो बोर्ड परीक्षा को लेकर ज्यादा परेशान है उन्हें ऐसी स्थिति में डरना नहीं चाहिए बल्कि डटकर मेहनत करें। इसी को लेकर क्षेत्र के नंबर वन एबीसी कोचिंग सेंटर के संचालक आसू सर ने छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कुछ जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि किसी भी टॉपिक को लिख-लिख कर याद करें, अपनी डाइट का विशेष ध्यान रखे, दूध, सेब, और दिमागीन का इस्तेमाल करें, अपने पढ़ने का स्थान निर्धारित करें, बार बार अपना स्थान ना बदले, अपनी पढ़ने की टेबल पर केवल उसी विषय की सामग्री रखे जिसकी तैयारी कर रहे है अन्य कोई भी सामग्री ना रखें, कम से कम 7 घंटे की नींद अवश्य लें, धैर्य, संयम और आत्मविश्वास बनाये रखें, जो प्रश्न अच्छे से याद हो पहले वह ही करें, सकारात्मक सोच रखें।

## उ.प्र. पावर सेक्टर की 50वीं अन्तर्परियोजना/डिस्कॉम की कुश्ती, पॉवरलिफ्टिंग/बॉडीबिल्डिंग व रस्साकसी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**लगभग 150 खिलाड़ी कर रहे हैं प्रतिभाग, कुश्ती में पश्चिमांचल डिस्कॉम मेरठ के पहलवानो का रहा दबदबा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को कैलाश प्रकाश स्टेडियम में आयोजित 50वीं उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर अन्तर्परियोजना/डिस्कॉम की दो दिवसीय कुश्ती, पॉवरलिफ्टिंग, बॉडीबिल्डिंग एवं रस्साकसी प्रतियोगिताओं का शुभारंभ पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की मैनेजिंग डायरेक्टर एवं मुख्य अतिथि ईशा दुहन (आईएएस) ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रबंध निदेशक ने बाहर से आए खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर प्रतियोगिता के आरंभ की घोषणा की। प्रबंध निदेशक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन से उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर की अन्तर्परियोजना/डिस्कॉम के खिलाड़ियों के कुश्ती, पॉवरलिफ्टिंग, बॉडीबिल्डिंग एवं रस्साकसी खिलाड़ियों के लिए एक मंच उपलब्ध हुआ है जिससे खिलाड़ियों को व्यापक स्तर पर लाभ होगा। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम गौरवान्वित करें। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर के विभिन्न अन्तर्परियोजना/डिस्कॉम से आए प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पश्चिमांचल डिस्कॉम की क्रीड़ा अधिकारी अलका तोमर ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि एसएम गर्ग निदेशक (कार्मिक एवं प्रशा.) एवं अतुल सिंह (क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी) को पौधा भेंट कर स्वागत किया तथा प्रतियोगिता के बारे में विस्तृत जानक. ारी दी। यह प्रतियोगिता 21 फरवरी से 22 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर के पश्चिमांचल, मध्यांचल , दक्षिणांचल , पूर्वांचल डिस्कॉम तथा पारीछा - पनकी, ओबरा, हरदुआगंज, अनपरा आदि परियोजनाओं के लगभग 150 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।





प्रतियोगिता के पहले दिन कई रोमांचक मुकाबले हुए जिसमें विभिन्न डिस्कॉम एवं परियोजना के कुश्ती खिलाड़ियों ने जीत की लय पाने के लिए जमकर पसीना बहाया। कुश्ती का उद्घाटन मुकाबला प्रबंध निदेशक की उपस्थिति में हुआ। जिससे पश्चिमांचल डिस्कॉम के बिजेन्द्र सिंह एवं प्रभाकर सिंह (अनपरा) के बीच मुकाबला हुआ। कुश्ती में कड़ा संघर्ष दोनों खिलाड़ियों के बीच देखने के लिए मिला जिसमें बिजेन्द्र सिंह ने चित के आधार पर जीत दर्ज की। कुश्ती प्रतियोगिता में विभिन्न किलोग्राम वर्ग में विभिन्न क्षेत्रों के पहलवानों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में धीरज सिन्हा मुख्य अभियंता, जीतेश ग्रोवर कंपनी सचिव, मनीष कुशवाहा अधिशासी अभियंता, के.के. सारस्वत अधिशासी अभियंता, राममुहूर्त वर्मा, मांगेराम, जतन सिंह, राजेश चौधरी आदि अधिकारी एवं आधिकारिकगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त चीफ रेफरी सलीम, मैट चेयरमैन ललित कुमार, जज श्रीपाल सिंह, टाइम कीपर अभिषेक तिवारी, रिकॉर्ड जुगमेन्द्र तोमर, टाइम कीपर आकाश, कोच सलमान, कोच कुलवेन्द्र सिंह आदि का भी सहयोग रहा। आज (शनिवार) प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक ईशा दुहन द्वारा दोपहर दो बजे कैलाश प्रकाश स्टेडियम में संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल संचालन दिलमणी थपलीयाल द्वारा किया गया।

## टिकौला शुगर मिल ने किया गन्ना भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** टिकौला शुगर मिल ने अपना पैराई सत्र 2024-25 का 08 फरवरी से 14 फरवरी 2025 तक का भुगतान 30 करोड़ 33 लाख का भुगतान संबंधित समितियों को भेज दिया है जिसकी पुष्टि गन्ना समिति सचिव ने की है उनका कहना है कि जल्दी किसानों के खाते में भुगतान पहुंच जाएगा। टिकौला शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष एमसी शर्मा एवं डीपी मैनेजर ऋषिपाल धाम ने बताया कि टिकौला शुगर मिल ने अपना पेराई सत्र 2024-25 का 08 फरवरी से 14 फरवरी तक का संपूर्ण भुगतान 30 करोड़ 33 लाख रुपये का भुगतान संबंधित समितियां को भेज दिया है। जिसकी पुष्टि गन्ना समिति सचिव सुभाषचंद यादव ने की है। उनका कहना है कि उन्हें एडवाइस मिल चुकी है। जल्द ही किसानों के खाते में भुगतान पहुंच जाएगा। अधिशासी अध्यक्ष का कहना है कि किसान अपना बेसिक कोटा पूर्ण करें। मिल में गन्ना डालते समय साफ एवं स्वच्छ तथा ताजा आपूर्ति करें। ताकि भुगतान करने में कोई कमी न आये।

## कस्बे में तिरंगा लाईट का कार्य हुआ शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शुक्रवार को कस्बे में दौराला मसूरी मार्ग पर स्थित बीएल एकेडमी के समीप नगर पंचायत लावड़ द्वारा विद्युत पोल पर तिरंगा लाईट लगाए जाने का कार्य शुरू हुआ जिसे चेयर पर्सन हज्जन आफताब ने फीता काटकर शुरू कराया। इस दौरान चेयरपर्सन ने कहा कि तिरंगा लाईट मुख्य मार्ग के अलावा मीठेपुर मार्ग, अंदावली मार्ग, चिंदौड़ी मार्ग व फलावदा मार्ग पर भी लगाई जाएंगी उन्होंने कहा कि कस्बे का विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता है जिस पर वह काम कर रही है। इस दौरान चेयर पर्सन हज्जन आफताब के अलावा हाजी शकील, हाजी यामीन, मुन्ना, इरशाद, अब्दुलहक, शादाब आदि लोग मौजूद रहे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में आगामी मंगलवार को एक अनोखी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में 4 टीमें प्रतिभाग करेंगी। 4 टीमों में एक टीम डॉक्टर्स, दूसरी टीम पत्रकार, तीसरी टीम व्यापारियों व चौथी टीम राजनीतिक लोगों की होगी। शुक्रवार देर शाम मोदीपुरम में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। प्रतियोगिता के आयोजन की भूमिका हाजी जावेद को सौंपी गयी। हाजी जावेद प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। साथ ही प्रतियोगिता के समापन पर पुरुस्कार वितरण भी करेंगे। वहीं बैठक के दौरान चारों टीमों के कप्तानों की भी घोषणा की गयी। आयोजक हाजी जावेद ने बताया कि मंगलवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। बुधवार को फाइनल मैच खेला जाएगा। इस दौरान डॉ. इकबाल मलिक, मोहन सैनी, यादराम जाटव, हाजी जावेद, आसू मास्टर, मौहम्मद रविश, आजम रिजवी, मुन्ना मुल्ला, मास्टर फुरकान, राशिद, शाही अब्बास, हाजी जावेद, कामिल, ताज मौहम्मद, हाजी साजिद, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## बजाज एलियांज लाइफ ने गारंटीड पेंशन गोल 2 किया पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ/नोएडा। भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने आज बजाज एलियांज लाइफ गारंटीड पेंशन गोल 2 के लॉन्च की घोषणा की, जो एक गैर-लिंक्ड, गैर-भागीदारी वाली तत्काल और विलंबित वार्षिकी योजना है। बजाज आलियांज लाइफ के एमडी और सीईओ तरुण चुघ ने कहा, इस योजना को ग्राहकों को उनकी सेवानिवृत्ति योजना पर नियंत्रण रखने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। उद्योग जगत में पहली बार 30 साल तक के विलंबन की सुविधा के साथ, यह अभिनव पेंशन योजना 35 साल की उम्र से ही व्यक्तियों को अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने में सक्षम बनाती है, जो प्रारंभिक सेवानिवृत्ति योजना के लिए बेजोड़ लचीलापन प्रदान करती है। बजाज आलियांज लाइफ गारंटीड पेंशन गोल 2 में ग्राहक 35 साल की उम्र से ही बचत करना शुरू कर सकते हैं।

## डाबर ओडोमोस ने मच्छर से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूकता सत्र किया आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहर को मच्छर जनित बीमारियों से अधिक प्रभावी ढंग से लड़ने में मदद करने के अपने मिशन पर आगे बढ़ते हुए, भारत के सबसे पसंदीदा व्यक्तिगत अनुप्रयोग मच्छर भगाने वाले ब्रांड ओडोमोस ने मच्छर से होने वाले बीमारियों से प्रभावी रोकथाम के बारे में जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस पहल के तहत, ओडोमोस सीधे लोगों तक पहुंचेगा और उन्हें डेंगू और मलेरिया के हानिकारक प्रभावों और खुद को बचाने के तरीके के बारे में शिक्षित करेगा। इसके अलावा उन्हें मुफ्त ओडोमोस मच्छर भगाने वाली क्रीम भी प्रदान करेगा। डाबर ने शहर में अभियान शुरू किया, जहां 300 से अधिक बच्चों के साथ एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत, डाबर ओडोमोस सार्वजनिक क्षेत्रों जैसे बस टर्मिनल, रेलवे स्टेशनों पर डेंगू से प्रभावी बचाव के बारे में जागरूकता सत्र भी आयोजित करेगा। डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हेड- होम केयर वैभव राठी ने कहा एक ब्रांड के रूप में, ओडोमोस लोगों को डेंगू और अन्य मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षित रहने में मदद करने की दिशा में काम कर रहा है। इसे आगे बढ़ाते हुए, हमने डेंगू की रोकथाम पर सार्वजनिक जागरूकता बनाने में मदद करने के लिए यह सामाजिक पहल की है क्योंकि हाल के महीनों में डेंगू के मामलों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। समय की मांग है कि निवारक उपायों के बारे में जागरूकता फैलाई जाए और एक अनुशासित समुदाय को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि लोग डेंगू से खुद को सुरक्षित रख सकें। इस अभियान के तहत, हम डेंगू और मलेरिया के बारे में जागरूकता फैलाएंगे और बताएंगे कि कोई इससे खुद को कैसे बचा सकता है। डाबर इंडिया लिमिटेड, डीजीएम मार्केटिंग होम केयर संतोष जायसवाल ने कहा: 'डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से बचने के लिए रोकथाम महत्वपूर्ण है, निवारक उपायों के बारे में जागरूकता फैलाना ताकि लोग वेक्टर जनित बीमारियों से खुद को सुरक्षित रख सकें, सबसे सुरक्षित शर्त है। भारत को डेंगू मुफ्त अभियान बनाना उसी दिशा में एक पहल है। ओडोमॉस सबसे पसंदीदा व्यक्तिगत अनुप्रयोग उत्पाद है जो उपयोगकर्ताओं को ऐसे जानलेवा रोगों को फैलाने वाले मच्छरों से पूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है।



## स्कूटी सवार घायल

**मेरठ।** सोमनाथ शर्मा पुत्र रामकरण शर्मा (55) स्कूटर पर सवार होकर गाँव से किठौर जा रहे थे। किठौर स्थित झिडियो तिराहे मोड पर स्थित बम्बे पर अज्ञात वाहन ने स्कूटर को टक्कर मार दी। जिससे स्कूटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सोमनाथ शर्मा पैर में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस व स्वजनों को घटना से अवगत कराया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए मेरठ अस्पताल भेज दिया है। इंस्पेक्टर ब्रजेश पांडेय का कहना है कि अज्ञात वाहन से टक्कर होने पर एक व्यक्ति घायल हुए है। रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम MITALI (मिताली) दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरी हाई स्कूल मार्कशीट में मेरा नाम DIPALI (दीपाली) दर्ज है जो की सही है। भविष्य के सभी कार्यों के लिए मुझे DIPALI (दीपाली) नाम से जाना पहचाना पुकारा जाए। -दीपाली पुत्री अमित कुमार निवासी मोहल्ला माता वाला परीक्षितगढ़, तहसील मवाना, जिला मेरठ।

# कलेक्ट्रेट में डीएम ने ली व्यापारियों की बैठक

## जिला उद्यमियों की समस्याओं को समय से होगा निराकरण: डीएम




शामली। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम की अध्यक्षता में होती बैठक। छाया शाह टाइम्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को शामली कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में व्यापारियों बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिक. ारी ने उनकी समस्याओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयोजित बैठक में डीएम शामली शहर में आईजीएल की लाईन डालने के कारण खराब हुई सड़कों को ठीक कराए जाने के संबंध में अधिशासी अधिकारी शामली को निर्देश दिए। बैठक में पालिका बाजार के बाहर संचालित अवैध टैंपो एवं फल सब्जी के ठेलों से जाम की समस्या आदि के संबंध में अधिशासी अधिकारी शामलीध्सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी क्षेत्राधिकारी एसडीएम को संयुक्त रूप से वेंडिंग जोन चिन्हित किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। बैठक में करनाल रोड से जिला अस्पताल तक नहर की पटरी पर लाइट की व्यवस्था न होने के संबंध में संबंधित को निर्देशित किया गया। बैठक में व्यापारियों द्वारा रोडवेज डिपो, रोडवेज बस अड्डा, प्रधान डाकघर आदि समस्या बताई गई जिसको लेकर संबंधित को निर्देशित किया गया। बैठक में उपायुक्त प्रशासन विजय कुमार, राज्य कर, साहयक श्रमायुक्त अचला पाण्डेय मौजूद रहे।

**शामली।** कलेक्ट्रेट के सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में जिला उद्यमियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समस्याओं को सुनते हुए उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए है।

शुक्रवार को बैठक में वित्तीय वर्ष 2024- 25 एकल खिड़की योजनाधनिवेश मित्र योजना की भी समीक्षा करते हुए विभाग की योजना यथा एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की प्रगति जानते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में प्रगति जानते हुए उपयुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया। बताया कि योजना में 1000 लक्ष्य के सापेक्ष 420 आवेदन पत्र बैंकों को ऋण हेतु बैंकों को भेजे गए हैं। परंतु बैंकों द्वारा सहयोग नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण प्रगति खराब है। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए योजना में प्रगति के निर्देश के साथ ही योजना में प्रतिदिन की रिपोर्ट भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि उक्त योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने योजना को लेकर लापरवाह बैंकों को पर भी एफआईआर की कार्रवाई के भी निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने उक्त योजना के संबंध में सीएससी प्रबंधक, आईटीआई को भी अपेक्षित प्रगति के निर्देश दिए। बैठक में नेप्स योजना में इकाइयों को लाभ दिलवाने के लिए आईटीआई के प्रधानाचार्य को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग शामली जैस्मिन, साहयक आयुक्त उद्योग इशिता मित्तल, आशीष जैन, अंकित गोयल आदि मौजूद रहे।

# खुले में रखे ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से महिला सफाईकर्मी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन के मोहल्ला मुजावरान में कालू की चक्की के सामने एक विद्युत ट्रांसफार्मर खुले में रखा है जिसको किसी भी तरह से बेरीगेट नहीं किया गया है। निशा पत्नी राजकुमार निवासी मोहल्ला रेती थाना भवन वहां पर सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत थी जो शुक्रवार की दोपहर वहां पर सफाई करने के लिए गई थी जब वह वहां पर सफाई कर रही थी तो पास में ही रखे खुले विद्युत ट्रांसफार्मर के तारों की चपेट में आ गई। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई।आनन फानन में लोगों ने महिला को थाना भवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर पहुंची थाना भवन पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के छः लड़की व दो लडके है जिनमे एक लड़की व एक लड़का अविवाहित है। घटना के बाद स्थानीय लोगों जगमाल, पकंज कुमार, धर्मपाल विशाल कुमार, मुक. ेश कुमार, सोनू कुमार, कालू राम, ने बताया कि खुले मे रखे टांसफार्मर से कुछ वर्ष पूर्व मोहल्ला निवासी प्रितम के साथ भी हादसा हुआ था तब से ही वे बार बार इसकी शिकायत कर रहे है लेकिन विद्युत विभाग ने इस और कोई ध्यान नही दिया एस डी ओ विद्युत विद्युत विभाग ने कहा कि मामला उनकी जानकारी मे नही था शीघ्र ही नगर के सभी ट्रासफार्मरो की बेरिगेटिंग कराई जाएगी।




थानाभवन। मृतक का फाइल फोटो व मौके पर मौजूद लोग।

# लापता युवक का शव नाले से मिला, हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत 4 फरवरी से लापता युवक का शहर के माजरा रोड स्थित गंदे नाले से सडी गली अवस्था में शव बरामद हुआ है। नाले की सफाई के दौरान शव दिख सका। जिसके बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव की शिनाख्त करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस युवक की मौत के कारणों का पता लगाने में लगी है।

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव सिलावर निवासी 25 वर्षीय शुभम पुत्र जसपाल गत 4 फरवरी को लापता हो गया था। शुभम की परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नही लग सका। शुक्रवार को नगर पालि. का के कर्मचारी शहर के माजरा रोड स्थित शौर्य पैलेस के बाहर नाले की सफाई कर रहे थे तो अचानक से युवक का शव दिखाई दिए। युवक का शव बहता हुआ नाले में आकर फंस गया। जिससे कर्मचारियों में हडकंप मच गया। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को गंदे नाले से बाहर निक. ाला गया। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर मामले की जांच कराई। जिसके बाद युवक के हाथ पर लिखे एस और अन्य कागज के माध्यम से उसकी शिनाख्त हो सकी। मृतक युवक कुछ समय पूर्व शहर के गौशाला रोड पर हुई चोरी की घटना में शामिल होने के कारण जेल गया था और एक महीने पहले की जमानत पर बाहर आया था। जबकि परिजनों द्वारा 18 फरवरी को उसकी गुमशुदगी थाना आदर्शमंडी में दर्ज कराई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस युवक की मौत के कारणों का पता लगाने में लगी है।

## एक नजर

### प्रदेश सरकार के बजट में व्यापारियों की आशाएं रही अधूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की अध्यक्षता में शामली के शिव मूर्ति सुभाष चौक स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर हुई व्यापारियों की बजट समीक्षा बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने कहा कि बजट से व्यापारियों की आशाएं अधूरी रह गई बैठक में उपस्थित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि इस बार प्रदेश के व्यापारियों को उम्मीद थी की बजट में छोटे व्यापारियों की प्रमुख मांग कि उन्हें 60 वर्ष से ऊपर के व्यापारी को ₹3000 प्रतिमा की पेंशन योजना तथा व्यापारी के स्टॉक का बीमा सरकारी स्तर पर करने वह उनका दुर्घटना बीमा 10 लाख से बढ़कर 20 लाख करने की घोषणा अवश्य की जाएगी मगर व्यापारियों की आशाएं अधूरी रह गई है व्यापारी वर्ग सदैव से ही सरकार को सहयोग करता रहा है व्यापारियों ने हर महा जीएसटी के माध्यम से करोड़ों रूपए का जीएसटी जमा कर सरकारके खजाने भरे हैं फिर भी व्यापारी को हर बार निराश होना पड़ता है प्रदेश सरकार ने बजट में छोटे व्यापारियों को बिना किसी गारंटी के 10 लाख रूपए तक का ऋण देने की घोषणा से छोटे व्यापारी को अपना व्यापार बढ़ाने के लिए धन के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा इसके लिए हम सरकार का आभार व्यक्त करते हैं इससे छोटे व्यापारी अपना व्यापार बढ़ा सकेंगे मगर व्यापारी की जीवन सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है प्रदेश के व्यापारियों को आशा है कि सरकार भविष्य में व्यापारियों की मूलभूत समस्याओं पर ध्यान देकर उनका जीवन सुरक्षा सुरक्षा व पेंशन की ओर ध्यान देगी बैठक में मुख्यत: सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठन महामंत्री, रवि संगल नगर महामंत्री, ऋषभ जैन, वैभव गोयल, महेश धीमान, गौरव गर्ग ,राजीव गर्ग ,आदि उपस्थित रहे।

### सात से दस मार्च तक मनाया जाएगा शामली महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान के नेतृत्व में,गर्व के साथ पहला शामली महोत्सव 2025 की घोषणा हो गई है, जो कृषि, कला और उद्योग के संगम का भव्य सामुदायिक उत्सव है। यह महोत्सव 7 से 10 मार्च 2025 तक वी।वी। पी।जी कॉलेज, शामली में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं- मनोरंजन, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और बॉलीवुड कलाकारों द्वारा मनोरंजन का भव्य आयोजन। स्टॉल्सरू राज्य भर से विभिन्न उत्पादों, कला और भोजन का अन्वेषण करें।सांस्कृतिक प्रदर्शनरू विभिन्न प्रदर्शनों और गतिविधियों के माध्यम से शामली की समृद्ध संस्कृति और धरोहर का अनुभव करें। फूड कोटरू क्षेत्र के अनूठे स्वादों को प्रतिबिम्बित करने वाले विविध व्यंजनों का आनंद लें। महोत्सव को लेकर जिलाधिकारी ने कहा, ष्शामली महोत्सव 2025 हमारे जिले की रचनात्मकता का उत्सव है। जो हमारे जिले की धरोहर को महत्व देता है।,इस भव्य उत्सव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे ,शानदार प्रस्तुतियों का आनंद लें, विविध उत्पादों का अन्वेषण करें, और स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखें। इस महोत्सव को सभी के लिए एक यादगार अनुभव बनाएं और शामली की संस्कृति को राष्ट्र के सामने प्रस्तुत करें।ष शामली जिला प्रशासन व्यवसायों, उद्यमियों, कलाकारों और जनता को इस उत्सव का हिस्सा बनने के लिए हार्दिक आमंत्रण देता है। यह उत्पादों को प्रदर्शित करने, नए ग्राहकों से जुड़ने और अपने ब्रांड को बढ़ाने का एक अद्भुत अवसर है। शामली के गौरव का हिस्सा बनें।

### फायरिंग मामले में दो दिन बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में फायरिंग के मामले में घटना के दो दिन बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। जबकि मामले की छानबीन करते हुए फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर जांच के लिए पहुंची।

बुधवार की देर शाम कस्बे के पंजाब नेशनल बैंक के पीछे मोहल्ला माजरा में दो बदमाशों द्वारा फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस बदमाशों तक नहीं पहुंच पाई, वहीं शुक्रवार की दोपहर फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर पहुंची, जिसमें उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार ने घटना से वीडियो ग्राफी कर मौके पर छानबीन की। मामले में महिला अंजू द्वारा निखिल व छोटे सहित एक अज्ञात के खिलाफ फायरिंग कर जानलेवा हमला करने का मुक. दमा दर्ज कराया है। पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु टीम के साथ दबिश दे रही है, लेकिन घटना के दो दिन बीतने के बाद पुलिस के हाथ खाली है।

# विद्युत विभाग ने चलाया वसूली अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** विद्युत विभाग द्वारा कस्बे में बकाया उपभोक्ताओं से वसूली हेतु अभियान चलाया गया, जिसमें ऊर्जा निगम की टीम ने विद्युत बिल बकाएदारों के कनेक्शन काटे ओर शुल्क भी वसूला। अवर अभियंता ने बताया कि कस्बे वासियों पर विद्युत विभाग के चार करोड़ रूपए से अधिक बकाया है।

शुक्रवार को विद्युत विभाग की टीम ने मौहल्ला कानूनगोयान सहित कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में चौकिंग अभियान चलाया, जिसमें बकाया उपभोक्ताओं के 15 कनेक्शन काटे गए।

अवर अभियंता सुरजीत कुमार ने बताया कि विद्युत बकाया तारों से करीब एक लाख की वसूली भी की।



झिंझाना। वसूली अभियान चलाती टीम। छाया शाह टाइम्स

उन्होंने कहा कि कनेक्शन विच्छेदन तथा बकाया वसूली का अभियान जारी रहेगा तथा अप्रैल माह में ओर तेजी लाई जाएगी। ऊर्जा निगम की टीम द्वारा की गई कार्रवाई से बिजली उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा रहा।

# एक अभियुक्त को कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में खनन अधिनियम के 1 मामले में 1 अभियुक्त को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई कारावास की सजा एवं 3,000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित भी किया गया। वर्ष 1998 में अभियुक्त जबरा उर्फ झबरा पुत्र फरजू निवासी ग्राम दभेड़ी थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेजेडी जेएम कैराना द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 3,000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# नगर में पटाखा मार बुलेट चालकों का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन में पटाखा मार बुलेट चालकों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ए चालक अपनी बुलेट बाइकों में अवैध साइलेंसर लगवाकर तेज धमाके जैसी आवाज पैदा कर रहे हैं जिससे रात के समय शांति भंग हो रही है। सोते हुए छोटे बच्चे इस तेज आवाज से घबरा कर उठ जाते हैं और डर के माहौल में रहते हैं।यह तेज धमाके जैसी आवाज न केवल बच्चों को डराने का काम कर रही है, बल्कि हृदय रोगियों के लिए भी बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। अचानक तेज आवाज से हार्ट पेशेंट्स को घबराहट या स्ट्रेस का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी सेहत पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। प्रशासन को पटाखा मार बुलेट चालकों के साथ साथ अवैध साइलेंसर मोडिफाई करने वाले मिस्त्रियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। इन मिस्त्रियों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर की जा रही मोडिफिकेशन से ही यह समस्या उत्पन्न हो रही है। प्रशासन को इस ओर ध्यान केंद्रित कर नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाकर अवैध साइलेंसर लगी पटाखा मार बुलेट मोटरसाइकिलों को जब्त किया जाए और ऐसे मॉडिफिकेशन करने वाले मिस्त्रियों पर भी कड़ी करनी करनी चाहिए। नगरवासियों का कहना है कि इस समस्या का जल्द समाधान हो ताकि नगर में शांति बनी रहे और लोग सुरक्षित महसूस कर सकें।

# दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर भाजू गांव में कट देने की मांग विधानसभा में उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** उत्तर प्रदेश की विधानसभा में चल रहे सत्र में थानाभवन विधायक अशरफ अली खां ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए थानाभवन क्षेत्र के विकास से जुडी हुई कई अहम मांगे विधानसभा में रखी। उन्होने गांव भाजू में दिल्ली देहरादून कॉरिडोर पर कट दिए जाने और थानाभवन क्षेत्र के तीन गांवों को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की मांग रखी।

गुरूवार को थानाभवन विधायक अशरफ अली खां ने विधानसभा में सरकार द्वारा कराए जा विकास कार्यो की सरहना करते हुए थानाभवन क्षेत्र में अधूरे पडे विकास कार्यो की मांग रखी। उन्होने दिल्ली देहरादून कॉरिडोर हाइवे पर गांव भाजू में हाईवे कट दिए जाने की मांग को राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार से कराने की मांग रखी। उन्होने कहा लगभग छः माह से किसान और स्थानीय लोग धरने पर बैठे है। कट के अभाव में स्थानीय लोगों और किसानों को काफी परेशानी होगी।

कहा कि कट दिए जाने से क्षेत्रवासियों को सुगम यात्रा सुविधा मिलेगी। विधायक अशरफ अली खां ने कहा कि थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के गांव भैंसानी इस्लामपुर, हसनपुर लुहारी और गढी अब्दुल्लाह खां की जनसंख्या और विकास को ध्यान में रखते हुए इन्हें नगर पंचायत का दर्जा दिया जाना जरूरी है। उन्होने सरकार से आग्रह किया कि इन गांवों के नगर पंचायत बनने के बाद लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। विधायक अशरफ अली खां ने जलालाबाद गंगोह रोड स्थित गंदेवडा संगम स्थल पर पुलिस चौक पोस्ट बनाने की मांग और थानाभवन में स्टेडियम बनाने की मांग रखी। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, शौचालय निर्माण और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पूरे देश में प्रथम स्थान पर है।

विधायक अशरफ अली द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए सरकार से की गई मांग की क्षेत्रवासियों ने सरहना की।



विस. में बात रखते विधायक अशरफ अली।

# रेप पीड़िता के परिजन पहुंचे एसपी कार्यालय, कार्रवाई की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** रेप पीडिता के परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितो ने कैराना पुलिस पर भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने निष्पक्ष जांच उपरांत कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

शुक्रवार को रेप पीडिता के परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे,जहां उन्होंने घटना से संबंधित एक शिकयती पत्र पुलिस अधीक्षक की गैर मौजूदगी में अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार को सौंपा। बताया कि 10ध11फरवरी की रात्रि गांव के ही एक पड़ौसी युवक ने अपने साथी युवक को साथ लेकर उसके मोबाइल से फोन करके नाबा. लिग को चाबी देने के बहाने घर से बाहर बुलाया और फिर ईख के खेत में लेजाकर उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म की जघन्य घटना को अंजाम दिया।खून से लथपथ नबालिग घर पहुंची और घटना के संबंध में परि. जनों को बताया। जिसके बाद परिजन नाबालिग को लेकर कैराना कोतवाली पहुंचे। परिजनों का आरोप है रेप पीड़िता को रात्रि दो बजे तक कोतवाली में ही बैठाए रखा,जिस कारण उसकी हालत अत्यधिक खराब हो गई। उनका कहना है कि रात्रि के समय ही एक कम्प्यूटर ऑपरेटर को बुलाया गया और उनकी तहरीर बदलवाई,जिसमें में से एक आरोपी का नाम ही गायब कर दिया गया, साथ ही वादी का नाम भी बदलाव दिया गया है। इसी तहरीर के आधार पर एक युवक को आरोपी बनाते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला दो अलग- अलग समुदायों से जुड़ा हुआ है। परिजनों का कहना है कि आजतक उन्हें एफआईआर की कॉपी तक नही दी गई है।मेडिकल,मजिस्ट्रेट के सामने बयान व पुलिस की पूछताछ होने के बाद भी हल्का दरोगा पीड़िता को कोतवाली बुलाने का दबाव बना रहा है। पुलिस अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी भी नही कर पाई है।



कैराना। एसपी कार्यालय पर पहुंचे लोग अपनी मांग रखते हुए। छाया शाह टाइम्स

### पंचायत कार्यालय में बैठता था आरोपी

रेप की घटना में शामिल युवक गांव में स्थित ग्राम पंचायत कार्यालय में बैठा देखा गया है। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी की बहन ग्राम पंचायत कार्यालय में सहायिका के रूप में कार्य करती थी,जिसकी शादी लगभग दो वर्ष पूर्व हो चुकी है। आरा. ेप है कि उसके स्थान पर आरोपी ही बैठकर कार्य करता था,जबकि इसकी यहां नियुक्ति भी नहीं हुई थी। यह सारा मामला ग्राम सचिव की शह पर चल रहा था,बिना किसी तैनाती के प्राइवेट युवक सरकारी दस्तावेजों की निगरानी लगा हुआ था और ग्राम सचिव लापरवाह बने हुए थे।सवाल यह उठता है कि जब महिला सहायिका की शादी होने का बाद उसके भाई को कार्यालय के सरकारी दस्तावेज किसकी अनुमति के बाद सौंपे गए और पूरी जानकारी खण्ड विकास कार्यालय को क्यों नही दी गई। ग्राम सचिव निशांत बालियान से जब बात की गई तो उनका कहना था कि सहायिका की शादी हो चुकी है,लेकिन उसने इस्तीफा नही दिया था। हैरानी की बात तो यह है कि लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी क्या सहायिका अपने पद पर बनी हुई थी। इस सवाल के जवाब में ग्राम सचिव ने चुप्पी साध ली और कहा कि छुट्टी लेकर ससुराल चली जाती थी।

.................................

तहरीर के आधार पर तुरंत मुक. दमा दर्ज किया गया है।परिजनों द्वारा लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं।निष्पक्ष जांच उपरांत कार्यवाही की जा रही है।

**बिजेंद्र सिंह रावत**
**कोतवाली प्रभारी निरीक्षक**
**कैराना**

# हेलमेट पहनने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन, परिवहन अनुभाग-3, लखनऊ द्वारा पत्र दिनांक 11 फरवरी, 2025 निर्गत करते हुए यह निर्देश दिए गए है कि उत्तर प्रदेश के सभी शासकीय एवं अर्द्ध-शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी जो दोपहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे हेलमेट अनिवार्य रूप से पहने और उनके साथ यात्रा करने वाले सहयात्री (पिलियन राइडर) के लिए भी हेलमेट पहनना आवश्यक हो। इसी प्रकार, जो अधिकारी/कर्मचारी चारपहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, ये वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें एवं अन्य सभी सह यात्रियों के लिए सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य हो। कार्यालयों के प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनुपालन की जांच करने पर यदि उक्त निर्देशों का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियोंध्कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही पर विचार किया जाएगा। इस संबंध में अटल कुमार राय, आयुक्त सहारनपुर मण्डल सहारनपुर द्वारा जिला प्रशासन शामली को शासन के उक्त निर्देशों का सभी कार्यालयाध्यक्षों द्वारा अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों से कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

# एससी ने एनसीएलएटी के आदेश पर लगाया स्टे

■ सुपरटेक और अन्य कंपनियों से मांगा प्रस्ताव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट ने सुपरटेक के 16 प्रोजेक्टों को एनबीसीसी को देने के एनसीएलएटी के आदेश पर स्टे लगा दिया है। अदालत ने नए सिरे से सुपरटेक और अन्य कंपनियों से 16 प्रोजेक्टों को पूरा करने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। सुपरटेक ने दावा किया है कि वह 12 से 24 महीने में 20 हजार लोगों को घर दे देगी। जिसका प्रस्ताव उसके पास तैयार है। मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल में होगी।

12 दिसंबर 2024 को एनसीएलएटी ने सभी प्रोजेक्टों को पूरा करने की जिम्मेदारी एनबीसीसी को सौंपी थी। सभी औपचारिकता पूरी करने के साथ मई 2025 में एनबीसीसी को काम शुरू करना था।



दिसंबर 2024 को एनसीएलएटी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी को सुपरटेक लिमिटेड की करीब 9,500 करोड़ रुपए की 16 आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कहा था। इन परियोजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और कर्नाटक में 49,748 मकान हैं।

**नोएडा के 25 हजार बायर्स:** एनबीसीसी को ये काम 12 से 36 महीनों में पूरा करने को कहा गया था। खास बात यह थी कि इसके लिए बायर्स को सिर्फ वहीं पैसा देना होता जो बिल्डर पर उसका पेंडिंग है। हालांकि इन प्रोजेक्ट में बनने वाले फ्लैट का अधिकांश पैसा बायर्स बिल्डर को दे चुके है। इन प्रोजेक्ट में नोएडा , ग्रेटरनोएडा और यमुना विकास के करीब 20 से 25 हजार बायर्स है।

**इन प्रोजेक्ट पर होगा काम:** इको. विलेज-3, स्पोर्टस विलेज, इकोसिटी, नाथआई, अपकंट्री, इकोविलेज-1, मेरठ स्पोर्टस सिटी, ग्रीन विलेज, हिलटाउन, अरावली, रिवर फ्रेंष्ट, इकोविलेज, केपटाउन आदि प्रोजेक्ट शामिल है। जिनको पूरा करने की जिम्मेदारी अब एनबीसीसी को होगी।

# जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस बी पीड़ित गर्भवती की भी होगी डिलीवरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला अस्पताल में अब हेपेटाइटिस बी से पीड़ित गर्भवती महिलाओं की भी डिलीवरी हो सकेगी। अस्पताल को डिलीवरी के 24 घंटे के अंदर नवजात को लगने वाले हेपेटाइटिस बी इम्यून ग्लोब्युलिन वैक्सीन मिल गई है। अभी तक वैक्सीन नहीं होने की वजह से दिल्ली रेफर किया जाता है। इससे गर्भवती महिलाओं को परेशानी होती थी।

राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत हेपेटाइटिस बी व सी के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए जिला अस्पताल व साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क जांच की जा रही है। जांच में सकारात्मक मिलने पर दवा भी उपलब्ध कराई जा रही है। लगातार इनका फालोअप लिया जा रहा है। इसके लिए जिला अस्पताल में विशेष ओपीडी चल रही है।इन बीमारी के मरीजों को बेहतर इलाज देने के लिए बाल चिकित्सालय व स्नातकोत्तर संस्थान में हेपेटाइटिस बी और सी के वायरल लोड की भी निशुल्क जांच की जा रही है।

वारयल लोड की जानकारी के बाद ही मरीज की गंभीरता की जानक. ारी मिल पाती है, जिससे डॉक्टर सटीक इलाज कर पाते हैं। वहीं कार्यक्रम के तहत अस्पताल में जांच का दायरा भी बढ़ाया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले लोगों को भी हेपेटाइटिस बी सी के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि वह अस्पताल आकर जांच करा सकें। इस दौरान अगर गर्भवती महिला के जांच में हेपेटाइटिस बी पुष्टि होती है तो डिलीवरी के लिए रेफर कर दिया जाता है। दिल्ली के अस्पतालों में भर्ती के दौरान भी परेशानी होती है।

**बच्चे को लगेगी वैक्सीन:** राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के नोएल ऑफिसर डॉ. ऋषभ कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक हेपेटाइटिस बी पीड़ित गर्भवती महिलाओं की डिलिवरी जिला अस्पताल में नहीं होती थी। अब यह सुविधा शुरू हो गई है। वैक्सीन मिलने से हेपेटाइटिस पॉजिटिव गर्भवती महिलाओं के बच्चे को 24 घंटे के अंदर इम्यून ग्लोब्युलिन वैक्सीन लग सकेगी।

# युवक को गोली मारने वाले दो भाई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से एक पिस्टल और तमंचा बरामद किया है।

घटना सरकपुर गांव की है। पीड़ित के पिता नरेश उर्फ लीलू ने बताया कि बुधवार रात उनके बेटे सुमित की पड़ोसियों से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद आरोपी उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने दुकान पर बैठे सुमित पर कई राउंड फायरिंग की। एक गोली सुमित के पेट में लगी। इतना ही नहीं, आरो. पियों ने उसे डंडों से भी पीटा।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने वरुण, लकी, सुभाष जयप्रकाश और विना. ेद समेत तीन अन्य लोगों के खिलाफ



केस दर्ज किया। शुक्रवार को पुलिस ने दो सगे भाई लकी और वरुण को गिरफ्तार कर लिया।

दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगी हुई हैं। घायल सुमित की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## गलगोटिया यूनिवर्सिटी में हंगामा, वीडियो वायरल

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी के बाहर एक विवाद ने तूल पकड़ लिया। दो छात्राओं के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

यह घटना दो दिन पहले की बताई जा रही है। वीडियो में दिख रहा है कि दोनों छात्राएं एक-दूसरे से भिड़ गईं। दोनों ने एक-दूसरे के बाल खींचे और जमीन पर गिराने की कोशिश की। मौके पर मौजूद अन्य छात्र-छात्राओं ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। लेकिन स्थिति काबू से बाहर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह विवाद किसी निजी मामले को लेकर शुरू हुआ। जो बाद में हिंसक झगड़े में बदल गया। हालात को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों को बीच में पड़ना पड़ा। दनकौर कोतवाली के प्रभारी ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है।

# सीपी, जिला जज व डीएम ने सखी वन स्टॉप सेन्टर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, जिला जज अवनीश सक्सेना और डीएम मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को सेक्टर-62 स्थित सखी वन स्टॉप सेन्टर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित को निर्देशित किया गया कि यहां रहने वाले सभी बच्चों की सभी जरूरतों का विशेष ध्यान रखा जाए। बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ उनकी शिक्षा पर भी जोर दिया जाए। जिससे उनका शारीरिक और मान. सिक विकास हो सके और वह भविष्य में एक बेहतर नागरिक बन सके। सभी बच्चों के लिए पर्याप्त संख्या में पाठन सामग्री, खेलकूद की सामग्री, निशुल्क विधिक सहायता सम्प्रेक्षण गृह में ही उपलब्ध कराई जाए।

इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने सखी वन स्टॉप सेन्टर में रहने वाली सभी महिलाओं से वार्तालाप करते हुए उनका कुशलक्षेम लिया गया तथा सेंटर के संचालकों को निर्देशित किया कि सेंटर के अंदर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। वहां रहने वाली सभी महिलाओं की मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए तथा समय-समय पर उनकी काउंस. लिंग की जाए। सभी महिलाओं को जरूरत के हिसाब से कानूनी, चिकित्सा और मानसिक काउंस. लिंग की सुविधा प्रदान की जाए। हिंसा से पीड़ित महिलाओं की





विशेष काउंसलिंग करते हुए ऐसी महिलाओं को सकारात्मक माहौल प्रदान करने का प्रयास किया जाए।

इस दौरान तीनों अधिकारियों द्वारा बचपन डे केयर सेंटर में जाकर दिव्यांग बच्चों से मुलाकात की गई। सभी बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य तथा समग्र विकास के लिए, बच्चों की प्रतिभा को उभारने, उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने, शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराने और बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए वहां उपस्थित शिक्षक व संस्था के लोगों से वार्तालाप कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह, डीसीपी महिला सुरक्षा सुनिति, एडीसीपी नोएडा सुमित कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### संपत्ति में हिस्सा न देने का आरोप, पिता-भाई पर केस

**नोएडा।** संपत्ति में हिस्सा नहीं देने पर बेटी ने सेक्टर-39 थाने में पिता और भाई के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस पिता-पुत्र से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। शिकायत में सेक्टर-41 निवासी पूजा शर्मा ने बताया कि वह वर्तमान में जिस मकान में रह रही हैं, इसके मूल आवंटी उसके दादा थे। उन्होंने इसकी वसीयत पूजा के पिता जयप्रकाश शर्मा के नाम कर दी। आरोप है कि जयप्रकाश शर्मा ने अपनी बेटी को हक और अधिकार से वंचित करते हुए मकान की अवैध और फर्जी गिफ्ट डीड अपने बेटे अमित शर्मा के हक में कर दी। जबकि, इस मकान में पूजा 25 साल से रह रहीं हैं। इस मामले की जांच एसडीएम दादरी कर रहे हैं।

### चारदीवारी तोड़कर प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर में एक महिला ने कुछ लोगों पर प्लॉट की चारदीवारी तोड़कर कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। विरोध करने पर उनके पति के साथ मारपीट की गई। पीड़िता की शिकायत पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक मंगरौली गांव की रहने वाली छाया शर्मा परिवार के साथ दिल्ली में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि मंगरौली गांव में उनकी पैतृक संपत्ति है। कुछ लोग उनके प्लॉट की चारद. ीवारी को तोड़कर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले दोनों आरोपियों ने प्लॉट की चारदीवारी तोड़ दी।

# पुलिस ने घरेलू सहायिका को चोरी के आरोप में किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना फेस-3 पुलिस ने एक घरेलू सहायिका को घर से चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने घर से गहने और नगद पैसे चुराए थे, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बरामद किया है।

जानकारी के मुताबिक, 19 फरवरी को पीड़ित ने थाना फेस-3 में अपनी घरेलू सहायिका पूजा के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया था। पीड़ित का आरोप था कि पूजा ने उसके घर से पैसे और आभूषण चोरी किए थे। इस मामले में घर में काम करने वाली पूजा भी फरार थी। 20 फरवरी को थाना फेस-3 पुलिस वांछित आरोपी पूजा को सेक्टर-71 के




पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी के आभूषण और आठ हजार रुपये नगद बरामद हुए। बरामद आभूषणों में एक चौन, गले का हार, कान के टॉप्स, लॉकेट और अंगूठी शामिल हैं। पुलिस ने बताया है कि अभियुक्ता पूजा, पत्नी अरविंद कुमार, मूल रूप से ग्राम स्याना, जिला बुलंदशहर की निवासी है और वर्तमान में सेक्टर-73, सर्फाबाद, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर में रहती है। उसकी उम्र 27 वर्ष है। पूजा के बारे में पुलिस ने जानकारी शेयर करते हुए बताया है कि वह घरों में काम करती है और उसी के जरिए अपना जीवन यापन करती है।

# वैश्य समाज ने मुख्यमंत्री को दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली की मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण के बाद वैश्य समाज ने दिल्ली के शालीमार से विधायक रेखा गुप्ता को दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री को बधाई दी। उन्हें बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ था, इसी कड़ी में नोएडा अग्रवाल मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन गौतमबुद्धनगर के जिला अध्यक्ष संजय कुमार गोयल, भाजपा युवा मोर्चा नोएडा महानगर के जिला महामंत्री एवं अग्रवाल मित्र मंडल के मीडिया प्रभारी तुषार गोयल ने उनसे शिष्टाचार भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन गौतमबुद्धनगर के जिला अध्यक्ष संजय कुमार गोयल ने कहा कि रेखा गुप्ता बहन जी को पदभार देने के लिए शीर्ष नेतृत्व का बहुत-बहुत आभार और नवनिर्वाचित आदरणीय सीएम साहिबा को बहुत-बहुत बधाई, अनंत शुभकामनाएं। इनके साथ ही अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता एवं समस्त कार्यकारिणी द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# सेक्टर-22 में विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे वरिष्ठ परियोजना अभियंता, कई योजनाओं को दी मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ परियोजना अभियंता गौरव बंसल द्वारा सेक्टर 22 के विलोपित पार्क और नाले के साथ वाली जगह का निरीक्षण किया गया और टीम आर डब्ल्यू ए द्वारा किए गए सौंदर्यीकरण को सराहा और कहा कि उत्कृष्ट कार्य आप की टीम द्वारा किया है।

इस जगह पर आप और क्या करना चाहते हैं। पूछने पर टीम आर डब्ल्यू ए ने विस्तृत तरह से उनको बताया कि पूरी जमीन पर हरित पट्टी और आगे एच ब्लॉक कोने तक बिजली खंभे प्रकाश सहित लगवाने हैं। जिसको उन्होंने तुरंत स्वीकृत कर लगवाने का आश्वासन दिया। हरि



पट्टी में एच ब्लॉक कोने तक नाले की दिवार सात फुट ऊंची करने के लिए भी सर्किल 5 को पत्र प्रेषित करने का आश्वासन दिया। मौशमी फलदार और फूलों के वृक्ष तथा बेंच के लिए उद्यान विभाग से संपर्क करने के लिए कहा। साथ ही वरिष्ठ परियोजना अभियंता द्वारा बताया गया कि नोएडा प्राधिकरण को कोई भी आपत्ति नही है आपकी टीम जनहित के लिए और सेक्टर वासियों के हित में नेक कार्य कर रही है और प्राधिकरण आपकी हर संभव मदद करता रहेगा। समस्त जे, आई, एच ब्लॉक्स के निवासियों ने हार्दिक प्रसन्नता जाहिर की और अभियंता महोदय का आभार प्रकट किया। यहां यह बताना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि यह वो जगह है जहां से किसी का भी निकलना कठिन था और सांस लेना भी दूभर था। इसको संवारने और निखारने में टीम आर डब्ल्यू ए के सह सचिव डॉ विपुल रॉय का महा योगदान रहा है और समस्त सेक्टर 22 आगे भविष्य में यही उम्मीद करता है। टीम आरडब्ल्यूए से रवि शर्मा, मदन शर्मा, लक्ष्मण धस्माना, रवि विश्वकर्मा, डॉ विपुल रॉय , देवेंद्र रावत, पद्मेश पाठक ,रवींद्र शेखावत, शादाब खान, सुशील राणा के द्वारा अधिकारीगण का स्वागत किया गया। संजय, राम सिंह, इमरान खान, ओर अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## महाकुंभ से पवित्र गंगा जल गौतमबुद्धनगर जेल पहुंचा

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिला कारागार में एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। बंदियों ने महाकुंभ से लाए गए गंगाजल से स्नान किया। कार्यक्रम सुबह 8:30 बजे शुरू हुआ।कारागार परिसर में रह रहे परिवारों को भी संगम का पवित्र जल दिया गया। इसके लिए 500 बोतलें वितरित की गईं। जेल अधिकारियों ने त्रिवेणी संगम से पवित्र जल मंगवाया। 11 विद्वान पंडितों के साथ बंदियों ने ढोल-ताशे के साथ कलश यात्रा निकाली। यात्रा सभी बैरकों में गई। बंदी पुष्पवर्षा कर कलश का स्पर्श कर आशीर्वाद ले रहे थे। इसके बाद जल कुंड में पवित्र जल मिलाया गया।जेल अधीक्षक बृजेश कुमार ने बताया कि सांस्कृतिक मान्यताओं के अनुसार अमृत की एक बूंद से पूरा जल पवित्र हो जाता है।

# नए उपकेंद्र से 15 सेक्टर जगमग होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** विद्युत निगम द्वारा शहर में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से सटे हुए सेक्टर-45 में नया बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है। इससे एक्सप्रेसवे से सटे हुए 15 से अधिक सेक्टरों के उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति मिलेगी। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार बढ़ती बिजली की मांग को सेक्टर-45 में 220 केवी का बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है। इस बिजली उपकेंद्र को बनाने का कार्य वर्ष 2021 से चल रहा है। करीब 70 करोड़ की लागत से 220 केवी का ये उपकेंद्र अप्रैल तक बनकर तैयार हो जाएगा। उपकेंद्र को सेक्टर-148 स्थित 400 केवी के बिजली उपकेंद्र से जोड़ा जाएगा। दोनों बिजली उपकेंद्र को जोड़ने की लाइन का कार्य भी प्रगति पर है। उपकेंद्र का 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

विद्युत निगम का ट्रांसमिशन विभाग भी बीच-बीच में बिजली उपकेंद्र का निरीक्षण करने जा रहा है। इससे बिजली उपकेंद्र के तैयार होने से एक्सप्रेस-वे के आसपास के 10 से 15 सेक्टरों के उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा शहर के अन्य सेक्टरों के उपभोक्ताओं को भी उपकेंद्र का लाभ मिलेगा। सेक्टर-45 में 220 केवी का बिजली उपकेंद्र शहर का पांच वां 220 केवी का बिजली उपकेंद्र होगा। शहर का सबसे पहला 220 केवी का बिजली उपकेंद्र सेक्टर-20 में है। इसके अलावा सेक्टर-129, सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन और सेक्टर-162 में 220 केवी का बिजली उपकेंद्र है।

# डॉ. महेश शर्मा ने ज्वैलरी शोरूम का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** इवाना ज्वेलर्स (सूरत) सेक्टर 18 नोएडा में तीन दिवसीय एक्सक्लूसिव लैब-ग्रोन डायमंड और पोल्की ज्वैलरी शोरूम का भव्य उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ महेश शर्मा ने किया। इस मौके पर सीए विपिन साहनी (संस्थापक, मयूर स्कूल), सुशील जिंदल व किरण जिंदल (सूरत), रहमान इलाही (एमडी, यूनाइटेड प्रेशर कुकर एवं संस्थापक मयूर स्कूल) सीए प्रदीप गोयल, शिल्पी गोयल, योगित जिंदल व आयुषी जिंदल सहित नोएडा शहर कर तमाम अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जबकि श्रीमती सावित्री जिंदल (चेयरपर्सन एमरिटस ओपी जिंदल ग्रुप ) 23 फरवरी को मुख्य



अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी।

इस मौके पर मुख्य अतिथि व उद्घाटन कर्ता सांसद डॉ महेश शर्मा ने इवाना ज्वेलर्स के बारे में कहा कि इवाना ज्वेल्स (सूरत), लैब-ग्रोन डायमंड और पोल्की ज्वैलरी का नोएडा में विस्तार हुआ है और यह आभूषण प्रेमियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा उन्होंने इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं भी दी।

अपने उद्बोधन में सीए प्रदीप गोयल ने बताया की नैतिक और टिकाऊ आभूषणों की बढ़ती मांग के साथ, इवाना ज्वेल्स का लक्ष्य उच्च गुणवत्ता वाले, पर्यावरण के अनुकूल और उत्तम प्रयोगशाला में उगाए गए हीरे और पारंपरिक पोल्की आभूषण प्रदान करना है। शोरूम आधुनिक खरीदारों के लिए डिजाइन किए गए एक विशेष संग्रह की पेशकश करेगा जो विलासिता और स्थिरता दोनों चाहते हैं।

उन्होंने बताया, नोएडा एक लक्जरी रिटेल हब के रूप में उभर रहा है, जो इसे इवाना ज्वेलर्स (सूरत ) के विस्तार के लिए एकदम सही गंतव्य बनाता है। सेक्टर 18 में अपने रणनी. तिक स्थान के साथ, यह शोरूम उच्च श्रेणी के ग्राहकों, दुल्हन के खरीदारों और समकालीन और विरासत डिजाइनों की तलाश करने वाले आभूषण प्रेमियों को पूरा करेगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# एक परिवार एक पहचान कार्ड बनवाने से राशन कार्ड बनने में नहीं होगी कोई परेशानी: सीडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने एक परिवार एक पहचान में पंजीकरण कराने को लेकर जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि एक परिवार एक पहचान पर पंजीकरण करना अनिवार्य है उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों के राशन कार्ड नहीं बने हैं वह अपना एक परिवार एक पहचान के पोर्टल पर अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र/अपने एन्ड्रायड फोन के माध्यम से पोर्टल पर पहुंचकर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें जिससे उन सभी लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी जानकारी दी की फैमिली आईडी बनाये जाने के सम्बन्ध में यह भ्रान्ति उत्पन्न हो रही है कि फैमिली आईडी बन जाने के बाद राशन कार्ड का लाभ नही मिल पायेगा इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निम्नानुसार स्थिति स्पष्ट की गई है। राशन कार्ड से अनाच्छादित परिवार जो राशन कार्ड के पात्र है परन्तु उनका राशन कार्ड नहीं बना है, वह फैमिली आईडी पोर्टल के माध्यम से फैमिली आईडी बनवा सकते हैं। फैंमिली आईडी बन जाने के उपरान्त पात्रतानुसार कभी भी राशन कार्ड बनाए जाने हेतु आवेदन कर सकते है। मात्र पूर्व से फैमिली आई0डी0 बने होने के कारण उनकी पात्रता पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा। उनकी पात्रतानुसार राशन कार्ड बनाया जा सकता है। राशन कार्ड से अनाच्छादित परिवार जिनकी पोर्टल



के माध्यम से फैमिली आईडी बनायी गयी है, उन परिवारों का राशन कार्ड बन जाने के उपरान्त राशन कार्ड संख्या ही उनकी फैमिली आईडी होंगी। राशन कार्ड निर्गत होने के उपरान्त राशन कार्ड की सुविधायें परिवारों द्वारा प्राप्त की जा सकेंगी। कतिपय प्रकरणों में राशनकार्ड धारक परिवार के पात्र न रह जाने की दशा में भी राशनकार्ड संख्या के पांचवी डिजिट के स्थान पर अंक 8 तथा शेष समस्त अंक राशन कार्ड संख्या की ही भांति समान रखते हुए फैमिली आईडी निर्गत की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया कि भविष्य में आने वाली लाभार्थीपरक योजनाओं में उन्हीं लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा जिनका या तो राशन कार्ड बना होगा या फैमिली आईडी बनी होगी यदि दोनों में से कोई भी आईडी नहीं बनी हुई होगी तो उन्हें वर्तमान में चल रही योजनाएं एवं भविष्य में आने वाली लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभान्वित नहीं किया जाएगा।

## महिलाओं को स्वरोजगार की ओर ले जाना प्रमुख लक्ष्य: पूनम परिहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** स्वयं सेवी संस्था संदेश द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय फल प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खाद्य प्रसंस्करण विभाग से आये प्रशिक्षक अरुण झा ने मौसमी फल व सब्जियों से अचार, मुरब्बा, जैम, व चटनी आदि बनाना सिखाया। संदेश की सचिव पूनम परिहार ने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं को स्वरोजगार से जोडने के लिए विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता हैं। इसी क्रम में ग्रामीण आंचलों की महिलाओं के लिए खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण के माध्यम से अचार, चटनी,मुरब्बा, जैम आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया



गया। जिसके माध्यम से महिलाएं घर बैठे अपना रोजगार कर सकती है। तथा अपने परिवार के लिए आमदनी बढ़ाने का जरिया बन सकती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केई गाँवों की युवतियों व महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में संद. ेश के सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना, अंशु, रामायण, सुशीला, गौरा सुनीता आदि उपस्थित रहे।

# गढ़ आसपास

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई होटल मालिक की मौत



**गढ़मुक्तेश्वर।** होटल कारोबारी की संदिग्ध दशा में मौत होने से नगर समेत क्षेत्र में शोक की लहर दौडने पर विभिन्न संगठनों ने दिवंगत आत्मा की शांति को प्रार्थना की। गढ़ के मोहल्ला घोसियान में रहने वाले करीब 55 वर्षीय होटल कारोबारी संदीप शर्मा (वीशू) का बुधवार की देर रात को संदिग्ध दशा में मौत हो गई। जिसका पता लगते ही नगर में हर तरफ शोक की लहर दौड़ गई। तीर्थ पुरोहित संघ, ब्राह्मण महासभा, व्यापार मंडल, होटल एसोसिएशन समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने शोक सभा कर दिवंगत आत्मा की शांति को प्रार्थना की। अपने माता पिता के साथ महाकुंभ में डुबकी लगाकर गुरुवार की सुबह वापस लौटी पत्नी और दो मासूम बच्चों का संदीप शर्मा के निधन की खबर सुनते ही रो रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद शव का ब्रजघाट गंगा किनारे दाह संस्कार किया गया। गढ़ में स्याना चौपला पर पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित होटल में किठौर क्षेत्र के दो युवकों द्वारा मैनेजर के साथ मारपीट किए जाने की सूचना पर संदीप शर्मा (वीशू) वहां पहुंचे थे, परंतु कार से नीचे उतरते ही अचानक तबियत बिगड़ गई। आनन फानन में चिकित्सक के पास ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होटल कारोबारी की मौत का असल कारण सामने आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी, हालांकि किठौर कस्बे से जुड़े दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मौत की असली वजह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही चल पाएगी।

## धारदार हथियार और लाठी डंडों से किया जानलेवा हमला, घायल

**गढ़मुक्तेश्वर।** पत्नी से छेडखानी का विरोध करने पर घर को लौट रहे मजदूर पर रास्ते में घात लगाकर खड़े लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया, जिसे राहगीरों ने अस्पताल में भर्ती करा दिया। सिंभावली क्षेत्र के गांव बक्सर का मजदूर बुधवार की दोपहर को कामकाज के बाद वापस घर लौट रहा था। इस दौरान बक्सर नहर के रास्ते पर टेंपो लेकर आए युवकों ने जान से मारने की नीयत से उस पर धारदार हथियार और लाठी डंडों से हमला कर दिया। रास्ते से होकर आने जाने वालों ने घायल मजदूर को बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचा दिया। जहां उपचार के बाद होश में आने पर पीडिघ्त ने हमलावरों के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए कड़ी कार्रवाई कराए जाने की गुहार लगाई है। पीडिघ्त का आरोप है कि एक दिन पहले ही हमलावरों ने उसकी पत्नी से छेडखानी की थी, जिसका विरोध करने पर वे बुरी तरह भडक गए और मजदूरी से घर लौटते समय रास्ते में हमला कर दिया। इंस्पेक्टर श्योपाल सिंह का कहना है कि तहरीर पर जांच पड़ताल कराई जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## टोल कर्मियों पर हमला करने के मामले में हुआ मुकदमा दर्ज

**गढ़मुक्तेश्वर।** टोल टैक्स को लेकर हुए संघर्ष के दौरान सिर में फायर सिलेंडर लगने से घायल हुए कर्मचारी की तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने हरियाणा से जुड़े चार श्रद्धालुओं को जेल भेजा। हरियाणा के बहादुरगढ़ और दिल्ली के नजफगढ़ क्षेत्र में रहने वाले विक्रम, सीताराम, गौतम, सुरेंद्र सिंह बुधवार की सुबह अपनी दिवंगत चाची किताब कौर की अस्थियां लेकर ब्रजघाट तीर्थनगरी में आए थे। जहां गंगा की जलधारा में अस्थियां विसर्जित करने के उपरांत वापस लौटते समय टोल प्लाजा पर टैक्स वसूली को लेकर कर्मचारियों से कहासुनी हो गई थी। जिसने कुछ ही पलों के भीतर उस समय उग्र रूप ले लिया था, जब तीन कारों में सवार हरियाणा के श्रद्धालुओं ने लाठी डंडों से हमला करते हुए कार में रखे फायर सिलेंडर से टोल कर्मी रोहित के सिर में वार कर दिया। जिसमें घायल होने पर रोहित को गंभीर हालत में गढ़ सीएचसी से मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत से हालात को काबू में करते हुए हरियाणा और नजफगढ़ से जुड़े चार लोगों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया था। टोल प्लाजा के डीजीएम दिनेश कुमार द्वारा दी गई तहरीर के आधार हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करते हुए विक्रम, सीताराम, गौतम, सुरेंद्र सिंह को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। हरियाणा और नजफगढ़ से जुड़े चार यजमानों के विरुद्ध टोल कर्मियों से हुए विवाद को लेकर हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेजे जाने से स्थानीय गंगा पुरोहितों में नाराजगी व्याप्त हो रही है। इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने बताया कि टोल मांगने का विरोध करते हुए कर्मचारी रोहित के सिर में फायर सिलेंडर से वार करने वाले हरियाणा के चार युवकों को हत्या के प्रयास के मामले में जेल भेजकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## श्रम परिवर्तन और एएचटीयू टीम ने की छापामारी

**सिंभावली/गढ़मुक्तेश्वर।** बाल श्रम निषेध अभियान के तहत एएचटीयू और श्रम प्रवर्तन विभाग की टीम ने कई स्थानों पर छापामारी कर कामकाज करते मिले चार नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू करते हुए संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में जनपद स्तर पर बाल श्रम की रोकथाम को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत थाना एएचटीयू और श्रम प्रवर्तन विभाग की संयुक्त टीम ने सिंभावली क्षेत्र में कई घंटों तक छापामारी की। इस दौरान कई दुकान एवं होटलों से लेकर कारखाने और वर्कशॉप में सघन चौकिंग की गई। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि छापामारी के दौरान दुकान, होटल, कारखाने और वर्कशॉप में चार नाबालिग बच्चे कामकाज करते हुए मिले, जिन्हें रेस्क्यू करते हुए परि. जनों के सुपुर्द कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिन प्रतिष्ठानों में नाबालिग बच्चे कामकाज करते हुए मिले थे, उनके विरुद्ध भी बाल श्रम निषेध कानून के तहत कार्रवाई की गई है।

# भारतीय ज्ञान परंपरा एवं योग पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** शुक्रवार को मोनाड विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं योग पर चल रही दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल समापन हुआ। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. एनपी गिरी ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी हिसार हरियाणा, प्रो. ओम नारायण तिवारी पतंजलि यूनिवर्सिटी हरिद्वार, डा. पवन चौहान प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर (योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा) एनआईओएस नोएडा, डा. रविकांत तिवारी संयोजक योग विभाग केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, रणवीर परिसर जम्मू उपस्थित हुये। इस संगोष्ठी में विवि के प्रतिकुलाधिपति डा. एनके सिंह, कुलपति डा. मोहम्मद जावेद, उपकुलपति एवं कुलसचिव कर्नल डा. डीपी सिंह, उपकुलपति प्रशास. निक प्रो. योगेश पाल सिंह, उपकुल. पति (अकादमिक) जयदीप कुमार एवं उपकुलपति (एडमिशन) रों. हत शर्मा ने समस्त अतिथियों को शॉल पहनाकर व प्लॉट सैंपलिंग देकर स्वागत किया। इस संगोष्ठी में देशभर के विद्वानों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों और योगाचार्यों ने भाग लिया और भारतीय ज्ञान परंपरा एवं योग के विभिन्न पहलुओं पर




विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों ने भारतीय ज्ञान परंपरा की प्राचीनता, इसकी वैज्ञानिकता और आधुनिक समय में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की। योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर विशेष व्याख्यान दिए गए। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक समग्र जीवनशैली है, जो शारी. रिक, मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान का माध्यम है। इस अवसर पर विवि के कुलपति ने समापन सत्र में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और योग का योगदान संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी प्राचीन परंपराओं को पुनर्जीवित कर आधुनिक संदर्भों में उनका उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर प्रतिभाग करने वाले शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए जिसमें ऑनलाइन के माध्यम से इंदा अरिवंती सहायक प्रोफेसर एकेआई विश्वविद्यालय इंडोनेशिया ने अपना शोध पत्र पढ़ा और अपने शोध के बारे में विस्तार से बताया। विवि द्वारा समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन डा. सुशील कुमार एवं डा. दीपिका चौहान ने किया। इस कार्यक्रम में स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स के संकायाध्यक्ष डा. सुनील कुमार श्रीवास एवं विभागाध्यक्ष डा. प्रदीप कुमार का विशेष योगदान रहा। विवि के मानविकी और सामाजिक विज्ञान संकाय की संकायाध्यक्ष डा. सोमा दास ने संगोष्ठी के सफल समापन के लिये सभी विद्वानों, शोधार्थियों और आयोजन समिति के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में शोध निदेशक डा. पंकज कुमार सिंह, डा. गरिमा गुप्ता, डा. प्रताप सिंह, डा. अमित सिंह, डा. रिचा यादव, डा. शिल्पी सिंह, डा. सौरभी दत्ता, डा. अमित चौधरी, डा. अरूण जादोन, डा. महीप मिश्रा, लोकेन्द्र कुमार, निशू शर्मा, प्रिंसी शर्मा, सुमित कुमार, चेतन्य गुप्ता, मूल राज, अमित कुमार, नेहा रानी, ममता रानी चौधरी, प्रीति तोमर, मीडिया प्रभारी विपुल चौधरी एवं अमित मित्तल आदि के साथ बड़ी संख्या में छात्र भी मौजूद रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन की उड़ रही है धज्जियां

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर पालिका द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की धज्जी उड़ाए जाने से आबादी के बीच सडकों पर कूड़ा करकट और गंदगी के ढेर लगने से आवागमन में दिक्कत के साथ ही लोगों को बीमारी का प्रकोप झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार द्वारा साफ सफाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है, परंतु पौराणिक गढ़ ब्रजघाट गंगानगरी से जुड़ी नगर पालिका द्वारा इस अभियान को आइना दिखाकर खूब मनमानी की जा रही है। वार्ड नौ और 23 में नालियों से निकलने वाली गंदगी को कई दिनों से सडक किनारे ढेर लगाकर छोड़ दिया जाता है, जिससे वह रात होने तक फिर से नालियों में पहुंचकर गंदे पानी की निकासी को प्रभावित करने लगती है। नालियों की गंदगी को डंपिंग ग्राउंड में पहुंचाने की बजाए सडकों के किनारे ढेर लगाने से लोगों को आवागमन में दिक्कत के साथ ही दुर्गंध की समस्या भी झेलनी पड़ रही हैं। लोगों का कहना है कि नालियों की गंदगी फिर से नाली में जाने के कारण मक्खी मच्छरों का प्रकोप बढने से सर्दी के इस मौसम में भी बुखार समेत कई तरह की बीमारी पांव पसार रही हैं। चेयरमैन राकेश बजरंगी का कहना है कि सफाई अभियान में कोई भी चूक नहीं होने दी जाएगी। सफाई के दौरान एकत्र होने वाले कूड़े को हटाने की बजाए अगर कोई कर्मचारी उसे सडक पर छोड़ देता है, तो उसे चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, श्यामू की मौत

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के गांव देहरा में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जहाँ एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार करनपुर जट्ट निवासी श्यामू (35) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। श्यामू अपने साथी के साथ करनपुर जट्ट से धौलाना-मसूरी मार्ग होते हुए गाजियाबाद के विजयनगर जा रहे थे। पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने श्यामू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल साथी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी धौलाना देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि परिजनों को हादसे की सचना दे दी गई है। आरोपी ट्रक चालक की खोज की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## चार स्थानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई

**हापुड़।** एचपीडीए के उपाध्यक्ष द्वारा अवैध निर्माणों/अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देशों के अनुपालन में गुरुवार को हापुड़ विकास क्षेत्र में एचपीडीए के सचिव / सक्षम अधिकारी प्रवीण गुप्ता के दिशा निर्देशन में चार स्थानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही एक मकान और तीन गोदामों में सीलिंग की कार्रवाई की गई। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में अफरा तफरी मची रही। प्राधिकरण की टीम ने आवास विकास से किठौर धनौरा मार्ग से स्वर्ग आश्रम रोड के चौराहे पर उपेंद्र त्यागी 10000 वर्ग मीटर, सत्यप्रकाश त्यागी की 7000 वर्ग मीटर, ग्राम धनौरा बाईपास फ्लाई ओवर के आगे भूषण व सोहनवी की दस हजार वर्ग मीटर तथा हर्ष ट्रेडर्स के सामने असौड़ा दोमयी रोड पर इंदू शर्मा, व विशाल गोयल, मनोज शर्मा की 8 हजार वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की टीम ने फ्रीगंज रोड स्थित देवी मंदिर के पीछे हरीश वर्मा का 125 वर्ग मीटर का मकान, आरटीओ आफिसर के सामने फरियाद का 200 वर्ग मीटर का गोदाम, साकेत प्रथम गढ़ रोड पर संजीव कुमार का 750 वर्ग मीटर का गोदाम, ग्राम असौड़ा मेरठ रोड पर शानू खान का 120 वर्ग मीटर का गोदाम को सील कर दिया है। सभी स्थानों पर मानचित्र स्वीकृत नहीं था।

## महिला की ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मौत

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर जट्ट में गोबर लेकर जा रही एक महिला की ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया गया कि ट्रैक्टर ट्राली किठौर की ओर से आ रही थी। बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर जट्ट में गुरुवार की सुबह को शमशीदा गोबर लेकर जा रही थी। इसी बीच किठौर की ओर से आ रही टाइल्स से भरी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। शव को देखकर परिजन में कोहराम मच गया। और परिजनो का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

## हाईवे पर टायर फटने पर कार पलटी

**सिंभावली/गढ़मुक्तेश्वर।** फ्लाई ओवर पर चढने के दौरान अचानक टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार कई पलटी खाती हुई सडक पर पलट गई, जिससे बड़ी अनहोनी घटना बाल बाल टल गई। सिंभावली क्षेत्र में गांव बक्सर के पास दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे के फ्लाई ओवर पर चढ़ते समय अचानक टायर फटने से स्विफ्ट कार अनियंत्रित हो गई, जो कई पलटी खाते हुए सडक पर पलटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दिल्ली से गढ़ की तरफ जाते समय हुई इस घटना में कार चालक शान मोहम्मद गढ़ मामूली रूप से घायल हो गया। परंतु एक बड़ी अनहोनी घटना होने से बाल बाल टल गई। हादसे की सूचना पर एनएचआई के इंचार्ज नितिन श्रीवास्तव टीम के साथ मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने हाइवे सिक्स पुलिस टीम को साथ लेकर कड़ी मशक्कत करते हुए क्रेन के माध्यम से क्षतिग्रस्त कार को हाइवे से नीचे हटवाकर अवरुद्ध यातायात को फिर से सुचारू करा दिया।

## दवा खिलाकर जबरन करा दिया गर्भपात

**गढ़मुक्तेश्वर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला का उत्पीडन करते आ रहे ससुराल वालों ने दवा खिलाकर जबरन गर्भपात करा दिया, जिनके विरुद्ध पीडिघ्त ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। गढ़ के मोहल्ला अहाता बस्तीराम निवासी राजबीर की पुत्री प्रीति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें उल्लेख किया है कि उसकी शादी दस नवंबर 2022 को सिंभावली क्षेत्र के गांव राजपुर निवासी चंद्रपाल सैनी के बेटे सुमित के साथ हुई थी। जिसमें परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज दिया था। परंतु उससे संतुष्ट न होकर ससुराल वाले उसका आए दिन उत्पीडन करने लगे, जिन्होंने तीन फरवरी को दवा खिलाकर जबरन गर्भपात कराते हुए मारपीट कर उसे घर से बाहर खदेड़ दिया। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि पीडिघ्ता प्रीति की तहरीर पर पति समेत ससुर चंद्रपाल, सास उर्मिला, जेठ सचिन, जेठानी पूजा, देवर अमित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## नए दरोगा निरीक्षण में हो गए फेल, चौक किए बिना कोक कर दिया असलाह

**सिंभावली/गढ़मुक्तेश्वर।** अर्द्धवार्षिक निरीक्षण के दौरान सीओ ने सिंभावली थाने का निरीक्षण कर वांछितों की धरपकड़ के साथ ही लंबित विवेचनाओं के निस्तारण में तेजी लाने का निर्देश दिया। सीओ स्तुति सिंह ने शुक्रवार को सिंभावली थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। जिन्हें पुलिस टीम ने परंपरागत वेशभूषा में गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सीओ ने लंबित चल रही विवेचनाओं को अतिशीघ्र निपटाने के साथ ही वांछितों की धरपकड़ करने के संबंध में कड़े दिशा निर्देश दिए। सीओ ने साफ सफाई में सुधार के साथ ही आगंतुकों के साथ अच्छा बर्ताव करने की हिदायत भी दी। ट्रायल के दौरान नए दरोगाओं के विफल होने पर सीओ ने हिदायत देते हुए कहा कि असलाह की बेहतर ढंग में देखरेख करने के साथ ही उसे खोलना और बांधने के विषय में सारी जानकारी होना बहुत जरूरी होता है। जो दरोगा असलाह नहीं खोल पाए हैं, उनसे नोटिस के माध्यम से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। इस दौरान इंस्पेक्टर श्योपाल सिंह, एसएसआई वासुदेव सिंह, एसआई मुनेंद्र सिंह, इकरार अहमद, अनंगपाल राठी, शौराज सिंह, गोविंद सिंह, एसआई मुस्कान, रीना चाहर, मोहिनी प्रतिभा, हेड क्लर्क मोहन सिंह, अनिल कुमार, विकास, मनीषा समेत अधिकांश पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने कई दुकानों पर मारा छापा

**सिंभावली/गढ़मुक्तेश्वर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने ग्रामीण अंचल में छापामारी करते हुए दो दुकानों से मिठाई के नमूने लेकर जांच को प्रयोगशाला में भेजे हैं, हालांकि भनक लगते ही अधिकांश हलवाई दुकान बंद कर मौके से रफूचक्कर हो गए। डीएम कार्यालय में दी गई शिकायत के आधार पर शुक्रवा रो खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सिंभावली क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में सघन छापामारी की। जिसकी भनक लगते ही अधिकांश हलवाई अपनी दुकानों को आनन फानन में बंद कर मौके से रफूचक्कर हो गए। हालांकि टीम ने दो दुकानों पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के साथ ही मिठाई के नमूने लेकर उन्हें जांच को प्रयोगशाला में भिजवा दिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहरिश सादात ने बताया कि सिंभावली क्षेत्र के गांव मुरादपुर में दो दुकानों पर प्रवर्तन कार्रवाई की गई है। जिसके तहत दुकान स्वामी असरू की दुकान से बर्फी और मारूफ की दुकान से बेसन के लड्डू के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिए गए हैं। जहां से नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सोवेन्द्र सिंह के निर्देशन में कार्यवाही की गई।दुकान में साफ सफाई व काम कर रहे कार्मिक का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनवाने हेतु नोटिस भी जारी किया गया।

# हापुड़ आसपास

## रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे



**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रस्ते को लेकर हुए विवाद के चलते दो पक्षों में लाठी-डंडों चल गए जिसमे कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गुरूवार को गांव गालंद में रास्ते को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सरकारी नल के पास से गुजरने वाले रास्ते को लेकर पड़ोसियों ने मां-बेटे पर लाठी-डंडों और फावड़े से हमला कर दिया। पीड़ित कपिल ने बताया कि उनके घर के पास सरकारी नल है, जिसके पीछे से रास्ता जाता है। पड़ोसियों ने इसी रास्ते को लेकर विवाद शुरू किया। शुरुआत में अन्य लोगों ने मामला शांत करा दिया।कुछ देर बाद दो महिलाओं समेत सात लोग लाठी-डंडे और फावड़े लेकर कपिल के घर में घुस आए। आरोपियों ने पहले कपिल की मां मुन्नी से गाली-गलौज की। जब कपिल ने मां को बचाने की कोशिश की तो उस पर भी हमला कर दिया। लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कपिल अपनी मां को लेकर कोतवाली पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों घायलों को सरकारी अस्पताल भेजा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घायलों का मेडिकल कराया गया है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगा।

## सोता रहा परिवार, हजारों रुपए और मोबाइल उड़ा ले गए चोर

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सद्दीकपूरा में एक मकान से हजारों रुपए और मोबाइल उड़ा ले गए शातिर चोर।जब पीड़ित परिवार सो रहा था। इस मौके का फायदा उठाते हुए चोरों ने घर से मोबाइल फोन ओर हजारों रुपए लिऐ और फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला सद्दीकपूरा फाटक के पास इमरान पुत्र नौशाद अपने परिवार के साथ सो रहे थे रात्रि में चोरों ने घर से घुसकर मोबाइल फोन और हजारों रुपए लेकर फरार हो गए जब पीड़ित सुबह को पता चला तो वह हक्का-बक्का रह गया पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी रघुराज सिंह का कहना है पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## घर से खोया हुए बच्चे को पुलिस ने पांच घंटों में किया बरामद



**पिलखुवा।** कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल के तहत घर से खोया हुए बच्चे को पुलिस ने 5 घंटे में बरामद किया। पिलखुवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बच्चे को अथक प्रयास के बाद मात्र 5 घंटे में सकुशल बरामद किया है बच्चे के मिलने के बाद परिवार वालों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली मोहल्ला चंडी मंदिर निवासी रविन्द्र तोमर का पुत्र लवीश तोमर दोपहर बाद घर से नाराज होकर बिना बताए घर से कही चला गया था। बच्चे के माता पिता द्वारा कोतवाली पिलखुवा में सूचना दी पुलिस ने तत्परता से इस बच्चे की तलाश शुरू कर दी। पुलिस के अथक प्रयास के बाद शाम को ही करीब 8 बजे बच्चे को तलाश करके उसके माता पिता को सुपुर्द किया गया। बच्चे सकुशल मिलने के बाद परिवार वालों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## उधार की रकम वापस ना करने पर लिया कोर्ट का सहारा, गारंटी के तौर पर दिया चौक भी हुआ बाउंस

**गढ़मुक्तेश्वर।** रकम उधार लेने के दौरान गारंटी के तौर पर दिया गया चौक खाते में पैसा न होने पर बाउंस होने पर कोर्ट द्वारा लगाए गए जुर्माने समेत रकम अदा न करने पर काटनी पड़ेगी जेल। गढ़ क्षेत्र के गांव मानकचौक की कुसुम कौर से बाबूगढ़ क्षेत्र के रसूलपुर के फौजी नितिन ने 1.60 लाख की रकम बतौर जरूरत उधार ली थी, जिसकी गारंटी की एवज में उसने महिला को अपने बैंक खाते का चौक भी सौंप दिया था। तयशुदा समय में उधार चुकता न होने पर महिला ने संबंधित चौक को अपने खाते में लगा दिया, परंतु रकम न होने के कारण उसके बाउंस होने पर उसने गढ़ की अदालत में मुकदमा दायर कर दिया। न्यायिक अधिकारी वर्तिका शैलत ने अपने निर्णय में आरोपी को अर्थदंड समेत दो लाख आठ हजार की रकम अदा करने का आदेश दिया है, जिसमें से एक लाख 92 हजार की रकम पीडिघ्त महिला और सोलह हजार की रकम राज्य खाते में जमा होगी। अगर संबंधित पक्ष ने उक्त राशि जमा नहीं की तो उसे तीन माह का कारावास भी भुगतना होगा।

# हेमंत के परिजनों ने मवाना थाने के सामने लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** फलावदा के गांव नंगला हरेरू के जंगल में गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मवाना के रामबाग कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय हेमंत पुत्र जय भगवान सहाय के रूप में हुई। शव के गले पर चोट के निशान थे, जिससे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी देहात राजेश मिश्रा मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। थाना प्रभारी आईपीएस प्रशिक्षु देवेश चतुर्वेदी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त कराई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



## हत्या की आशंका, परिजनों ने जताया विरोध

मृतक हेमंत शादीशुदा था और अक्सर अपनी ससुराल नूर नगर में रहता था। उसके परिवार में पत्नी रजनी, पांच वर्षीय बेटा और तीन वर्षीय बेटी हैं।

पिता जयभगवान दूरसंचार केंद्र मवाना के सेवा निवृत्त कर्मचारी हैं। परिजनों ने पुलिस को बताया कि हेमंत नंगला हरेरू में अपने रिश्तेदारों के यहां गया था, जहां से उसका शव मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए थाना फलावदा में तहरीर दी है।

### मवाना थाने के सामने घंटों लगा जाम

शुक्रवार को मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने मवाना थाने के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया और सड़क जाम कर दिया। परिजनों ने हेमंत की हत्या की जांच और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने पहुंचकर लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी घंटों तक कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। पुलिस के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शहीद ग्राम भामौरी में तालाब में डूबा बालक, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** भामौरी गांव में एक मासूम बच्चे की तालाब में डूबकर मौत हो गई। बच्चा गुरुवार शाम अचानक लापता हो गया। शुक्रवर सुबह उसका शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार भामौरी गांव में नूरमोहम्मद का परिवार रहता है। गुरुवार शाम उसका सात वर्षीय पुत्र अरहान घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच वह लापता हो गया। जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन सुराग नहीं लग पाया। रातभर परिजन उसे तलाश करते रहे। सुबह में जैसे ही वे तालाब के निकट पहुंचे तो अरहान का शव वहां पड़ा मिला। उसका शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे लिया और जांच पड़ताल में जुट गई। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से इंकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और परिजनों को शव सौंपकर लौट आई। उधर, बच्चे की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। देर शाम परिजनों ने शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।



## गरीबों का अतिक्रमण हटाने का काम कर रहा है नगर निगम: गौरव शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर में हो रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के विषय में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष गौरव शर्मा के नेतृत्व में ट्रांसपोर्ट नगर के पीड़ितों सहित अपना पक्ष रखने व अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर आयुक्त की अनुपस्थिति में अपर नगर आयुक्त से मिला। उन्होंने कहा कि होटल व मैकेनिक पर होने वाली कार्रवाई को रोका जाए। अतिक्रमण पूरे शहर में है लेकिन कार्रवाई सिर्फ ट्रांसपोर्ट नगर के दबे कुचले गरीब ढाबे वाले व गरिब मिस्त्री व खोका रखकर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वालों पर ही हो रही है। इसी क्रम में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि वह गरीब लोगों के साथ हैं।

ट्रांसपोर्ट नगर में हर जगह अतिक्रमण है लेकिन जो रसूखदार है उनका अतिक्रमण हटाने को कोई कार्रवाई नहीं होती। इस दौरान गौरव शर्मा, दीपक गांधी, रंजन शर्मा, सतीश चंद्र जैन, अनिश चौधरी, सरदार खेता सिंह, सरदार संतौक सिंह, पंकज अनेजा, रोहित कपूर, नीरज मुल्तानी अम्बर गर्ग, पप्पू भाई ढाबे वाले व तिलक होटल वाले व अशोक शर्मा उपस्थित रहे।

## कंकरखेड़ा पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो बदमाश दबोचे, चोरी की चार बाइक बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र खिर्वा फ्लाईओवर के पास चेकिंग के दौरान वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को धर दबोचा है। उनके पास मौके से चोरी की एक बाइक और 315 बोर का एक तमंचा भी बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों वाहन चोरों की निशानदेही पर एलआइसी मैदान के पास एक प्लाट से तीन अन्य चोरी की बाइक भी बरामद की। पुलिस गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश में जुटी है। कस्बा चौकी प्रभारी विनीत कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ खिर्वा फ्लाईओवर के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को खिर्वा की ओर से बाइक सवार दो युवक आते हुए दिखाई दिए।

पुलिस ने दोनों को रूकने का इशारा किया। मगर, पुलिस को देखते हुए बाइक से यू-टर्न लेकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक सवार दोनों युवकों को धर दबोचा। पूछताछ में दोनों युवकों की पहचान सावन पुत्र चंद्रपाल निवासी अशोकपुरी कंकरखेड़ा और अंकित पुत्र सुनील निवासी शिवलोकपुरी कंकरखेड़ा के रूप में हुई। पुलिस ने बाइक के कागजात दिखाने को कहा, जिस पर दोनों ने कागज न होने की बात कही। पुलिस ने बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर को अपने मोबाइल एप पर डाउनलोड कर चेक किया तो बाइक चोरी की निकली।

जिसे 19 फरवरी को कंकरखेड़ा की नंदपुरी से चोरी किया था। तलाशी लेने पर अंकित के पास से तमंचा भी बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों वाहन चोरों ने चोरी की अन्य तीन बाइकों के बारे में भी बताया। पुलिसकर्मी दोनों वाहन चोरों की निशानदेही पर हाईवे किनारे एलआइसी मैदान के पास एक प्लाट में पहुंची। जहां छिपाकर रखी गई चोरी की अन्य तीन बाइक भी बरामद की। दारोगा विनीत कुमार शर्मा ने बताया कि सावन पर पहले से नौ केस दर्ज हैं। जबकि अंकित पर एक केस दर्ज है। गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश भी पुलिस कर रही है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## बहसूमा चेयरमैन व सभासदगणों ने नगर विकास राज्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** आदर्श नगर पंचायत बहसूमा के कौशल विकास के लिए एवं गरीबों के आवास बनाये जाने को लेकर चैयरमेन सचिन सुकड़ी व सभासद अरुण जाटव, दीपक गुर्जर, चीनू जाटव आदि को साथ लेकर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर से लखनऊ बापू भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर चैयरमेन ने नगर पंचायत के विकास कार्यों में वृद्धि तथा जनता की आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर ने नगर के विकास योजनाओं को लेकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। जल्द से जल्द सरकार द्वारा जारी योजना का लाभ नगर पंचायत को दिलाये जाने एवं सरकार की और से हर संभव मदद का दिलाये जाने का आश्वासन दिया। वहीं दूसरी और आदर्श नगर पंचायत की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना में बन रहे घरों के संबंध में लखनऊ आवास विकास योजना डूडा ऑफिस में जाकर उच्चाधिकारियों से मिले। उच्चाधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द आदर्श नगर पंचायत बहसूमा में आवास विकास योजना का कार्य शुरू किया जायेगा। इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन सचिन कुमार सुकड़ी, सभासद अरुण जाटव, सभासद दीपक गुर्जर, सभासद चीनू जाटव मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं की आजादी छीनने वाले 'काले विधेयक को वापस लो' के लगे नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इंडस्ट्रियल लॉ रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने मांग की है कि अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 को अभिलंब वापस लिया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले दिनों भारत सरकार एडवोकेट्स संशोधन बिल 2025 लेकर आई है। इस बिल के माध्यम से सरकार भारतवर्ष के 27 लाख अधिवक्ताओं के अधिकारों और व्यवसाय पर मनमाना कुठाराघात करने पर आमादा हो गई है। भारत सरकार इस विधेयक के माध्यम से वकीलों द्वारा अन्याय के खिलाफ उठाए जाने वाली, आजाद आवाज को छीन लेना चाहती है।




अब वकीलों पर हर्जाना जुर्माना लगाया जाएगा। सरकारी जोर जबरदस्ती का विरोध करने से वकीलों को रोका जाएगा, वकीलों की स्वायत्त संस्था बार काउंसिल ऑफ इंडिया में सरकारी हस्तक्षेप किया जाएगा। सरकार वकीलों पर नियंत्रण करना चाहती है, उन्हें अपना गुलाम और नौकर बनाने पर उतारू हो गई है। सरकार वकीलों के जायज विरोध की आवाज को बंद कर देना चाहती है।

इस काले विधेयक के खिलाफ उत्तर प्रदेश के समस्त न्यायालय शुक्रवार को बंद हैं। यहां तक की इलाहाबाद उच्च न्यायालय भी आज बंद है। वे सब इस कल विधेयक को तुरंत वापस करने की मांग कर रहे हैं और दिल्ली की अदालतें तो पिछले 5 दिन से लगातार बंद चल रही है। वकीलों द्वारा सरकार लगातार मांग करने के बावजूद भी ऑफिसर ऑफ द कोर्ट यानी अधिवक्ताओं को कोई सुविधाएं नहीं दी गई हैं। जूनियर स्टाइपेंड, चैंबर, मेडिकल बीमा, अधिवक्ता पेंशन की कोई सुविधा नहीं है। लगातार मांग करने के बावजूद सरकार अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम तो लाई नहीं, अधिवक्ता संशोधन लेकर आ गई, जो अधिवक्ताओं की आजादी को छीनने वाला एक काला, अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी मनमाना विधेयक है। इस दौरान मुनेश त्यागी अध्यक्ष, नवीन भारद्वाज उपाध्यक्ष, दिनेश यादव, तेजेंद्र कुमार जॉइंट सेक्रेटरी, निखिल दुबलिश, अमित शर्मा, प्रवीन कुमार आदि रहे।

### एक नजर

## सेंट जोजफ स्कूल में 250 छात्रों को वितरित किए जूते और जर्सी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सेंट जोजफ इंटर कालेज में प्राईमरी के 250 छात्रों को जूते एवं जर्सी का वितरण किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक फादर जॉन चिमन और उप प्रबंधक फादर रॉबिन मालविन रहे। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने सभी छात्रों को जर्सी व जूते का वितरण किया तो सभी छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर जॉन इरविन, सिस्टर सुनीता, ललिता, लक्ष्मी रानी, निशा, सोनिया, संदीप, धर्मेंद्र, वैभव जॉनपाल व खेल शिक्षक मौहम्मद शाहरूख आदि शिक्षकगण मौजूद रहें।

## कवि सौरभ जैन सुमन के ट्वीट पर हुई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कवि सौरभ जैन सुमन की प्रोग्राम मैनेजर के साथ ऑटो में हुई अश्लील हरकत की शिकायत मुख्यमंत्री को ट्वीट कर सौरभ जैन सुमन ने दी। जिस पर मेरठ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कैंट क्षेत्रधिकारी को जांच सौंप दी है। वहीं ट्वीट के बाद ऊर्जा मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने फोन करके सौरभ जैन सुमन को आश्वासन दिया कि महिला से अश्लील हरकत करने वाला व्यक्ति जल्द ही सलाखों के पीछे होगा। उन्होंने कहा कि सीधे संबंधित अधिकारी को आदेश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द दोषी पकड़ा जाए।

## महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी को लेकर डीएम ने औघड़नाथ मंदिर में की बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** औघड़नाथ मंदिर में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियो के संबंध में बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, मोबाइल टायलेट, पार्किंग, बिजली सुरक्षा, स्ट्रीट लाईट, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम, एम्बुलेन्स, चिकित्सा कैम्प आदि के संबंध में जा रही तैयारियो की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर के आसपास व पार्किंग स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह अधिकारी उपस्थित रहे।

## मामूली कहासुनी के बाद युवक को चाकू घोंपा

### घायल की हालत गंभीर, आरोपी घटना को अंजाम देकर खुद पहुंचा चौकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शुक्रवार की सुबह कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर एक युवक ने दूसरे युवक को मामूली कहासुनी के बाद पेट में चाकू घोंप दिया। जिससे युवक लहूलुहान होकर गिर गया और तड़पने लगा। वहीं आरोपी युवक भागता हुआ खुद ही पुलिस चौकी पहुंच गया और पुलिस को सारी घटना बताई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल युवक को मोदीपुरम स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां से उसे मेरठ प्यारेलाल हॉस्पिटल के लिए रैफर कर दिया वहां युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लावड़ निवासी फरमान उर्फ काला पुत्र यूसुफ उम्र लगभग 37 वर्ष मजदूरी करता है परिजनों के अनुसार वो सुबह लगभग 10 बजे मजदूरी करने जा रहा था मीठेपुर मार्ग पर पहुंचा तो वहां बिलाल पुत्र खजांची निवासी लावड़ मिला आरोप है कि फरमान ने बिलाल से कहा कि अपने घोड़े को बांध कर रखा करो इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई मामूली कहासुनी के बाद बिलाल ने चाकू निकालकर फरमान के पेट में घोंप दिया, जिससे वो लहूलुहान होकर गिर गया और तड़पने लगा। इसी बीच बिलाल खुद ही भागता हुआ लावड़ पुलिस चौकी पहुंच गया और पुलिस को खुद ही बताया।



वहीं मौके पर पहुंचे परिजन घायल फरमान को लेकर मोदीपुरम स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे जहां से गंभीर हालत देखते हुए प्यारेलाल हॉस्पिटल के लिए रैफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि युवक के फेफड़े में चाकू लगने से स्थिति ज्यादा गंभीर बन गई देर शाम युवक को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है। घायल युवक के भाई हमराज ने बिलाल सहित तीन युवकों को नामजद करते हुए तहरीर दी और कार्यवाही की मांग की।

### महिला का नग्न शव मिलने से क्षेत्र में मची खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के समीप मध्य गंग नहर में एक महिला का नग्न शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। नगर के समीप आसिफाबाद मार्ग पर मध्य गंग नहर में एक महिला का नग्न शव दिखाई दिया जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि शव पूरी तरह नग्न था जो पीछे से बहकर आया था। शव की पहचान करना बहुत मुश्किल हो गया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एक युवक चाकू लगने से घायल हुआ है जिसका उपचार चल रहा है तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है अन्य दो युवकों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**अतुल कुमार**
**थाना प्रभारी इंचौली।**

## सीसीएसयू और बैंक ऑफ बड़ौदा ने संयुक्त रूप से किया मेधावी छात्रों का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ तथा हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग चौधरी चरण सिंह विवि के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भाषा का महत्व तथा लुप्तप्राय भाषाओं का संरक्षण विषय पर व्याख्यान तथा बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय के द्वारा बड़ौदा मेधावी विद्यार्थी सम्मान का आयोजन हिन्दी विभाग के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रो. संगीता शुक्ला, कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, राजेश कुमार खरे, क्षेत्रीय प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा, मेरठ क्षेत्र, प्रो. संजीव कुमार वर्मा, संकायाध्यक्ष कला, प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी, अध्यक्ष हिंदी विभाग एवं आ.भा.भा. विभाग ने आज के व्याख्यान में अपने विचार प्रस्तुत किए तथा साथ ही बड़ौदा मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना के तहत शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए एम.ए (हिन्दी) में महिला वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विद्यार्थी सुश्री शुऐबा, सेंट जोसेस गर्ल्स डिग्री कॉलेज सरधना को 11000 रूपये की राशि व प्रशस्ति पत्र तथा पुरुष वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी आयुष शर्मा, डी.जे. कॉलेज, बड़ौत को 7500- रूपये की राशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के आचार्य, विद्यार्थी तथा बैंक के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## युवक को डंडों से पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मोहल्ला खेवान में नशे में धुत्त दो युवकों ने एक युवक को बीच सड़क पर रोकर पीट दिया। इतना ही नहीं डंडा मारकर उसका सिर फोड़ दिया। लहुलुहान हालत में थाने पहुंचे पीड़ित का पुलिस ने सीएचसी में मेडिकल कराया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। जोनी पुत्र बलबीर ने तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार सुबह वह घर के निकट एक चौराहे पर बैठा हुआ था। इसी बीच दो युवक वहां आए, जोकि रिश्तेदारी में आए हुए थे। दोनों शराब के नशे में थे। उन युवकों ने उस पर टिप्पणी कसनी शुरू कर दी। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसको पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच एक युवक ने उसके सिर पर डंडा मार दिया, जिससे वह लहुलुहान हो गया। थाने पहुंचे पीड़ित का पुलिस ने सीएचसी में मेडिकल कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि घायल युवक भी शराब के नशे में था। दोनों युवकों में नशे की हालत में ही कहासुनी के बाद मारपीट हुई है। जांच की जा रही है। कार्रवाई होगी।

## कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला की अध्यक्षता में कार्य परिषद की हुई बैठक

- 40 शोध छात्रों को शोध उपाधि प्रदान किए जाने का लिया निर्णय
- बैठक में विश्वविद्यालय के अधिकारी रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कुलपति कार्यालय के भूतल में स्थित सेमिनार हॉल में शुक्रवार को कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित निर्णय लिए गए। 40 शोध छात्रों को शोध उपाधि प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। विद्या नॉलेज पार्क बागपत रोड विद्या विश्वविद्यालय बन जाने के कारण उनके द्वारा दिए गए आवेदन विद्या इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी और विद्या इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिएटिव टीचिंग को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से असंबद्ध किए जाने का निर्णय लिया गया।

वहीं विश्वविद्यालय से संबद्ध बीएड, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीएफए तथा बीजेएमसी पाठयक्रम की संबद्धता समाप्त किए जाने का निर्णय लिया गया। स्वर्गीय आरसी त्यागी के स्वामित्व वाले मकान 26 बुढ़ाना गेट को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय को 29 वर्ष 11 माह की अवधि तक 1 रुपए प्रतिमाह लीज पर दिया जा चुका है। उसे मकान में विश्वविद्यालय द्वारा किस पाठयक्रम को चलाया जाना है इस संबंध में एक समिति का गठन किया गया। बीएड में सभी दाखिले काउंसलिंग द्वारा करने का निर्णय लिया गया। अभी तक यह दाखिले 50 प्रतिशत काउंसलिंग द्वारा तथा 50 प्रतिशत विश्वविद्यालय द्वारा किए जाते थे। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रोफेसर मृदुल कुमार गुप्ता, कुलसचिव धीरेंद्र कुमार वर्मा की अधिकारी रमेश चंद्र डिप्टी रजिस्ट्रार सत्य प्रकाश प्रोफेसर अतवीर सिंह प्रोफेसर राकेश कुमार शर्मा डॉ. जितेंद्र सिंह, प्रेस प्रवक्ता मितेंद्र कुमार गुप्ता, ऑनलाइन मोड में जुड़े कार्य परिषद सदस्य सेवानिवृत्ति जज आरबी मिश्रा मां शाकंभरी विवि सहारनपुर कि कुलपति प्रोफेसर वाई विमला डॉक्टर शैलेंद्र जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## शोभित विवि में वैश्विक भू-राजनीति और भारत की भूमिका पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्ट्डीज में वैश्विक भू-राजनीति और भारत की भूमिका विषय पर एक गहन एवं ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया गया। यह महत्वपूर्ण सत्र सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल फिलिप कैंपोसे, एक प्रख्यात सैन्य रणनीतिकार एवं भारतीय सेना के पूर्व उप प्रमुख द्वारा संचालित किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल कैंपोसे ने विकसित होती वैश्विक शक्ति संरचना, रणनीतिक चुनौतियों और विश्व मंच पर भारत की बढ़ती भूमिका 'स पर गहरी अंतर्कृष्टि प्रदान की। उन्होंने भारत की कूटनीतिक, आर्थिक और सैन्य रणनीतियों पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि किस प्रकार भारत अंतर्राष्ट्रीय मामलों को प्रभावित कर रहा है। इस सत्र के दौरान उभरते हुए भू-राजनीतिक मुद्दों, संभावित खतरों और भारत की रणनीतिक प्रतिक्रियाओं 'स पर विशेष चर्चा हुई, जिससे छात्रों को वैश्विक राजनीति की बारीक समझ प्राप्त हुई। इस अवसर पर नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्ट्डीज के निदेशक प्रो. अशोक कुमार गुप्ता ने कहा, ऐसे सत्र न केवल छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक होते हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक परिदृश्य को समझने और भविष्य की रणनीतियों पर विचार करने के लिए प्रेरित भी करते हैं। लेफ्टिनेंट जनरल कैंपोसे जैसे अनुभवी विशेषज्ञ से सीखना हमारे छात्रों के लिए एक अनमोल अवसर रहा। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. अभिषेक कुमार डबास, डॉ. प्रीति गर्ग, डॉ. नेहा यजुर्वेदी, डॉ. सलभ मेहरोत्रा, डॉ. अबरीश, डॉ. प्रियंका शर्मा, मिस तुशिका, डॉ. नवनीश त्यागी का विषेश योगदान रहा। यह सत्र छात्रों के लिए न केवल शैक्षिक रूप से समृद्ध रहा, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मामलों की गहरी समझ विकसित करने में भी सहायक सिद्ध हुआ।



# द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 107 रनों से हराया

● रायन रिकलटन ने 103 रनों की शतकीय पारी खेली, रबाडा ने तीन विकेट हासिल किए

**कराची, वार्ता।** रायन रिकलटन (103) की शतकीय, कप्तान तेम्बा बवूमा (58), एडन मारक्रम (नाबाद 52) रासी वान दर दुसें (52) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को चैंपियंस ट्रॉफी के तीसरे मैच में अफगानिस्तान को 107 रनों से हरा दिया।

316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 50 रन के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। रहमानउल्लाह गुरबाज (10), इब्राहिम जदरान (17), सेदिकुल्लाह अटल (16) और हशमतउल्लाह शहीदी (शून्य) पर आउट हुए। इस दौरान रहमत शाह एक छोर थामे रन बनाते रहे। आलम यह रहा कि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे अफगानिस्तान के विकेट अंतराल पर गिरते रहे। अजमतउल्लाह ओमरजई (18) को कगिसो रबाड़ा ने आउट किया। मोहम्मद नबी (आठ) को यानसन ने अपना शिकार बनाया। गुलब. दीन नईब (13) और राशिद खान (18) रन बनाकर आउट हुए। 43 ओवर की तीसरी गेंद पर कगिसो रबाड़ा ने रहमत शाह को आउटकर अफगानिस्तान की पारी का 208 के स्कोर पर अंत कर दिया। रहमत शाह ने अफगानिस्तान के लिए 92 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (90) की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने तीन विकेट लिए। वियान मुल्डर और लुंगी एन्गिडी ने दो-दो विकेट लिए। यानसन, और केशव महाराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बवूमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 28 के स्कोर पर टोनी डीजार्जी (11) का विकेट गवां दिया। उन्हें मोहम्मद नबी ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान बवूमा ने रायन के साथ पारी को संभाला।



खेल विशेष

## BSF ने बॉर्डरमेन 'मैराथन 2025' के चौथे संस्करण का किया आयोजन

**अमृतसर, वार्ता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) आगामी 23 फरवरी को अमृतसर में 'बॉर्डरमेन मैराथन 2025' के चौथे संस्करण का आयोजन करने जा रही है। 'हैंड इन हैंड विद वॉर्डर पॉपुलेशन' थीम के आधार पर यह मैराथन न केवल एक खेल आयोजन है, बल्कि सीमावर्ती युवाओं को सशक्त बनाने और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बीएसएफ ने शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस भव्य आयोजन की गरिमा को बढ़ाने के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। वर्ष 2022 से आरंभ हुई यह वार्षिक मैराथन, जो एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की जाती है, हर वर्ष अपनी भव्यता और लोकप्रियता में वृद्धि कर रही है। इस वर्ष, यह आयोजन और भी विशाल होने जा रहा है, जिसमें 5200 से अधिक धावक भाग ले रहे हैं, जिनमें भारत के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय पेशेवर एथलीट भी शामिल हैं। पंजाब के छह सीमावर्ती जिलों के युवाओं की बढ़ती भागीदारी इस मैराथन की सफलता और महत्व को और भी मजबूत बनाती है। इस मैराथन में फुल मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21.097 किमी) और 10 किमी दौड़ जैसी प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं, जो अनुभवी एथलीटों और शौकिया धावकों, दोनों के लिए एक बेहतरीन अवसर प्रदान करती हैं। इस वर्ष विशेष रूप से महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए, बीएसएफ ने सभी श्रेणियों में महिलाओं के लिए निष्शुल्क पंजीकरण की घोषणा की है, जिससे उनकी भागीदारी को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त यह मैराथन गोल्डन गेट, अमृतसर से जेसीपी अटारी तक के खूबसूरत और ऐतिहासिक मार्ग पर आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न आयु वर्गों (पुरुष और महिला, 40 वर्ष से कम व अधिक) के प्रतिभागी शामिल होंगे, जिसमें प्रथम आने

भारत-पाक महामुकाबला

## हम भारत से कमजोर हैं: अफरीदी

● मैच से पहले बोले शाहिद अफरीदी, कहा: हमारे पास खिलाड़ी कंसिस्टेंट नहीं हैं

**दुबई, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को महामुकाबला खेला जाना है। इस मैच को लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। मुकाबले से पहले ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें शाहिद अफरीदी, युवराज सिंह, इंजमाम उल हक और नवजोत सिंह सिद्धू जैसे दिग्गज शामिल हुए। इस दौरान अफरीदी ने भारत की तुलना में अपनी टीम को कमजोर बताया है। उन्होंने कहा है कि उनके खिलाड़ी कंसिस्टेंट नहीं हैं। अफरीदी ने कहा हा अगर हम मैच-विजेताओं के बारे में बात करते हैं, तो मैं कहूंगा कि भारत के पास पाकिस्तान की तुलना में अधिक मैच-विजेता हैं। एक मैच-विजेता वह है जो अकेले दम पर खेल जीतना जानता हो। अभी हमारे पास पाकिस्तान में ऐसे



खिलाड़ी नहीं हैं। भारत की ताकत उसके मध्य और निचले क्रम के खिलाड़ी हैं, जो उन्हें मैच जिता रहे हैं। लंबे समय से हम खिलाड़ियों को मौके दे रहे हैं, लेकिन कोई भी लगातार आगे नहीं बढ़ पाया है। कुछ ने कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन हमारे पास ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं जो लगातार ऐसा कर सकें। उन्होंने अपने प्रदर्शन को एक या दो साल या 50-60 मैचों तक कायम रखा। यहीं पर हम भारत की तुलना में थोड़े कमजोर हैं, जो इस क्षेत्र में बहुत मजबूत है। लेकिन भारत के खिलाफ जीत की कुंजी सामूहिक प्रदर्शन है। चाहे वह बल्लेबाज हों, गेंदबाज हों या स्पिनर हों, हर किसी का योगदान महत्वपूर्ण है। अफरीदी ने कहा कि एक कप्तान के रूप में रिजवान को दूसरों के लिए एक उदाहरण स्थापित करना होगा। यह बहुत महत्वपूर्ण है। उन्हें हर मैच में प्रदर्शन करना होगा और उनका रवैया, शारीरिक भाषा और नेतृत्व बहुत मायने रखता है। एक कप्तान होने के नाते प्रशंसा और आलोचना समान मात्र में मिलती है। उनका प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि वह टीम को एक साथ रखने वाले गोंद है। वह सभी के साथ समान व्यवहार करते हैं, वह एक जुझारू खिलाड़ी हैं और मैदान पर उनकी ऊर्जा शानदार है।

## केरल-विदर्भ रणजी के फाइनल में

● गुजरात पर दो रन की बढ़त के आधार पर केरल को व मुंबई को 80 रन से हराकर विदर्भ फाइनल में पहुंची

**अहमदाबाद, वार्ता।** आदित्य सरवटे और जलज सक्सेना (चार-चार विकेट) की शानदार गें. दबाजी की बदौलत केरल और गुजरात के बीच खेला गया पहला सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को ड्रा रहा और केरल ने पहली पारी में मिली दो रनों की मामूली बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह पक्की कर ली है।

गुजरात ने कल के सात विकेट पर 429 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में सरवटे ने जयमीत पटेल (78) को मोहम्मद अजहरूद्दीन के हाथों स्टंप करवाकर केरल को 436 के स्कोर पर आठवीं सफलता दिलाई। इसके बाद सरवटे ने सिद्धार्थ देसाई (30) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। अरजान नागवासवाला (10) भी सरवटे का शिकार बने। केरल के गेंदबाजों ने गुजरात की पूरी टीम 174-4 ओवर में 455 के स्कोर पर समेट कर दो रनों की बढ़त ले ली। केरल की ओर से आदित्य सरवटे और जलज सक्सेना (चार-चार विकेट) लिए।

एम डी निधीष और एनपी बासिल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी केरल ने अपने दो विकेट 32 के स्कोर पर गवां दिए। अक्षय चंद्रन (नौ), वरुण नयनार (एक) रन बनाकर आउट हुए। सिद्धार्थ देसाई ने रोहन कुन्नुमल (32) को आउटकर केरल को तीसरा झटका दिया। केरल का चौथा विकेट सचिन बेबी (10) रन के रूप में गिरा। मैच को ड्रा घोषित किये जाने के समय केरल का दूसरी पारी में स्कोर चार विकेट पर 114 रन था। गुजरात की ओर से सिद्धार्थ देसाई और मनन हिंगराजिया को दो-दो विकेट मिले। उल्लेखनीय है कि केरल ने पहली पारी में 457 का स्कोर खड़ा किया था। रणजी ट्रॉफी का फाइनल मैच केरल और विदर्भ के बीच होगा।

**विदर्भ**-हर्ष दुबे (पांच विकेट), यश ठाकुर और पार्थ रेखड़े (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के पांचवें दिन शुक्रवार को मुम्बई को 325 रन पर समेटकर 80 रनों की जीत के साथ टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। मुम्बई ने कल के तीन विकेट पर 83 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में यश ठाकुर ने शिवम दुबे (12) को आउट कर विदर्भ को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सूर्यकुमार यादव ने आकाश आनंद के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

हर्ष दुबे ने सूर्यकुमार यादव (23) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हर्ष का अगला शिकार आकाश आनंद (39) रहे। इसके बाद शम्स मुलानी और शार्दुल ठाकुर मुम्बई की धूमिल होती उम्मीद को फिर से जगा दिया। शम्स मुलानी (46) के रनआउट होने पर मुम्बई को बड़ा झटका लगा। इसके बाद यश ठाकुर ने शार्दुल ठाकुर (66) को बोल्डकर पवेलियन भेज दिया। तनुष कोटियान (26) रन बनाकर आउट हुए। हर्ष दुबे ने मोहित अवस्थी (34) को पगबाधा आउटकर मुम्बई की दूसरी पारी का 97-5 ओवर में 325 रन पर समेटकर 80 रनों से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। विदर्भ की ओर से हर्ष दुबे ने पांच विकेट लिए। यह ठाकुर और पार्थ रेखड़े को दो-दो विकेट मिले। विदर्भ ने पहली पारी में 383 रन का स्कोर बनाया था। उसके बाद मुम्बई की पहली पारी 270 के स्कोर पर सिमट गई थी। विदर्भ ने दूसरी पारी में 292 रन बनाए थे।

## गिल ने बनाया करियर का सबसे धीमा शतक



■ 2019 विश्व कप बाद यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज के द्वारा वनडे में सबसे धीमा शतक है

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ परिस्थितियों के अनुसार अपने एकदिवसीय करियर का सबसे धीमा नाबाद शतक बनाया।

शुभमन गिल का यह शतक ऐसे समय में आया जब भारत विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल का विकेट गंवा कर मुश्किल में था। ऐसे कठिन समय में गिल समझदारी से बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई। यह उनका आठवां एकदिवसीय शतक है। 2019 विश्व कप के बाद यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज के द्वारा एकदिवसीय में सबसे धीमा शतक है। गिल ने उनकी विजयी शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। मैच के बाद गिल ने कहा कि यह निश्चित रूप से मेरे सबसे अच्छे शतकों में से एक था।आईसीसी टूर्नामेंट में यह मेरा पहला शतक है। मैं बेहद खुश हूं। पिच आसान नहीं था। शुरुआत में ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही थी। इसलिए मैंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ क्रीज का इस्तेमाल कर गेंद को सर्कल के ऊपर से खेलने का प्रयास किया। फिर जब स्पिनर्स आए, तो मैंने और कोहली ने इस बारे में बात की कि फंट फुट पर सिंगल लेना आसान नहीं हो रहा था, इसलिए मैंने बैक फुट पर खेलने पर ध्यान केंद्रित किया।

## ममता जी व प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने जीता महिला युगल आईडीएएस खिताब

**लखनऊ, वार्ता।** पीसीडीए (ओ) पुणे की ममता जी और सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे की प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडलमटन टूर्नामेंट में महिला युगल आईडीएएस खिताब जीत लिया है। सूर्या खेल परिसर, करियप्पा रोड, कैंट, लखनऊ में आयोजित टूर्नामेंट के महिला युगल आईडीएएस फाइनल में ममता जी- व प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने अभिनीत ढिल्लन व एस-संगीता को सीधे गेम में 21-11, 21-14 से हराया। वहीं पुरुष युगल खेल कोटा में पीसीडीए आर्मी लखनऊ के अजय कुमार व शैलेंद्र पावा और महिला युगल ओपन में पीसीडीए आर्मी लखनऊ की मधु ज्ञानचंदानी व पूनम यादव ने फाइनल में जगह पक्की की। पुरुष युगल आईडीएएस सेमीफाइनल में पीसीडीए आर्मी-पुणे के विक्रम ए-राजापुरे व सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे के आनंद अग्रवाल ने सीडीए सिकंदराबाद के डा-श्रीनिवास रेड्डी व टी-रामा मूर्ति को 21-13, 21-12 से हराया। पुरुष एकल आईडीएएस सेमीफाइनल में, पीसीडीए -आर्मी-पुणे के विक्रम ए-राजा. पुरे ने सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे

● **हिन्दुस्तान की बड़ी जीत, तरुणसंघा को पूरे अंक**

**नई दिल्ली, वार्ता।** डीएसए प्रीमियर लीग के एकतरफा मुकाबले में हिंदुस्तान फुटबाल क्लब ने यूनाइटेड भारत एफ सी को 4-1 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। यहां नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए मुकाबले में विजेता टीम हिन्दुस्तान के लिए किलोंग, प्लेयर ऑफ द मैच होकिप, आशिफ और मिसाओ ने गोल जमाए स पराजित टीम का इकलौता गोल घ्हॉंन शपोर्जी ने किया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में तरुण संघॉ ने नेशनल यूनाइटेड सपोर्टिंग क्लब को ओलेन सिँह के गोल से परास्त किया। आज के मुकाबले में यूनाइटेड भारत ने पहले खाता खोला लेकिन एक बार फार्म मे आने के बाद हिन्दुस्तान ने खेल पर पकड़ बना ली और पाला बदलते ही विजेता टीम के तेवर भी बदल गए। आशिफ, होकिप, सूरज मेटी ने बेहतर तालमेल के साथ प्रतिद्वन्दवी पर दबाव बनाया और दर्शनीय गोल जमाए। हिंदुस्तान के 17 मैचों में 20 अंक हो गए हैं। अंक तालिका में सबसे नीचे चल रहे यूनाइटेड भारत के बचने के मौके बहुत

## भारत का 49 सदस्यीय दल स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में शिरकत करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** इटली के ट्यूरिन में आठ मार्च से शुरु होने वाले स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में भारत का 49 सदस्यीय दल शिरकत करेगा। इटली के ट्यूरिन में आठ से 15 मार्च होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के 30 एथलीट और 19 लोगों का सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं।

## विराट कोहली ने कैच पकड़ने के अजहर के रिकॉर्ड की बराबरी की



**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज और चुस्त क्षेत्ररक्षक विराट कोहली ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में सबसे अधिक कैच पकड़ने के पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। कोहली ने गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने आज के मैच में नजमुल शान्तो और जाकेर अली के कैच पकड़े। कोहली और अजहरुद्दीन अब 156 कैच लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। उन्होंने एकदिवसीय मैचों में 140 कैच पकड़ने वाले महान सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। इसके अलावा राहुल द्रविड़ 124 कैच के साथ चौथे स्थान पर हैं। शानदार क्षेत्ररक्षण करने वाले सुरेश रैना 102 कैच के साथ शीर्ष पांच में शामिल हैं। इस बीच, भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 200 एकदिवसीय विकेट लेने वाले संयुक्त दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बनकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है।उन्होंने पाकिस्तान के सकलैन मुश्ताक की बराबरी करते हुए महज 104 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। मोहम्मद शमी ने आज बांग्लादेश के पांच बल्लेबाजों को आउट किया।

## चहल-धनश्री का हुआ तलाक



■ 18 महीने से अलग रह रहे थे दोनों, दिसम्बर 2020 में हुई थी शादी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा का तलाक हो गया है। कानूनी कार्यवाही पूरी करने के बाद दोनों ने आधिकारिक तौर पर अलग होने का फैसला किया है। एक मीडिया हाउस की रिपोर्ट के अनुसार, मामले से परिचित एक वकील ने बताया गुरुवार को बांद्रा फैमिली कोर्ट में अंतिम सुनवाई और सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी हुईं, जिसमें दोनों सुबह 11:00 बजे से मौजूद थे। रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई के दौरान जज ने इस कपल को काउंस. लिंग सेशन में शामिल होने का निर्देश दिया, जो करीब 45 मिनट तक चला। जज के पूछे जाने पर चहल और धनश्री दोनों ने पुष्टि की कि वे आपसी सहमति से तलाक चाहते हैं। बांद्रा फैमिली कोर्ट में चर्चा के बाद जज ने शाम 4:30 बजे आधिकारिक तौर पर तलाक को मंजूरी दे दी। युजवेंद्र और धनश्री की शादी 11 दिसम्बर 2020 को हुई थी। दोनों 18 महीने से अलग रह रहे थे वकील ने यह भी खुलासा किया कि अंतिम फैसला लेने से पहले दोनों पिछले 18 महीनों से अलग रह रहे थे। चहल और उनकी पत्नी धनश्री के तलाक की अफवाहें काफी समय से सोशल मीडिया पर चल रही थीं। हालांकि, चहल और धनश्री का अभी तक अक्र्फिशियल बयान सामने नहीं आया है। झलक दिखला जा-11 शो में लव स्टोरी सुनाई थी धनश्री वर्मा ने झलक दिखला जा-11 के एक एपिसोड के दौरान युजवेंद्र चहल के साथ अपनी लव स्टोरी के बारे में खुलासा किया था।

## कोहली को खुद पर दबाव बनाने से फार्म में लौटने में आ रही दिक्कत : कुंबले



**दुबई, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान व कोच अनिल कुंबले का मानना है कि विराट कोहली खुद पर जरुरत से ज्यादा दवाब बना रहे है इस वजह से उन्हें फॉर्म में लौटने में दिक्कत आ रही है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच जीतने के बाद कोहली के प्रदर्शन को लेकर कुंबले ने कहा कि खराब फॉर्म से गुजरते हुए विशेषकर सफेद गेंद की क्रिकेट में कोहली को इतने लंबे समय तक ऐसी मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ा। मुझे लगता है कि वह अपने ऊपर जरुरत से ज्यादा दवाब बना रहे हैं।

आपके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो पहले भी ऐसा कर चुके हैं और हर कोई आपसे उम्मीद रखता है कि यह वो व्यक्ति है जो खेल को हमसे दूर ले जाएगा और ये टीम में महत्वपूर्ण है। जब आपके ऊपर इस तरह का दबाव हो और आपसे इस तरह की उम्मीदें होती हैं तो अचानक आप और कई सारी चीजो को अहमियत देने लगते हैं और बहुत अधिक प्रयास करने लगते हैं। जब आप ऐसा करते हैं तो आप तनावमुक्त नहीं होते हैं। मेरा मानना है कि वह अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन के बारे में नहीं सोच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वह बहुत अधिक प्रयास कर रहा है। आप देख सकते हैं कि वह अपनी पारी किस तरह से खेल रहा है। उसे बस इसके बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। रोहित शर्मा वहां आता है, उसे आजादी मिलती है क्योंकि बहुत सारी बल्लेबाजी होती है और वे सभी शानदार फॉर्म में हैं। इसी तरह विराट के लिए, उसे बस मैदान में आने के बाद किसी और चीज़ के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि जब वह फार्म में होता है, जब वह सिर्फ़ सिंगल लेना चाहता है और स्ट्राइक रोटेट करता रहता है, तो वह स्पिन को बहुत अच्छी तरह से खेलने वाला खिलाड़ी है। अब वह केवल नियंत्रण करने के बजाय रन बनाने के लिए बहुत अधिक प्रयास कर रहा है, और यही उसका गेम प्लान रहा है।

# सम्पादकीय

शनिवार, 22 फरवरी 2025

## रेखा की लक्ष्मण रेखाएं

सियासी परम्परों पर चलते हुए दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के एक दिन बाद सीएम रेखा गुप्ता ने पूर्व सीएम आतिशी और उनके मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को हटा दिया है। इतना ही नहीं आतिशी सरकार ने जिन अधिकारियों- कर्मचारियों को दूसरी जगह नियुक्त किया था, उन्हें फौरन अपने मूल विभाग में रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। राजनीति में सब कुछ जायाज वाली कहावत पर गौर करते हुए इस पर ज्यादा टीकर-टिप्पणी ठीक नहीं, यह भी ठीक है कि दिल्ली को संपन्न, विकसित, आत्मनिर्भर बनाकर राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प जताया। वे सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित व आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिला वोटरों ने राजनीतिक परिदृश्य बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। फलत: राजनीतिक दलों ने महिला मतदाताओं को लुभाने के लिये लुभावनी योजनाएं घोषित की हैं। ऐसी योजनाओं का असर मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड के हालिया चुनावों में देखने को भी मिला है। ऐसे में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने महिला मतदाताओं को यह संदेश देने का प्रयास भी किया है कि महिलाएं उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने महिलाओं को हर माह पच्चीस सौ रुपये देने का वायदा इसी मकसद से किया था। वैसे ऐसी ही घोषणाएं कांग्रेस व आप ने भी की थी। उल्लेखनीय तथ्य है कि भाजपा शासित राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में रेखा गुप्ता पहली महिला मुख्यमंत्री हैं। वहीं दूसरी ओर एक बार उनके चयन से भाजपा ने फिर साबित किया कि संघ व उसके आनुषंगिक संगठनों से आए नेताओं को ही शीर्ष पदों के चयन में वरीयता दी जाती है। वहीं रेखा गुप्ता इस मायने में भाग्यशाली हैं कि वे पहली बार विधायक बनने के बावजूद मुख्यमंत्री का ताज हासिल करने में सफल रही हैं। हालांकि, वह भाजपा के विभिन्न संगठनों में पिछले तीन दशकों से सक्रिय रही हैं और तीन बार दिल्ली नगर निगम पार्षद भी रही हैं। हालांकि, इससे पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाए जाने को लेकर खूब चर्चा रही। इसकी वजह उनकी राजनीतिक विरासत के अलावा, उनका आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को हराना भी था। जनता ने भी उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री की टक्कर का मानकर जिताया। कयास लगाये जा रहे थे कि कई कारणों से नाराज जाट समुदाय को मनाने की कोशिश में उन्हें यह पद मिल सकता है। लेकिन जैसा कि भाजपा की रणनीति रही है, वह राजनीति में परिवारवाद के तमगे से बचने का प्रयास करती रही है। राष्ट्रीय स्तर पर परिवारवाद का विरोध भाजपा का मुख्य एजेंडा भी रहा है। कुछ विवाद भी प्रवेश वर्मा की बयानबाजी को लेकर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक मर्यादा को लांघने वाले रेखा गुप्ता के पुराने ट्वीट भी सोशल मीडिया पर खासे वायरल हो रहे हैं। वैसे तो भाजपा कह सकती है कि डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा देगी, लेकिन नई मुख्यमंत्री को आप सरकार के शैक्षिक सुधारों, मुफ्त बिजली-पानी, मोहल्ला क्लीनिक व अन्य लोककल्याण के कार्यक्रमों के बड़े विकल्प देने होंगे। दिल्ली की जनता लगातार प्रदूषण, जल भराव, विकास, कूड़े के ढेरों तथा ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रही है। पूर्व मुख्य मंत्रियों व एलजी से टकराव के चलते दिल्ली के विकास की गति थम सी गई थी। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें बेटियों की सुरक्षा की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी, ताकि फिर दिल्ली में निर्भया कांड जैसे हादसे न हों। वहीं चुनाव के दौरान भाजपा के प्रमुख एजेंडे में शामिल रही यमुना की सफाई को भी उन्हें अपनी प्राथमिकता बनानी होगी। वहीं उन्हें ध्यान रखना होगा कि भले की आम आदमी पार्टी सत्ता से बाहर हुई हो,लेकिन अच्छे-खासे विधायकों के साथ वह एक मजबूत प्रतिरोधी विपक्ष के रूप में विधानसभा में मौजूद है। दिल्ली के सियासी तापमान के दृष्टिगत सीएम रेखा गुप्ता को भी अपनी सीमाएं/ लक्ष्मण रेखाएं तय करनी होंगी। विपक्ष उनके अनुभव हीन होने का फायदा उठाने की फिराक में लगा रहेगा।

## कांग्रेस की बदौलत दिल्ली में भाजपा सत्ता में आई



कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाधी को बसपा पर उंगुली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांक कर देख लेना चाहिए था, दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा की बी टीम बन कर चुनाव मैदान पर उतरी, जिसके कारण भाजपा को दिल्ली की सत्ता में आने का मौका मिला, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहां बीजेपी सत्ता में आ गई है, वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता, यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए, राहुल गांधी को किसी भी मामले में दूसरों पर व खासकर बीएसपी की प्रमुख पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में भी जरूर झांक कर देखना चाहिए, यह बेहतर होगा।

**मायावती**
**अध्यक्ष, बसपा**

# सर्वसमावेशी संस्कृति का प्रतीक महाकुंभ



**गजेंद्र सिंह शेखावत**

यदि आप भारत के गांव-कस्बों से गुजरें तो ऐसे असंख्य लोग मिल जाएंगे, जो प्रात: स्नान करते समय 'गंगे च यमुने चौव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जले स्मिन संनिधि कुरु।। का मंत्रोच्चार कर रहे होंगे। इस मंत्र का अर्थ है-हे यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु, और कावेरी हमारे जल में उपस्थित होकर इसे पवित्र करो। स्नान के नित्यकर्म में राष्ट्र की सभी पवित्र नदियों का आह्वान यह बताता है कि भारतभूमि के लोगों की नदियों के प्रति कितनी गहरी श्रद्धा है।

विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है। उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं। ये नदियां मां की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं। हम जब भी समस्याओं में उलझे होते हैं तो इन नदी रूपी माताओं के निकट आकर शांति की तलाश करते हैं और अपनी इहलौकिक यात्रा को समाप्त कर पारलौकिक यात्रा के लिए भी इन्हीं नदियों की गोद में पहुंचते हैं। इन नदियों का न केवल हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक जीवन में विलक्षण महत्व है, अपितु ये सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक तथा अन्य कई रूप से भी सहायक मानी जाती हैं।

यही कारण है कि हमारे धार्मिक ग्रंथों में नदियों को माता का दर्जा दिया गया है। ऋग्वेद के नदी सूक्त से लेकर आधुनिक साहित्य तक, नदियों की महिमा को व्यापक रूप से दर्शाया गया है। महाभारत, मत्स्य पुराण, ब्रह्म पुराण और कालिदास के ग्रंथों में भी नदियों की पवित्रता को रेखांकित किया गया है। कुंभ महापर्व, नदियों के महात्म्य का ही महापर्व है, जो विविधतता में एकता प्रदर्शित करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं का सबसे बड़ा पर्व है। यह महापर्व खगोल विज्ञान, आध्यात्मिकता, कर्मकांड की परंपराओं और सामाजिक तथा सांस्कृतिक ज्ञान-विज्ञान की बहुवर्णीयता से सभी को आकर्षित करता है।

अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि भगवान ब्रह्मा ने हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक चार कुंभ स्थापित किए, जिससे यह आयोजन पवित्र माना जाता है। स्कंद पुराण में कुंभ योग बताते हुए कहा गया है 'मेषराशिंगते जीवे मकरे चन्द्र भास्करी। अमावास्या त द ा योग: कुम्भाख्यस्तीर्थनायके।। 'अर्थात' जिस समय बृहस्पति मेष राशि पर स्थित हो तथा चंद्रमा और सूर्य मकर राशि पर हों तो उस समय तीर्थराज प्रयाग में कुंभ-योग होता है।



**विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है, उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं ये नदियां मां की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं**

कुंभ का आयोजन समाज, धर्म और संस्कृति के समन्वय का प्रतीक है। इसमें प्रमुख अखाड़ों के संत, महात्मा और नागा संन्यासी संसार के संपूर्ण कष्टों के निवारण हेतु तथा समाज, राष्ट्र, और धर्म आदि के कल्याण के लिए अमूल्य दिव्य उपदेश प्रदान करते हैं। प्रयाग में कुंभ के तीन प्रमुख स्नान होते हैं।

मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर। इन तीनों स्नानों में सर्वप्रथम स्नान निर्वाणी अखाड़े का, द्वितीय स्नान निरंजनी अखाडे का और तृतीय स्नान जूना अखाड़े का होता है। इसके पश्चात् समस्त संप्रदाय के लोगों का होता है। कुंभ-पर्व की प्राचीनता के संबंध में तो किसी संदेह कीआवश्यकता ही नहीं, किंतु यह बात अवश्य महत्त्वपूर्ण है कि कुंभ मेले का धार्मिक रूप में श्रीगणेश किसने किया ? विद्वानों ने यह सिद्ध किया है कि कुंभ मेले के प्रवर्तक आदि शंकराचार्य हैं। उन्होंने कुंभ-पर्व के प्रचार की व्यवस्था धार्मिक संस्कृति को सुदृढ़ रखने के लिए तथा जगत कल्याण की दृष्टि से की थी। उन्हीं के आदर्शानुसार आज भी कुंभपर्व के चारों सुप्रसिद्ध तीर्थों में सभी संप्रदाय के साधु-महात्मागण देश-काल-परिस्थिति अनुरूप लोककल्याण की दृष्टि से धर्म-रक्षार्थ धर्म का प्रचार करते हैं, जिससे सर्वजन कल्याण होता है।

कुंभ का इतिहास कान्यकुब्ज के शासक सम्राट हर्षवर्धन के साथ भी जुड़ा है। हर्षवर्धन कुंभ के अवसर पर प्रयाग में ही रहकर सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन करते और सभी मतावलंबियों के विचार सुनते थे। धार्मिक सहिष्णुता के साथ-साथ महाराज हर्षवर्धन इस अवसर पर अपनी दानशीलता का भी परिचय देते थे। चीनी यात्री वेनसांग के यात्रा विवरण के अनुसार कुंभ में वह अपना सर्वस्व मुक्तहस्त से दान कर देते थे। सम्राट हर्षवर्धन ने अपना समूचा कोष प्रयाग कुंभ के अवसर पर दान कर दिया। जब दान के लिए कुछ और शेष नहीं रहा, तब उन्होंने अपने वस्त्राभूषण तथा मुकुट तक उतार कर दे दिए। जब शरीर पर वस्त्र भी नहीं बचे तो उनकी बहन राज्यश्री ने उन्हें पहनने के लिए वस्त्र दिए। महाराज हर्षवर्धन के त्याग और दान की यह प्रेरक परंपरा कुंभ में अब तक अक्षुण्ण चली आ रही है।

कुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि इसका वैज्ञानिक और ज्योतिषीय पक्ष भी महत्त्वपूर्ण है। जब सूर्य मकर राशि में और गुरु कुंभ राशि में होते हैं, तब स्नान करने से व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। संगम के जल में प्राकृतिक खनिज और औषधीय गुण होते हैं, जिससे यह स्नान शरीर की शुद्धि का माध्यम बनता है।

करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने के बावजूद यहां आधुनिक तकनीक के प्रयोग और कुशल प्रबंधन ने कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा और व्यवस्थित आयोजन बना दिया है। स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का ऐसा संगम शायद ही कहीं और देखने को मिले। सरकार और प्रशासन ने इसे पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं, जिससे यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है।

# हाई बीपी की समस्या को कंट्रोल करने के लिए करें ये वर्कआउट

**हार्ट हेल्थ**



आज के समय में ज्यादातर लोगों को हाई बीपी की समस्या रहती है। इसलिए ऐसे लोगों को अपनी दवा के साथ खानपान और फिजिकल फिटनेस पर भी उतना ही ध्यान देते हैं। ऐसे में आप बीपी को कंट्रोल करने के लिए डेली रूटीन में कुछ छोटे-छोटे बदलाव करते हैं। साथ ही एक्सरसाइज को रूटीन का हिस्सा बनाने से आपको बीपी कंट्रोल करने में काफी फायदा मिलता है। एक्सरसाइज से आपका दिल मजबूत होता है और ब्लड सर्कुलेशन भी इंप्रूव होता है। साथ ही एक्सरसाइज करने से तनाव कम करने में सहायता मिलती है। आप डेली रूटीन में सिंपल वॉक से लेकर लाइट स्ट्रेच तक कुछ भी कर सकते हैं।

हालांकि इस बात में कोई दोराय नहीं है कि हाई बीपी की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए वर्कआउट बेहद फायदेमंद है। इसलिए आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। हाई बीपी के मरीजों को वर्कआउट रूटीन में कुछ बदलाव करने की जरूरत हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को वर्कआउट करते समय किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

### कोर्डियो वर्कआउट...

अगर किसी व्यक्ति को हाई बीपी की समस्या है, तो आपको कार्डियो वर्कआउट करना चाहिए। इस दौरान इंटेसिटी को मॉडरेट ही रखें। आप स्विमिंग से लेकर ब्रिक्स वॉकिंग और साइकिलिंग आदि कर सकते हैं। वहीं अगर आप कार्डियो एक्सरसाइज करते हैं, तो इससे आपका ब्लड सर्कुलेशन इंप्रूव होता है और एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न होती है। इससे आपको हेल्दी वजन बनाए रखने में सहायता मिलती है। इससे आपका ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है।

### लाइटवेट करें स्ट्रेंथ ट्रेनिंग

बता दें कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को स्ट्रेंथ ट्रेनिंग कभी मिस नहीं करना चाहिए। इसलिए सप्ताह में 2-3 बार आप लाइटवेट के साथ स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करनी चाहिए। आप चाहें तो इसके लिए रेसिस्टेंस बैंड का इस्तेमाल कर सकते हैं। क्योंकि जब आप स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करते हैं, तो इससे मसल्स बिल्डअप में सहायता मिलती है। साथ ही इससे मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है। वहीं ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करना आसान हो जाता है।

### हाइड्रेशन का रखें ख्याल

वैसे तो हर किसी को वर्कआउट करते हुए अपने शरीर के हाइड्रेशन लेवल का ख्याल रखना चाहिए। लेकिन अगर आपको हाई बीपी की समस्या है, तो यह अधिक जरूरी हो जाता है। दरअसल, डिहाइड्रेशन से आपके दिल पर एक्स्ट्रा दबाव पड़ता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है।

# खरपतवारनाशी ग्लायफोसेट से शिशुओं के स्वास्थ्य को खतरा

**स्रोत फीसर्च**

एक हालिया अध्ययन में खरपतवारनाशी ग्लायफोसेट के बढ़ते उपयोग का सम्बंध नवजात शिशुओं के जन्म के समय कम वजन और गर्भावस्था के छोटा होने से देखा गया है। इस रसायन का खेती में खूब उपयोग होता है, खासकर अमेरिका में। यह अध्ययन ओरेगन विश्वविद्यालय के एडवर्ड रुबिन और एमेट रेनियर द्वारा प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइन्सेज में प्रकाशित किया गया है।

शोधकर्ताओं ने 1990 से 2013 के बीच जन्मे एक करोड़ से अधिक नवजात शिशुओं के डैटा का विश्लेषण किया और अलग-अलग जिलों में ग्लायफोसेट के इस्तेमाल की मात्रा का सम्बंध गर्भावस्था अवधि और जन्म के समय वजन से किया। पाया गया कि जिन जिलों में सोयाबीन, मक्का और कपास की जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फसलें उगाई जाती हैं और भारी मात्रा में ग्लायफोसेट छिड़का जाता है, वहां 2005 तक नवजात शिशुओं का औसत वजन 30 ग्राम कम और गर्भावस्था की अवधि 1.5 दिन कम हो गई थी। ये प्रभाव 1996 से पहले नहीं दिखाई दिए थे क्योंकि तब जीएम फसलों का खूब उपयोग शुरू नहीं हुआ था। ग्लायफोसेट-सह फसलें आने के बाद ग्लायफोसेट का अत्यधिक उपयोग शुरू हुआ था। महज अमेरिका में हर साल यह 127000 टन से अधिक छिड़का जाता है। अमेरिकी पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी के अनुसार ग्लायफोसेट का सावधानियों के साथ उपयोग सुरक्षित है, लेकिन कुछ शोध में इसका सम्बंध प्रजनन हार्मोन असंतुलन और अल्प गर्भावधि से देखा गया है।

शोधकर्ताओं के मुताबिक इसके आर्थिक प्रभाव भी गंभीर हैं। जन्म के समय कम वजन और छोटी गर्भावधि का सम्बंध दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं से है, जैसे संज्ञानात्मक विकास में देरी, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, मधुमेह व हृदय रोग। और शोधकर्ताओं का अनुमान है गर्भावधि में मामूली कमी से नवजात की देखभाल, विशेष शिक्षा, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण बीमारी पर खर्च, और प्रभावित व्यक्तियों की कमाई में कमी जैसी समस्याओं से हर साल 1.1 अरब डॉलर से अधिक की हानि होती है।



# साहित्यकार जब चाहता है तो सत्ताएं बदल जाती हैं



**पवन सिंह**

ये हेडलाइन भी लिफाफा पकड़ कवियों की जो भरी कविता जैसे लगी... चीन की चड्डी खैंच देंगे पाकिस्तान की पों निकाल देंगे। अमे. रिका भरेगा पानी अगर हम नदी नहा लेंगे। हमारे देश में कभी एक मौसम हुआ करता था जब साहित्यकार और कवि सत्ताओं के सामने अडिग और निडर होकर कलम के जरिए बात किया करते थे। अब कलम में 'राग तेलाही' की स्याही भरते हैं और सत्ता के कपाल पर कंपकंपी करते हैं। आज के साहित्यकारों और कवियों ने कलम, शब्द और आवाजों को बत्ती बनाकर उसके तैलीयपन से अपने तथाकथित ओज को जलाए रखने में महारथ हासिल कर रखी है। रही बात हेडिंग चेपने की तो इसमें कौन सी जीएसटी लगती है। दरअसल हकीकत तो ये है कि जब सत्ता चाहती है तो साहित्यकार की कलम बदल जाती है। शब्द बदल जाते हैं। शब्दावली बदल जाती है। शब्दार्थ बदल जाते हैं। भाव और अलंकार बदल जाते हैं। कलम रिरियाने लगती है। वह राग दरबारी गाने और लिखने लगती है। इसलिए सत्ताएं जब चाहती हैं तो सुर-ताल-तबला-सरंगी। सब कुछ उसके मुता. बिक ही बदल जाता है।

कौन साहित्यकार है और कौन नहीं पहले समाज तय करता था। अब साहित्यिक ठेकेदार तय करते हैं। नोएडा मीडिया के तथाकथित साहित्यिक सम्मेलन तय करते हैं। सत्ता के साथ गलबहियों का स्तर और सत्ता के साथ गांठ कितनी सालिड जुड़ी है। यह तय करता है। इसलिए मैं अपने विश्वविद्यालय के पुराने दोस्त और मौजूदा उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के उक्त कथन से कदापि सहमति व्यक्त नहीं कर सकता कि साहित्यकार जब चाहता है तो सत्ताएं बदल जाया करती हैं। वर्तमान संदर्भ में यह कथन पूर्णतया अतिशयोक्ति अलंकार से भरा हुआ है। क्योंकि अब साहित्यकार और उसकी कलम मलाई की चाल चलती है। वह मलाई निकालने के खांचे खोदती है और फिर पद, पैसा, प्रतिष्ठान और मंचीय सम्मान से सुशोभित होती है। दरअसल यही आज का सच है। इसे स्वीकार करें न करें। कहते हैं साहित्य समाज का दर्पण होता है लेकिन यह दर्पण कभी हुआ करता था अब तो सब कुछ अर्पण करके साहित्यकार भजन गा रहा है। सब कुछ तुझको अर्पण बस इसी अर्पण और 'कलमीय समर्पण' के भव सागर के संगम में गोता लगा रहा है साहित्यकार! कितने स्वनामधन्य साहित्यकार हैं जो मौजूदा सामा. जिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामरिक विषयों पर कलम को बंदूक बनायें हुए हैं। किसी की हिम्मत नहीं है जो आज के परिवेश का दर्पण बन सके। अब तो दर्पण बने साहित्यकारों को कहीं भी किसी पन्ने पर न तो जगह मिलती है और न ही तथाकथित साहित्यिक सम्मेलनों में मंच क्योंकि आइना दिखाने वाले साहित्यकारों की श्रेणी में नहीं आते। अब साहित्यकार और साहित्यिक मंच सम्मान और पुरस्कार आदान-प्रदान का शानदार गिव एंड टेक का माधयम हैं। इस बार तू मुझको दे अगली बार मैं तुझको दूंगा। वैसे अब तो सम्मानोध पुरस्कारों का बाकायदा एक शानदार बिजनेस है। पैइसा दे पुरस्कृत हो ले। दुबई से अमेरिका तक पुरस्कार ले। सब कुछ झोलझाल चल रहा है। जब चहुंओर पतन सम्मानित हो रही हो रहा हो तो आवाजों को कौन सुने। आवाजें अब नक्कार खाने की तूतियां हैं और ये तूतियां एक ही गीत गा रही है। तू तक तू तक तूतियां हई जमालो फिलहाल तूतियां शहतूत के फल का पंजाबी नाम है, जो मोरस के पेड़ पर उगता है।



# शिक्षा में स्मार्टफोन के प्रचलन से एकाग्रता व हेल्थ खतरे में

शिक्षा में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन के उपयोग और उसके घातक प्रभावों को लेकर दुनियाभर में हलचल है, बड़े शोध एवं अनुसंधान हो रहे हैं, जिनके निष्कर्षों एवं परिणाम को देखते हुए कड़े कदम भी उठाए जा रहे हैं। शोध एवं अध्ययनों के तथ्यों ने चौंकाया भी है एवं चिन्ता में भी डाला है। पाया गया कि जो छात्र अपने फोन के करीब रहकर पढ़ाई करते हैं, उन्हें ध्यान केंद्रित करने में बहुत मुश्किल होती है, भले ही वे इसका उपयोग न कर रहे हों। स्मार्टफोन के उपयोग से नींद की गुणवत्ता कम होने, तनाव बढ़ने, एकाग्रता बाधित होने, स्मृति लोप होने, अवांछित सामग्री का अधिक उपयोग करने, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ने जैसे खतरे उभरें हैं।

इन बढ़ते खतरों को देखते हुए दुनियाभर में कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिसे लेकर, कई देशों में बच्चों की शिक्षा और निजता पर इसके प्रभाव को लेकर बहस जारी है। 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम के अनुसार, 60 शिक्षा प्रणालियों या वैश्विक स्तर पर पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों का 30 प्रतिशत ने विशेष कानूनों या नीतियों के माधयम से 2023 के अंत तक स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत में अभी इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है। सर्वेक्षण के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि डिजिटल शिक्षा और स्मार्टफोन के इस्तेमाल में बच्चों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। यह बदलाव शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रहा है, लेकिन साथ ही इसके साथ कई चुनौतियां भी हैं, डिजिटल शिक्षा को संतुलित और सुरक्षित बनाना आने वाले समय में एक प्रमुख चुनौती है। डिजिटल शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के साथ, यह आवश्यक हो गया है कि स्मार्टफोन और इंटरनेट का सही, संयमपूर्ण और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि बच्चों का विकास सही दिशा में एवं समग्रता से हो। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नए शैक्षिक प्रयोगों में मोबाइल की अपेक्षाओं को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मान. सिक व शारीरिक समस्याएं पैदा कर रहा है। सर्वविदित है कि विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।





शाह टाइम्स

# एक बयान और हड़कंप



शनिवार, 22 फरवरी 2025



## USAID

### कैसे काम करता है




यह संस्था देशों की सरकारों, एनजीओ, प्राइवेट सेक्टर और लोकल समुदायों के साथ काम करती है



इसे अमेरिकी संसद से पैसा मिलता है, जिसे यह अलग प्रोग्राम के लिए इस्तेमाल करती है।

यह हेल्थ, एजुकेशन, आर्थिक विकास, लोकतंत्र और गवर्नेंस और डिजास्टर मैनेजमेंट में मदद करती है।

**100** देशों में लगभग यह संस्था काम करती है, जिनमें अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट प्रमुख हैं।

इसका मकसद अमेरिकी विदेश नीति को आगे बढ़ाना और दुनियाभर के अलग-अलग संकट से जूझना है।

# बाइडेन बदलना चाहते थे मोदी की सरकार!

**नई दिल्ली।** गुरुवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से एक बयान दिया गया। इस बयान के मायने साफ हैं कि कहीं ना कहीं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन भारत की मोदी सरकार को गिराना चाहते थे। इस बयान से अमेरिका तो अमेरिका यहां भारत के राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ गई है। ऐसे में अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर JIO POLITICS में बाइडन भारत को किस रूप में देखते थे क्योंकि अक्सर मीडिया में इस तरह की बातें सामने आती रही हैं कि बाइडन कहीं ना कहीं अंदरखाने पाकिस्तान का समर्थन करते थे।

### 21 मिलियन डॉलर का है मामला

भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए US एड की तरफ से 21 मिलियन डॉलर लगभग 182 करोड़ रुपये खर्च होने थे। इस मामले पर ट्रम्प ने एक बार फिर से सवाल उठाया है और भारतीय चुनावों में संभावित हस्तक्षेप का संकेत दिया है। ट्रम्प ने बुधवार को बड़ा दावा करते हुए सवाल उठाया कि भारत में मतदान बढ़ाने के लिए अमेरिका को 21 मिलियन डॉलर खर्च करने की क्या जरूरत है। उन्होंने अनुमान लगाया कि पिछली बाइडन सरकार की ओर से किसी और को जिताने की कोशिश की जा रही थी। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सरकार इस मुद्दे पर मोदी सरकार से बातचीत करेगी।

### मोदी के दौर से पहले आया बयान

यह बयान तब आया हैजब एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग DOGE ने 16 फरवरी को खुलासा किया कि USAID के तहत भारत में मतदाता टर्नआउट के नाम पर 21 मिलियन डॉलर आवंटित किए थे। साल 2024 के आम चुनावों में, मोदी सरकार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में नहीं आ सकी। उसे सरकार बनाने के लिए अपने एनडीए सहयोगियों का सहारा लेना पड़ा। ज्यादातर एग्जिट पोल बीजेपी को लोकसभा चुनाव में जीतता हुआ दिखा रहे थे। लेकिन 4 जून को आए परिणाम में एक अलग तस्वीर देखने को मिली।

### कोई बाहरी खर्च किसलिए करता है

ट्रम्प ने FII प्रायोरिटी समिट में कहा, हमें भारत में मतदाता टर्नआउट पर +21 मिलियन खर्च करने की आवश्यकता क्यों है? मुझे लगता है कि वे किसी और को जिताने की कोशिश कर रहे थे। हमें भारतीय सरकार को बताना होगा। यह एक पूरी तरह से नया खुलासा है। हमें भारत सरकार को बताना होगा। क्योंकि जब हम सुनते हैं कि रूस ने हमारे देश में दो हजार डॉलर खर्च किया है तो यह हमारे लिए बड़ा मुद्दा बन जाता है।

### पहले भी उठ चुके हैं सवाल

डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले भी 21 मिलियन डॉलर खर्च करने पर सवाल उठाया था। उन्होंने इस मुद्दे के जरिए भारत के टैरिफ पर निशाना भी साधा था।

मंगलवार को ट्रंप ने कहा, 'हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। वे दुनिया के सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक हैं। हम वहां मुश्किल से ही घुस पाते हैं, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा है।



## भारत में बयानबाजियों का दौर शुरू



भारत में इस खुलासे के बाद राजनीतिक दलों में बयानबाजी शुरू हो गई है। भाजपा ने इसे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बाहरी हस्तक्षेप करार दिया और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि यह विदेशी ताकतों द्वारा भारत की चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश थी। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि विदेशी संस्थाओं द्वारा भारतीय संस्थानों में व्यवस्थित घुसपैठ की जा रही है।

**राहुल पर क्या बोली कांग्रेस?**

इसके अलावा, कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा पर यह आरोप लगाया कि वह इस मुद्दे को राजनीतिक हथियार बना रही है। कांग्रेस का कहना है कि अगर विदेशों से कोई मदद दी भी गई है, तो इसकी जांच होनी चाहिए, लेकिन भाजपा इसे राहुल गांधी पर निशाना साधने के लिए इस्तेमाल कर रही है। गौरतलब है कि राहुल गांधी पहले भी कई बार विदेशों में जाकर भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील कर चुके हैं, जिस पर भाजपा ने उन्हें घेरने की कोशिश की थी।

## चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप का आरोप

इस मामले में भारत सरकार की प्रतिक्रिया आनी बाकी है। हालांकि, भाजपा इस मुद्दे को बड़े पैमाने पर उठा रही है और इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता से जोड़ रही है। अब देखना होगा कि मोदी सरकार इस मामले को लेकर अमेरिका से क्या जवाब मांगती है और क्या इसे लेकर कोई औपचारिक कार्रवाई होती है।



**यह हैं कुछ बड़े आंकड़े**

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत को 2.1 करोड़ डॉलर प्रदान करने के उद्देश्य पर सवाल उठाया था। ट्रम्प ने दर्शकों को कुछ उदाहरण दिए कि राष्ट्रपति बनने से पहले उनका पैसा कहां जा रहा था। सूची में भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर शामिल थे। यूएसएड ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग को दी थी यह राशि 16 फरवरी को ट्रंप ने जारी किया था डोजियर। भारत में चुनावी हस्तक्षेप का आरोप भी लगाया।

## अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग ने दी थी जानकारी

मुझे भारत और उसके पीएम का बहुत सम्मान है। DOGE, जो बाइडेन प्रशासन के दौरान अमेरिकी मानवीय फंडिंग में अनियमितताओं की जांच के लिए जिम्मेदार है। उनसे घोषणा की कि उसने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए आवंटित फंड को रद्द कर दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी के सलाहकार संजीव सान्याल ने पहले USAID के खुलासे पर प्रतिक्रिया दी थी और इसे मानव इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताया था।

**बीजेपी ने उठाए थे सवाल**

बीजेपी आईटी सेलप्रमुख अमित मालवीय ने इस मामले में सोशल मीडिया पर लिखा था, यह तेजी से साफ होता जा रहा है कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए ने देश के हितों के विरोधी ताकतों को भारत के संस्थानों में घुसपैठ करने में व्यवस्थित रूप से सक्षम बनाया है, जो हर मौके पर भारत को कमजोर करने की कोशिश करते हैं।

**इस विभाग ने किया खुलासा**

दरअसल, ट्रंप की यह टिप्पणी उस समय आई जब अमेरिकी सरकारी दक्षता विभागने हाल ही में खुलासा किया कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने भारत में वोटिंग टर्नआउट बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर का अनुदान दिया था।

**बांग्लादेश को भी जारी की थी ऐड**

इसी रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि बांग्लादेश में राजनीतिक हालात मजबूत करने के लिए 29 मिलियन डॉलर खर्च किए गए। बांग्लादेश में हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने की साजिश के आरोप लग चुके हैं, जिससे इस रिपोर्ट की गंभीरता और बढ़ जाती है।



## यूक्रेन को भी जारी की गई थी भारी-भरकम राशि

बुधवार को यूक्रेन में चल रहे युद्ध की ओर मुड़ते हुए, ट्रम्प ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की आलोचना की और उन पर संयुक्त राज्य अमेरिका को एक ऐसे युद्ध में अरबों डॉलर निवेश करने के लिए राजी करने का आरोप लगाया, जिसे वे जीत नहीं सकते। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने यूरोप की तुलना में काफी अधिक खर्च किया है, लेकिन कोई वित्तीय लाभ नहीं हुआ है।

**ट्रंप ने जारी किया पूरा बयान**

हमें भारत सरकार को बताना होगा, क्योंकि जब हम सुनते हैं कि रूस ने हमारे देश में लगभग दो हजार डॉलर खर्च किए हैं, तो यह एक बड़ी बात है। उन्होंने दो हजार डॉलर के लिए कुछ इंटरनेट विज्ञापन लिए। यह पूरी तरह से एक बड़ी सफलता है।



झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap
For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्क्रब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोलकर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।
फोन न0- 9756686426